WWW.NAVPRADESH.COM
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
मकर संक्रांति

रायपुर, बुधवार, 14 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-326 अंक- 266 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने से खफा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया में अशांति फैलाने की मानो कसम खा ली है। अब उन्होंने मान न मान मैं तेरा मेहमान की तर्ज पर खुद को वेनेजुएला का स्वयंभू राष्ट्रपति घोषित कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को बला-ए-ताक पर रखकर कई देशों को खुली धमकी दे रहे हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि ये बुड़बक किसी दिन खुद को पूरी दुनिया का ही राष्ट्रपति घोषित न कर दें। ऐसा लगता है कि ये बुढ़ऊ अपनी सनक में खुद तो डूबेगा साथ में और कई देशों को ले डूबेगा।

बस्तर में शांति और सर्वांगीण विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: साय

बस्तर अंचल से सतत संवाद, विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से मजबूत होगा जनविश्वास

नक्सल उन्मूलन के साथ विकास के रोडमैप पर हुई व्यापक चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विकास में लंबे समय से सबसे बड़ी बाधा रहे नक्सलवाद का अंत अब निर्णायक चरण में पहुँच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त नेतृत्व तथा सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाल हो रही है। यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि नक्सलवाद की हिंसक विचारधारा फिर कभी सिर न उठा सके

और इसके लिए बस्तर अंचल से सतत संवाद, विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से लोगों का विश्वास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शासन-प्रशासन पर लोगों का भरोसा सुदृढ़ हो

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल, बिजली और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार अत्यंत आवश्यक है, ताकि दूरस्थ से दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुँचे और शासन-प्रशासन पर लोगों का भरोसा सुदृढ़ हो। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों में स्वस्फूर्त जनभागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के लोग शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

लेफ्ट के गढ़ में सेंध लगाने का प्लान अमित शाह ने संभाली कमान

नई दिल्ली। भाजपा की पहुंच से सबसे दूर रहने वाला दक्षिण भारत का केरल राज्य अब पार्टी की भावी रणनीति का बड़ा केंद्र बन गया है। इस बार के

विधानसभा चुनाव को पार्टी यहां पर बड़ी छलांग लगाने की कोशिश में है, जिसकी कमान खुद गृह मंत्री अमित शाह संभाले हुए हैं। भाजपा ने यहां पर जो कभी नहीं बदला है, वह अब बदलेगा का नारा दिया है। हाल में हुए स्थानीय निकायों के चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम की नगर निगम व दो नगर पालिकाओं में जीत के बाद भाजपा यहां पर काफी उत्साहित है। यही वजह है कि अमित शाह ने अपने हाल के केरल दौरे में कार्यकर्ताओं में जोश को भरा और नारा दिया कि जो कभी नहीं बदला, वह अब बदलेगा। इसके लिए उन्होंने अन्य राज्यों के भी उदाहरण दिए और कहा कि एक समय भाजपा मणिपुर, त्रिपुरा में कहीं नहीं थी, अब वहां सरकारें बना चुकी है। 1984 में लोकसभा में दो सांसद थे, अब लगातार तीन बार से सत्ता में है। चूंकि केरल में वामपंथी दलों के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल चरम पर है, ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश व जनता में विकास की उम्मीदें जगाकर अपने लिए बड़ा सपना देख रही है।

फ्रेडरिक मर्ज ऐतिहासिक अडालज बावडी देखकर हुए प्रभावित

गांधीनगर(वार्ता)। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज गुजरात के गांधीनगर जिले में अडालज गांव स्थित अडालज वाव (बावड़ी) की बनावट देखकर बहुत प्रभावित हुए। श्री फ्रेडरिक मर्ज दुनिया भर में मशहूर ऐतिहासिक अडालज की बावडी की बनावट और नक्काशी के काम से बहुत प्रभावित हुए। इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन, केंद्रीय विदेश मंत्रालय के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल अमित कुमार, गुजरात सरकार के पर्यटन सचिव कुलदीप आर्य, गांधीनगर के म्युनिसिपल कमिश्नर जे.एन. वाघेला, जिला विकास अधिकारी बी.जे. पटेल, डिप्टी चीफ प्रोटोकॉल संकेतसिंह वाघेला, पुरातत्व विभाग के बड़ौदा सर्कल के एसएएएसआई शुभम मजूमदार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कॉन्ट्रेक्ट पर काम करने वालों को सरकारी कर्मचारियों के बराबर हक नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी एजेंसी के जरिए अनुबंध पर नौकरी पाने वाले कर्मचारी सरकारी महकमों/ निकायों के नियमित कर्मचारियों के बराबर समानता का दावा नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने सरकारी महकमों/निकायों के नियमित नौकरी को सार्वजनिक संपत्ति बताया। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि नियमित नियुक्तियां पारदर्शी प्रक्रिया से होती हैं, जिससे सभी योग्य उम्मीदवारों को बराबर मौका मिलता है।

अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा

वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने सोमवार को ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

ग्रीनलैंड पर 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल

अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपट्र्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगर बिल पास हुआ तो ग्रीनलैंड में क्या बदलेगा

- **राष्ट्रपति को विशेष अधिकार मिलेंगे:** बिल पास होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति को कानूनी रूप से जरूरी सभी कदम उठाने का अधिकार मिल जाएगा। इसमें डेनमार्क के साथ बातचीत से लेकर अन्य तरीके शामिल हैं, ताकि ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र में मिलाया जा सके।
- **ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र बनेगा:** अगर क जा सफल हो जाता है, तो ग्रीनलैंड अमेरिकी टेरिटरी बन जाएगा।
- **स्टेटहुड की प्रक्रिया शुरू होगी:** राष्ट्रपति को कांग्रेस को एक रिपोर्ट सौंपनी होगी, जिसमें बताना होगा कि ग्रीनलैंड को 51वां राज्य बनाने के लिए कौन-कौन से फेडरल कानून बदलने होंगे।
- **ग्रीनलैंड का संविधान बनेगा:** इसके बाद ग्रीनलैंड को अपना एक संविधान बनाना होगा, जो अमेरिकी संविधान के अनुरूप हो। संसद इसे मंजूरी देगी और ग्रीनलैंड अमेरिका का पूर्ण राज्य बन सकता है (जैसे अलास्का बना था)।

ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में की जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में दोहराया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इस बात पर जोर दिया कि यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। उन्होंने कहा कोई भी देश जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार कर रहा है उस देश पर यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी और सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। श्री ट्रम्प लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि यदि देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे तो अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस बीच उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तेहरान ने बातचीत के लिए अमेरिका से संपर्क किया है।

भारत ने संभाली ब्रिक्स 2026 की कमान

विदेश मंत्री ने लॉन्च किये आधिकारिक लोगो, वेबसाइट

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत ने मंगलवार को 10 देशों के समूह ब्रिक्स की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की। इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से 'मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा।

महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ: डॉ. जयशंकर ने कहा जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना

डॉ जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधानों को प्रोत्साहित करता है।

ब्लिंकिट ने हटाया '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा

हड़ताल और सरकार के दखल के बाद फैसला

नई दिल्ली/ए.। ब्लिंकिट जैसी क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अब '10 मिनट में डिलीवरी का दावा हटा दिया है। यह बदलाव डिलीवरी बॉयज की हड़ताल और सरकार के दखल के बाद आया है। सरकार के साथ हुई बैठक में ब्लिंकिट के अलावा स्विगी, जोमैटो और जेप्टो ने भी भरोसा दिया है कि वे अब ग्राहकों से समय सीमा का वादा करने वाले विज्ञापन नहीं करेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में इन कंपनियों के टॉप अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए-

-श्रम मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि कंपनियों का बिजनेस मॉडल वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सौम्या चौरसिया को बड़ा झटका जमानत याचिका खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सौम्या

चौरसिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सौम्या चौरसिया की ओर से अग्रिम जमानत की मांग की गई थी। लेकिन एसीबी-ईओडब्ल्यू ने जमानत का विरोध किया था। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि, 16 दिसंबर को ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

आर्मी चीफ बोले- पाकिस्तान बॉर्डर पर 8 आतंकी कैंप एक्टिव

ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगा

नई दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय है जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय है लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है।

स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरमा

जश्न पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह, केबिनेट मंत्री सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

नितिन नवीन की ताजपोशी को बड़ा इवेंट बनाएगी बीजेपी

नई दिल्ली/ए.। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन 20 जनवरी को पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष बन जाएंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कैबिनेट के तमाम मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी दिल्ली आएंगे। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि नितिन नवीन की ताजपोशी धूमधाम के साथ और एक गरिमामय आयोजन में की जाए। ऐसा इसलिए ताकि नितिन नवीन का पार्टी अध्यक्ष के तौर पर

इकबाल कायम हो सके। नितिन नवीन भाजपा की नई पीढ़ी के नेताओं में से हैं और उन्हें पार्टी ने जिम्मेदारी देकर भविष्य की तैयारियों के संकेत दिए हैं।

ऐसे में वरिष्ठ नेताओं के बीच भी उनका कद स्थापित हो सके। इसके लिए खुद पीएम नरेंद्र मोदी उनकी ताजपोशी में मौजूद रहेंगे और पूरी कैबिनेट भी रहेगी। इसके जरिए एक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा कि भाजपा अध्यक्ष का पद संगठन में शीर्ष पर है और भले ही कोई भी नेता उस जिम्मेदारी को संभाल रहा हो। कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद से नितिन नवीन ने भाजपा के तमाम नेताओं से मुलाकात की है। माना जा रहा है कि उन्होंने संगठन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अकेले ही नामांकन करेंगे नितिन, पहले दिन नॉमिनेशन और दूसरे दिन ऐलान

भाजपा सूत्रों का कहना है कि नितिन नवीन अकेले ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करेंगे और चुनाव होने की संभावना न के समान है। माना जा रहा है कि वह 18 या 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे। फिर उनके निर्वाचन की घोषणा होगी और उनके पदभार ग्रहण करने के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी समेत तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। भाजपा फिलहाल खरमास की समाप्ति का इंतजार कर रही है, जो मकर संक्रांति के साथ खत्म होगा।

छत्तीसगढ़ में होंगे आरसीबी के दो मैच

आरसीबी के सीईओ मिले सीएम साय से, होम ग्राउंड बनाने रखा प्रस्ताव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आरसीबी के दो मैच खेले जाएंगे। इसको लेकर आरसीबी के सीईओ ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की है। आईपीएल के दौरान आरसीबी रायपुर में मैच खेलेगी। इसकी जानकारी सीएम श्री साय ने दी है। सीएम साय ने कहा कि आईपीएल जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के मैच छत्तीसगढ़ में होने

से राज्य की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी। साथ ही इससे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि, राज्य सरकार सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी।

मिली जानकारी के अनुसार, आरसीबी के इस सीजन के 2 से 5 मैच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

चंदन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। चंदन पब्लिक स्कूल अम्लेश्वर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले स्कूल के प्राचार्य नीलकंठ वर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना की और कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चंदन पब्लिक स्कूल अम्लेश्वर के बच्चो ने शानदार एक से बढ़कर लगातार प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं नन्हें बच्चों से लेकर क्लास के बड़े बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस सफल कार्यक्रम के पीछे स्कूल के स्टाफका मेहनत साफदिखाई पड़ता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टोपलाल वर्मा, प्रांत संघचालक, छत्तीसगढ़ प्रांत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, दयानंद सोनकर अध्यक्ष - नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर ,ओम प्रकाश साहू उपाध्यक्ष - नगर पालिका परिषद, अमलेश्वर रहे। कार्यक्रम में स्कूल के सभी स्टाफ उपस्थित रहे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालकगण तथा आसपास के लोग कार्यक्रम को देखने के लिए आए हुए थे कार्यक्रम देर शाम तक चला।

कोरबा में एक और किसान ने किया आत्महत्या का प्रयास

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक और किसान ने आत्महत्या का प्रयास किया है। धान खरीदी में विलंब के कारण किसान ने जहर सेवन कर खुदकुशी का प्रयास किया। बैसाखू मरकाम नमक किसान को गंभीर अवस्था में हरदी बाजार स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार झांझ गांव निवासी वैशाखू मरकाम ने हरदी बाजार तहसील के सामने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि, एक दिन पहले धान न बिकने और टोकन न मिलने से नाराज किसान ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। किसान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद कोरबा सांसद ने किसानों की दशा पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि, किसान घर में पड़ा रहा धान पर नहीं बेच पाया था। जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया है। पिछले महीने एक किसान मनबोध गांड़ा धान बेचने के लिए कई दिनों से परेशान था। लेकिन धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल रहा था इसी बात से परेशान होकर उसने ब्लेड से खुद का गला काट लिया। जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के बाग उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।

यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी: नशे में धुत था चालक, घटना के बाद फरार

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में सड़क दुर्घटना की बड़ी खबर सामने आई है। जहां तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। दरअसल, सभी यात्री शादी समरोह से लौट रहे थे, उस वक्त ही यह हादसा हुआ। आपको बता दें कि, इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला बगीचा थाना क्षेत्र के खैरापाठ मोड़ के पास रात 10 बजे की है। जहां तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। आपको बता दें कि, बस में लगभग 50-60 यात्री सवार थे। इस बस का नाम चांदनी है, जो जशपुर से मरंगी तक चलती है। यह हादसा नशे में धुत चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से हुआ। इस हादसे के बाद बस चालक फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है और मामले की गहन जांच में जुट गई है। वहीं 4 जनवरी को बलौदाबाजार जिले के नगर पालिका कार्यालय के सामने सड़क के बीचो-बीच दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान रायपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय आशुतोष गुप्ता के रूप में हुई है, जो अपने परिवार का इकलौता चिराग था। मिली जानकारी के अनुसार, आशुतोष गुप्ता गार्डन चौक में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करता था और रोजाना की तरह अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान नगर पालिका के सामने तेज रफ्तार दो बाइकों की टक्कर हो गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खेत में लगे तार घेरा से टकराई कार, महिला की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम छांदनपुर के पास तेज रफ्तार कार खेत में लगे तार घेरा से टकरा गई, जिससे उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को बसना निवासी हबीब बेग ने बताया कि 9 जनवरी की उसकी मां सईदा बेगम दोपहर करीब 2 बजे भैया नईम बेग के परिवार के साथ उनकी कार क्रमांक सीजी 04 एनई 6614 में पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने पिथौरा जाने निकली थीं। ग्राम छांदनपुर के पास कार अनियंत्रित होकर खेत के मेड़ में लगे तार घेरा पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे सईदा बेगम और भतीजी अमीमा फातिमा को भी चोटें आई। जिन्हें इलाज हेतु बसना के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान सईदा बेगम की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

धान की हेराफेरी और अवैध कारोबार पर प्रशासन लगातार कर रही सख्त कार्रवाई

83 लाख के धान की कमी पर श्याम श्रीएग्रो राइस मिल सील, अवैध धान जब्त

■ **राइस मिल सील करते हुए और दूसरी जगह से अवैध धान भी जब्त**

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में धान की हेराफेरी और अवैध कारोबार पर प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में दतिमा स्थित श्याम श्री एग्रो राइस मिल में भारी अनियमितता पाए जाने पर मिल को सील कर दिया गया है। जांच में करीब 6765 बोरी (लगभग 2706 क्विंटल) धान, जिसकी अनुमानित कीमत 83 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है, कम पाया गया। आपको बता दें कि, कस्टम मिलिंग उपार्जन आदेश की सुसंगत कंडिका के तहत की गई इस कार्रवाई में प्रशासन ने 29574 क्विंटल धान जब्त करते हुए पूरे राइस मिल को सील कर दिया। यह कार्रवाई जिला खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में की गई।

रामनगर धान खरीदी केंद्र में बाहरी धान खपाने की थी तैयारी: दूसरी ओर, जिले में अवैध धान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर धान खरीदी केंद्र में बाहरी धान खपाने की तैयारी कर रहे किसानों पर भी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान एक किसान के दो ट्रैक्टरों से 230 बोरी धान और दूसरे किसान से 35 बोरी धान, कुल 265 बोरी धान जब्त किया गया। जब्त धान की अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। जब्त किए गए धान को विधिवत सुपुर्दगी में लेकर धान खरीदी केंद्र में जमा कराया गया है।

तौल को लेकर किसान और हमालों में जमकर मारपीट

मिली जानकारी के अनुसार, धान बेचने आए किसान और हमालों के बीच तौलाई को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान किसान के बेटे मौके पर पहुंच गए, जिससे विवाद और भड़क गया। बात इतनी बढ़ गई कि, दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई होने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। घटना के बाद हमालों की ओर से किसान के बेटों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सूरजपुर के उमापुर धान खरीदी केंद्र में बवाल: वहीं 13 जनवरी को सूरजपुर जिले के धान खरीदी केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, धान की तौलाई को लेकर किसान और हमाल आपस में भिड़ गए। मामूली कहासूनी देखते ही देखते लात-घूंसे की मारपीट में बदल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन और पुलिस महकमें में हलचल मच गई है। यह पूरा मामला जिले के उमापुर का है।

चालान पर चालान-छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के टोल कैमरों की मनमानी

पचिरा टोल बना कमाई का हथियार, वैध दस्तावेज के बाद भी एक ही गाड़ी का 4 दिन में चार चालान

■ **ई-चालान बना लूट का सिस्टम, चालान के नाम पर वसूली के आरोप**

कोरिया/एमसीबी /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की टोल प्लाजा में लगे अदृश्य कैमरे अब ऑनलाइन ई-चालान व्यवस्था अब आम वाहन मालिकों के लिए राहत नहीं, बल्कि आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना का कारण बनती जा रही है, ताजा मामला एमसीबी जिले की सीमा पर स्थित महाराजा टोल प्लाजा (नागपुर मार्ग) से सामने आया है, जहां एक ही वाहन का लगातार चार दिन तक, एक ही कारण से चालान काटा गया, जबकि वाहन मालिक के पास सभी वैध दस्तावेज मौजूद होने का दावा है, चार दिन में चार चालान का यह मामला केवल एक वाहन मालिक की पीड़ा नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की ई-चालान व्यवस्था की गंभीर खामियों का आईना है, यदि समय रहते इस पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह व्यवस्था सुविधा से ज्यादा भय और अविश्वास का कारण बन जायेगा , आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या छत्तीसगढ़ में ई-चालान

ई-चालान व्यवस्था पर सवाल, वैध बीमा के बावजूद चार दिन में 14 हजार का चालान

ई-चालान प्रणाली कटघरे में जनता में बढ़ता असंतोष।

कानून के लिए है, या आम लोगों से दस्तावेज होने के बावजूद भी जबरन वसूली का जरिया बनता जा रहा है ।

एमसीबी जिले पर महराजपुर टोल प्लाजा व सूरजपुर जिले का पचिरा टोल पलाजे पर लगा कैमरा अब 'कमाई का हथियार' बन गया हैं जो कि दोनों जिले में अब चरचा का विषय बन गया हैं जहाँ सही दस्तावेज होने के बावजूद भी चालान कट रहे , जनता में आक्रोश दोनों जिले पर स्तिथ टोल प्लाजा में इन दिनों वाहन चालकों के साथ हो रही कथित मनमानी ने प्रशासन और टोल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां वाहन चालकों का आरोप है कि सभी वैध दस्तावेज अपडेट होने के बावजूद उनके वाहनों पर चालान काटे जा रहे हैं, और जब वे टोल कर्मियों से सवाल करते हैं तो उन्हें एक ही जवाब मिलता है, सब कुछ ऊपर से है, हमारे हाथ में कुछ नहीं, पचिरा व महराजपुर टोल की स्थिति सिर्फ दो टोल की समस्या नहीं, बल्कि पूरे ई - चालान सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल है, यदि सही कागजात रखने वाला नागरिक भी खुद को असहाय महसूस करे, तो यह व्यवस्था सुशासन नहीं, शोषण का रूप ले लेती है, अब देखने वाली बात यह है कि प्रशासन इस पर संज्ञान लेकर कब सुधार करता है, या फिर जनता को यूं ही ÷कैमरे के नाम पर लूट÷ सहनी पड़ेगी।

पीड़ित वाहन मालिकों का दर्द

पीड़ित वाहन मालिक विशाल सोनी और मिथिलेश राजवाड़े ने बताया कि उनके वाहन के बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र , फिटनेस और अन्य जरूरी दस्तावेज पूरी तरह वैध हैं, इसके बावजूद टोल पार करते समय कैमरा आधारित सिस्टम से चालान जनरेट कर दिया गया, पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने मौके पर ही टोल कर्मचारियों को सभी कागजात दिखाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

ऊपर से आदेश का रटा-रटाया जवाब

टोल कर्मियों द्वारा बार-बार यह कहना कि 'ऊपर से सब तय है', कई सवाल खड़े करता है अगर चालान स्वचालित कैमरा सिस्टम से कट रहा है, तो मानवीय सत्यापन क्यों नहीं ! यदि कैमरा गलत डेटा पकड़ रहा है, तो उसे तुरंत सुधारने की व्यवस्था क्यों नहीं और अगर सब कुछ ऊपर से नियंत्रित है, तो स्थानीय टोल प्रबंधन की जिम्मेदारी क्या है जिसे लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।

कैमरे का उद्देश्य सुधार या उत्पीड़न का जरिया

सरकार द्वारा कैमरा और ऑटो-चालान सिस्टम लागू करने का उद्देश्य पारदर्शिता, मानव हस्तक्षेप में कमी और नियमों का निष्पक्ष पालन था, लेकिन पचिरा व महराजपुर टोल की मौजूदा स्थिति यह संकेत दे रही है कि यह तकनीक अब आम जनता को डराने, बिना जांच-पड़ताल चालान काटने और राजस्व बढ़ाने के आसान साधन के रूप में इस्तेमाल की जा रही है, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो यह व्यवस्था लोगों की सुविधा के लिए नहीं, बल्कि लोग परेशान न हों इसलिए भी नहीं, बल्कि ऊपर बैठे लोग परेशान न हों और खजाना भरता रहे इसी सोच के तहत चलाई जा रही हैं जिस कारण सुनवाई की भी व्यवस्था नही हैं ।

विवेकानंद जयंती पर 140 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महासमुंद द्वारा स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय तथा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 140 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, संघर्ष, राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं उनके विचारों से अवगत कराते हुए आत्मनिर्भर एवं चरित्रवान बनने का संदेश दिया। अन्य अतिथियों ने भी स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आज के युवाओं के लिए प्रासंगिक बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें काव्य पाठ में प्रथम भाग्यवती बाग, द्वितीय कविता ध्रुव, तृतीय छत्रपति कृष्णा साहू। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दिनेश कुमार, द्वितीय कमल चौधरी, तृतीय रजनीश कुमार साहू।

नवापारा में कपड़ा और ज्वेलर्स दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, व्यापारियों में आक्रोश

नवापारा-राजिम। छत्तीसगढ़ के गोबरा नवापारा से चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। जहां कमलेश ज्वेलर्स उत्तमचंद संतोष कुमार वस्त्रालय में चोरी हुई है। लगभग 1 करोड़ का सोना, चांदी और 2 लाख नगदी पार होने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना देर रात की है। सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी मिली। आपको बता दें कि, अज्ञात चोरों ने बेसमेंट से घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर के प्रतिष्ठित सराफा, वस्त्र व्यापारी एकजुट हुए हैं।

पहले भी नकाबपोशों ने की है चोरी: वहीं, पुलिस की गैर जिम्मेदार रवैए को लेकर नगरवासियों में गजब का आक्रोश देखने को मिल रहा है। आपको बता दें कि, विगत दिनों नगर में हथियारबंद नकाबपोश गिरोह का रेकी वीडियो सामने आया था। जिसे लेकर अंदेशा जताया जा रहा है कि, उन्ही नकाबपोशों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। फ़िलहाल, मौके पर पहुंची गोबरा नवापारा पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

दांतेल हाथी का आतंक: कृषि विज्ञान केंद्र में घुसकर मचाई भारी तबाही, वनकर्मियों पर भी किया हमला

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत डूमरबहार इलाके में बीती रात एक जंगली दांतेल हाथी ने जमकर तबाही मचाई। अचानक रिहायशी क्षेत्र में घुसे इस लोनर हाथी ने न केवल लोगों की नींद उड़ा दी, बल्कि कृषि विज्ञान केंद्र में भारी नुकसान पहुंचाया। हाथी की आक्रामक गतिविधियों से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, हाथी ने कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार परिसर में घुसकर मिनी राइस मिल, मुर्गी घर और मुख्य गेट को तोड़ दिया। कई घंटों तक हाथी परिसर में उत्पात मचाता रहा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन गश्त के दौरान हाथी ने वन कर्मियों पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि सभी कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

आसपास के गांवों में भय का माहौल

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, यह हाथी स्वभाव से बेहद आक्रामक है और बीते करीब 11 दिनों से क्षेत्र में अकेले घूमते हुए लगातार उत्पात मचा रहा है। फिलहाल वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। फ़िलहाल, हाथी की मौजूदगी से आसपास के गांवों में भय का माहौल है।

मकर संक्रांति के अवसर पर श्री राजीव लोचन मंदिर में अंतरराष्ट्रीय गायक डॉ सुरेश की होगी भजन संध्या

राजिम/नवप्रदेश। श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में 14 जनवरी को दोपहर 3 से 6 बजे तक मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अंतरराष्ट्रीय गायक डॉ सुरेश ठाकुर का भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर रायपुर के एलबम सिंगर सुश्री कोनिका ठाकुर एवं सुमित ठाकुर का मधुर एवं भावपूर्ण गायन होगा। तबले पर प्रमोद ठाकुर संगत करेंगे। यह भजन संध्या शास्त्री संगीत प्रेमियों एवं भक्तों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांगीतिक अनुभूति प्रदान करेगी । मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शरद चोपकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं उक्त कार्यक्रम श्री राजीव लोचन आञ्जनेय सुंदरकांड भजन संध्या समिति राजिम द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मंदिर के सर्वराकार

चंद्रभान सिंह ठाकुर, वरिष्ठ ट्रस्टी

श्रवण सिंह ठाकुर, बैकुंठ ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पुजारी समिति अध्यक्ष रामकुमार सिंह एवं समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के जिला गरियाबंद अध्यक्ष संतोष सोनकर साथ ही मिडिया प्रभारी तुकाराम कंसारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कवर्धा जिले की भाजपा कार्यकारिणी घोषित

■ **5 उपाध्यक्ष व दो मंत्री समेत 44 पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति**

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा कबीरधाम जिले की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जारी सूची में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न दायित्वों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी द्वारा 12 जनवरी सोमवार को यह सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार परेटन वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, अशोक चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी और जयराम साहू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुकेश ठाकुर और नितेश अग्रवाल को जिला महामंत्री बनाया गया है। जिला मंत्री के रूप में चंदन पटेल, सुमीर पुसाम, दिलीप धृतलहरे, राघवेंद्र वर्मा, उत्तरा साहू और अनिता ध्रुवे को दायित्व सौंपा गया है। वहीं विक्की अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम केशरवानी और युवराज सिंह को जिला सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। संगठनात्मक व्यवस्था के अंतर्गत मनोज गुप्ता को जिला कार्यालय मंत्री, रोशन दुबे को जिला कार्यालय प्रभारी, देवा चौबे और दिनेश चंद्रवंशी को जिला कार्यालय सह-प्रभारी को जिला कार्यालय सह-प्रभारी बनाया गया है।

■ न्यूज गैलरी

खम्हारडीह और गुढ़ियारी में जेवर-नकदी चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पार्वती नगर निवासी एक मजदूर राजू दाते के घर की आलमारी से 17 से 20 दिसंबर के बीच लाखों रुपए के जेवर और सवा लाख कैश की चोरी हो गई। चोर दो हार, एक मंगलसूत्र, दो टॉप्स, दो झुमके, दो बाली और नाक की फुल्ली के साथ एक लाख 20 हजार नकद ले गए हैं। पुलिस ने 1.80 लाख की चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह खम्हारडीह थाना क्षेत्र के भवानी नगर में एक ड्राइवर रामखिलावन निषाद के किराए के घर से आधे-पौन घंटे के भीतर चोर आलमारी का लॉकर तोड़कर सोने की इयररिंग, चांदी की पायल, सिक्के और कपड़े समेत कई दस्तावेज ले गए। 8 जनवरी की रात को साढ़े दस बजे पति-पत्नी दोनों मोहल्ले में परिचित सुखदेव के यहां भोजन करने गए थे। इस दौरान दरवाजे पर केवल कुंडी ही लगी थी। सवा 11 बजे लौटने पर पता चला कि घर में चोरी हो चुकी है।

15 जनवरी को 5 लाख युवा एक साथ करेंगे वंदेमातरम का गायन

रायपुर/नवप्रदेश। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 जनवरी को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में 'वंदेमातरम' गायन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन राजधानी के सुभाष स्टेडियम में होगा, जबकि पूरे संसदीय क्षेत्र के 300 स्कूल-कॉलेजों के 5 लाख छात्र, विधायक, पार्षद, पंच, सरपंच व युवा गान करेंगे। इस मौके पर डाक परिमंडल द्वारा पिक्चर पोस्टकार्ड भी जारी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मंगलवार 13 जनवरी को रात्रि 8 बजे नगर निगम, जिला पंचायत के पदाधिकारी समेत जोन अध्यक्षों, पार्षदों की एक बैठक आहूत की गई है।

पुरानी रंजिश में चाकू से हमला, एक की मौत, एक गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के चलते हत्या और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों एवं विधि के साथ संघर्षरत 1 बालक सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। इस मामले में लोकेश विश्वकर्मा, दिव्यांश ध्रुव, अनुज यादव और आकाश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक, घायल और आरोपी आपस में परिचित थे। दीपावली के दौरान हुए आपसी विवाद के बाद से उनके बीच मनमुटाव चल रहा था। इसी रंजिश के चलते 11 जनवरी 2026 की रात करीब 10.30 बजे, जब मृतक और घायल युवक आरोपी के घर के पास पहुंचे, तभी आरोपी लोकेश विश्वकर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में आदित्य कुर्रे को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अभय सारथी को गंभीर चोटें आने के कारण तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

औचक निरीक्षण : 8 बंडल प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर पालिक निगम आयुक्त विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जोन 6 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ संयुक्त रूप से संतोषी नगर स्थित राज ट्रेडर्स के पास एवं भाठागांव चौक के समीप स्थित दो पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानों से लगभग 8 बंडल प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी एवं संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। दुकान संचालकों को भविष्य में चाइनीज मांझा पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

वार्ड 57 में नाली और पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत जयदेव सतपथी चौक के समीप गंदे पानी की निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। नगर निगम सामान्य निधि से 9 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यह कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक सुनील सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

पर्व : सूर्य बारह राशियों में जब गोचर करता है तब संक्रांति कहलाती है

पंचांग भेद के कारण इस बार मकर संक्रांति मनाई जाएगी दो दिन

रायपुर/नवप्रदेश। तप, स्नान, दान एवं सूर्य उपासना के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण सनातन संस्कृति का अभिन्न पर्व मकर संक्रांति इस साल पंचांग भेद से 14 एवं 15 जनवरी दो दिन मनाया जाएगा। भगवाताचार्य पं. जितेन्द्र शर्मा के अनुसार कुछ पंचांगों में सूर्य मकर राशि में 14 जनवरी को दोपहर 3.05 मिनट पर प्रवेश करेंगे जबकि कुछ पंचांगों में सूर्य मकर राशि में रात्रि 9.13 मिनट में प्रवेश करेंगे, जिस कारण दोनों दिन पुण्य कल प्राप्त होगा।

इस दिन अनुराधा नक्षत्र एवं सौम्य योग रहेगा। ज्योतिषाचार्य, कथावाचक पं. पंकज मिश्रा ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार 14 जनवरी को रात्रि 9 बजकर 19 मिनट पर सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होगा जिसे ही मकर संक्रांति कहा जाता है। और 15 जनवरी को को दानपुण्य का समय रहेगा, इसलिए इसी दिन मनाना उत्तम है। इस दिन पवित्र गंगा यमुना सरस्वती के त्रिवेणी संगम सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान का अत्यंत महत्व होता है। साथ ही सूर्य उपासना की जानी चाहिए। कई प्रदेशों में यह पोंगल, बिहू, उत्तरायण आदि के नाम से मनाई जाती है। सूर्य बारह राशियों में जब गोचर करता है तब संक्रांति कहलाती है उसमें भी जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है तो उत्तरायण एवं जब कर्क राशि में प्रवेश करता है तो दक्षिणायन कहलाती है। इन दोनों संक्रांतियों का विशेष महत्व होता है, पुराणों के अनुसार सूर्य के उत्तरायण होने पर विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य शुभ कार्य प्रारंभ करना अत्यंत शुभ माना जाता हैं। हालांकि कार्तिक एवं अगहन मास में भी ये कार्य किए जाते हैं।

स्नान, दान का महत्व: मेष संक्रान्ति पर गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से पाप आदि का नाश होता है साथ ही इस दिन तिल, वस्त्र, कम्बल, अन्न आदि दान करने से पुण्य की प्राप्त होती है। साथ ही इस दिन खिचड़ी का सेवन करना भी लाभ प्रद होता हैं।

पुण्य कालः 14 जनवरी को दोपहर 3.05 मिनट से 5.37 मिनट तक पुण्य काल रहेगा और दूसरे दिन 15 जनवरी सुबह 6.44 से 12.04 मिनट तक रहेगा।

मकर संक्रांति वाहनादिः संक्रांति का आगमन कुमारी अवस्था में चंदन का लेप लगाकर वाहन वराह, हाथ में तलवार, हरा वस्त्र धारण कर तांबे के पात्र में भिक्षा भक्षण करते हुए हो रहा है।

राशियों का फलः मेष, सिंह, मिथुन, धनु राशि वालों के लिए अशुभ और कर्क, तुला, मकर, वृष, वृश्चिक, कुंभ, कन्या मीन राशि वालों के लिए शुभ है।

मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी की नगरवासियों को शुभकामनाएं

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल एवं लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति लेकर आएं तथा राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में खुशहाली और समृद्धि का वातावरण बने। साथ ही पर्व के अवसर पर जनजीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा का पूर्णतः परित्याग करने की अपील की गई। नगर निगम जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को प्रथम रैंक दिलाने के लिए अधिक से अधिक स्वच्छता फीडबैक देने की भी अपील की।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को सीएम उत्कृष्टता पुरस्कार में दो सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को वर्ष 2025-26 के मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार में दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। विभाग को यह सम्मान अपनी दो महत्वपूर्ण और नवाचार आधारित पहल FDS 2.0 (ई-कुबेर डिजिटल पेमेंट सिस्टम) तथा वन्यजीव (हाथी) ट्रैकिंग एवं अलर्ट प्रणाली के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए दिया गया है।

FDS 2.0 (eKuber डिजिटल पेमेंट सिस्टम) भुगतान व्यवस्था में पारदर्शिता और तेजी स्न्नष्ठस् 2.0 एक आधुनिक डिजिटल भुगतान प्रणाली है, जिसके माध्यम से वन विभाग की सभी वित्तीय गतिविधियाँ ई-कुबेर प्लेटफ़ॉर्म से सीधे जुड़ी हैं। इस व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो गई है, पारदर्शिता बढ़ी है। मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हुई है तथा कार्यों, योजनाओं और कर्मचारियों के भुगतान में गति आई है। इस नवाचार से विभाग के प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ी है और आम नागरिकों से जुड़े भुगतान संबंधी कार्य भी सरल और समयबद्ध हुए हैं।

वन्यजीव (हाथी) ट्रैकिंग एवं अलर्ट प्रणाली मानव-हाथी संघर्ष में राहतः वन विभाग द्वारा विकसित यह प्रणाली आधुनिक तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से हाथियों की गतिविधियों की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है। इस पहल के माध्यम से वन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को समय पर अलर्ट भेजा जाता है, ग्रामीणों को संभावित खतरे से पहले ही सूचना मिल जाती है,मानवङ्क हाथी संघर्ष कम हुआ है, वन्यजीव संरक्षण और ग्रामीण सुरक्षा दोनों को मजबूत सहारा मिला है। यह प्रणाली विभाग के वन्यजीव प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक, सुरक्षित और जनहितकारी बनाती है।

नेतृत्व और टीमवर्क का परिणामः इन दोनों उपलब्धियों के पीछे विभागीय नेतृत्व की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि एसीएस श्रीमती ऋचा शर्मा,पीसीसीएफएवं होएफ्फ्फ श्री श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ़) श्री अरुण पांडे, तथा अधिकारीगण श्रीमती शालिनी, श्रीमती सतोविषा और श्री वरुण का मार्गदर्शन, नवाचार को प्रोत्साहन और कार्य निष्पादन पर विशेष ध्यान प्रशंसनीय रहा। विभाग की पूरी टीम ने मिलकर इन पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप विभाग को दो महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त हुए हैं।

सुशासन और नवाचार को नई दिशाः मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के ये सम्मान दर्शाते हैं कि वन विभाग पारदर्शी शासन, तकनीक-आधारित समाधान, नागरिकङ्क्केंद्रित सेवा तथा प्रभावी वन्यजीव प्रबंधन की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह उपलब्धि विभाग की उस प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है, जिसके माध्यम से वह राज्य में सुशासन, नवाचार और सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देता है।

कार का शीशा तोड़कर 10 लाख कैश और लैपटॉप चोरी

■ सीसीटीवी कैमरे में 4-5 संदिग्ध कैद

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में दिनदहाड़े उठाईगिरी से हड़कंप मच गया है। शातिर चोरों ने कार का शीशा तोड़कर 10 लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान पार कर दिया। घटना गंज थाना क्षेत्र के तेलीबांधा इलाके की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, स्वर्णभूमि विधानसभा रोड निवासी व्यवसायी प्रवेश अग्रवाल ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 4 बजे वे अपनी कार क्रमांक ष्टत्र-04-पीई-9909 से रायपुर कोर्ट गए थे। उनके साथ जीजा प्रखर जिंदल भी थे। कोर्ट और अन्य जगहों पर काम निपटाने के बाद शाम करीब 5.45 बजे वे तेलीबांधा स्थित अपोलो डायग्नोस्टिक क्लिनिक पहुंचे और कार को क्लिनिक के सामने सड़क किनारे खड़ा कर अंदर चले गए। करीब 6.20 बजे जब वे बाहर लौटे तो देखा कि कार के ड्राइवर साइड का पिछला कांच टूटा हुआ है। जांच करने पर पीछे सीट में रखा लैपटॉप बैग और काले रंग का स्लिंग बैग गायब मिला। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए बैग में 500 रुपये के नोटों में कुल 10 लाख रुपये नकद, एक पुराना लेकिन कीमती एप्पल लैपटॉप (कीमत लगभग 1 लाख रुपये), सैमसंग कंपनी का टैब, सेंडिस्क कंपनी की एक्सटर्नल हार्ड डिस्क (करीब 20 हजार रुपये) और स्लिंग बैग में रखे पांच डेबिट व क्रेडिट कार्ड थे। घटना के बाद पीड़ित ने क्लिनिक में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

फुटेज में 4 से 5 संदिग्ध युवक कार के आसपास घूमते नजर आए। इनमें से एक युवक नीली शर्ट पहने हुए कार का कांच तोड़ते और बैग उठाकर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना मिलते ही गंज पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5) और 305(सी) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी दफ्तरों के स्मार्ट मीटर जल्द होंगे प्री-पेड

■ नई व्यवस्था अप्रैल से लागू होने के संकेत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को शीघ्र ही प्री-पेड सिस्टम में बदला जाएगा। छत्तीसगढ़ पावर वितरण कंपनी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं और राज्य शासन से इस संबंध में हरी झंडी भी मिल चुकी है। माना जा रहा है कि नए वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल से सरकारी कनेक्शनों में प्री-पेड स्मार्ट मीटर प्रणाली लागू कर दी जाएगी।

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत कृषि कनेक्शनों को छोड़कर सरकारी, घरेलू और व्यावसायिक सहित अन्य सभी श्रेणियों में प्री-पेड स्मार्ट मीटर सिस्टम लागू किया जाना है। इसी क्रम में प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। ब्लॉक स्तर पर लगभग 99 प्रतिशत सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष दफ्तरों में भी जल्द मीटर लगाए जाएंगे।

योजना हुई तैयारः पावर वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर को प्री-पेड सिस्टम में बदलने की पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। शासन की अनुमति मिल चुकी है और बकाया बिजली बिल की राशि को किस्तों में चुकाने की सुविधा भी दी जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार सरकारी विभागों को बकाया बिल का भुगतान एक वर्ष के भीतर चार किस्तों में करने का विकल्प मिलेगा। गौरतलब है कि सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल का शत-प्रतिशत भुगतान नहीं होने की स्थिति में केंद्र सरकार आरडीएसएस योजना की अगली किस्त जारी नहीं करती, ऐसे में प्री-पेड सिस्टम को जरूरी माना जा रहा है। वहीं घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने की गति अपेक्षाकृत धीमी है। 30 दिसंबर तक की स्थिति में प्रदेश के 55 लाख से अधिक घरेलू कनेक्शनों में से लगभग 32.30 लाख, यानी करीब 58 प्रतिशत कनेक्शनों में ही स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। वर्तमान में हाई प्रिंट, टाटा पावर और जीनस एजेंसियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिनमें टाटा पावर सबसे आगे है और उसने लगभग 86 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है।

घर बैठे कर सकेंगे मोबाइल रिचार्जः प्री-पेड सिस्टम लागू होने के बाद उपभोक्ता मोबाइल के माध्यम से घर बैठे मीटर रिचार्ज कर सकेंगे। फिलहाल घरेलू कनेक्शनों में करीब 42 प्रतिशत स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगना शेष है। प्रदेश में प्री-पेड सिस्टम की शुरुआत सरकारी कनेक्शनों से की जाएगी, जिसके बाद अन्य श्रेणियों में भी इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

रणनीतिक संचार और एआई से जनसंपर्क को मिलेगा नया आयाम

रायपुर/नवप्रदेश। बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रभावी, विश्वसनीय और समयबद्ध संचार आज जनसंपर्क की सबसे बड़ी चुनौती है। इसी दृष्टि से आयोजित जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कौशल संवर्धन कार्यशाला के दूसरे दिन आज रणनीतिक संचार, प्रशासनिक भूमिका और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यावहारिक उपयोग पर व्यापक एवं गहन मंथन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों ने प्रशिक्षण देने आए विशेषज्ञों से सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया। जनसंपर्क विभाग के सभी जिला कार्यालयों में पदस्थ तथा संचालनालय के अधिकारी कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला के समापन सत्र

को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा ने जनसंपर्क अधिकारियों के मीडिया से प्रगाढ़ संबंध स्थापित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और समयानुकूल बताते हुए उम्मीद जताई कि यह व्यावहारिक प्रशिक्षण सभी अधिकारियों की पेशेवर दक्षता बढ़ाएगा। वे आधुनिक तकनीकों और टूल्स के साथ जनसंपर्क के दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने विभाग के अधिकारियों की दक्षता बढ़ाने इस तरह का प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन आज पहले सत्र में 'आज की जनधारा' समाचार पत्र के संपादक तथा जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक श्री सुभाष मिश्रा ने रेस फार्मूला के माध्यम से जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर विस्तार से चर्चा की।

महिला डीएसपी और होटल कारोबारी विवाद की जांच पूरी

पीएचक्यू को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, कड़े एक्शन की तैयारी!

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में लंबे समय से सुर्खियों में रहे महिला डीएसपी कल्पना वर्मा और होटल कारोबारी दीपक उर्फ अंबेडकर टंडन के विवाद में नया मोड़ आ गया है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर चल रही जांच अब पूरी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, जांच रिपोर्ट में पुलिस मुख्यालय से कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

विवाद की जड़ः करोड़ों का लेनदेन और ब्लैकमेलिंग के आरोपः यह मामला केवल दो पक्षों का विवाद नहीं, बल्कि इसमें 2 करोड़ रुपये कैश, लाखों की ज्वेलरी, लग्जरी कार पर कब्जा और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। विवाद तब शुरू हुआ जब डीएसपी के पिता हेमंत वर्मा ने कारोबारी के खिलाफचेक बाउंस की शिकायत की। जवाब में होटल कारोबारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर डीएसपी और उनके परिवार पर प्रताड़ना और अवैध वसूली के आरोप जड़ दिए।

क्या फंस सकती हैं डीएसपी कल्पना वर्मा?

जांच में जिस तरह से पुलिस रेगुलेशन एक्ट का जिक्र और कारोबारी संपर्कों पर टिप्पणी की गई है, उससे विभाग के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। अब गेंद पुलिस मुख्यालय के पाले में है कि वह इस

हाई-प्रोफाइल मामले में क्या स्टैंड लेता है।

जांच रिपोर्ट के 5 मुख्य बिंदु

1. **आय के स्रोत पर सवालः** कोरबा में छोटी सी दुकान चलाने वाले दीपक टंडन के पास होटल कारोबार के लिए करोड़ों रुपये और महंगी कारें कहां से आईं?

2. **संदिग्ध रसूखः** जांच में सामने आया है कि पिछली सरकार के दौरान दीपक टंडन के कई प्रभावशाली अधिकारियों से करीबी संबंध थे।

3. **व्हाट्सएप चैट और रेगुलेशन एक्टः** डीएसपी और उनके परिवार के कारोबारी संपर्कों और वायरल चैट पर भी रिपोर्ट में टिप्पणी की गई है। पुलिस रेगुलेशन एक्ट के उल्लंघन के संकेत मिले हैं।

4. **पिटाई का वीडियोः** सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें कारोबारी को कथित तौर पर पीटा जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि इसकी औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

5. **जल्द कार्रवाईः** आईजी अमरेश मिश्रा ने पुष्टि की है कि जांच पूरी हो चुकी है और रिपोर्ट जल्द ही पीएचक्यू को भेज दी जाएगी।

> कारोबारी और महिला अधिकारी विवाद की शिकायत की जांच की जा चुकी है। जल्द रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को सौंपी जाएगी।
>
> **अमरेश मिश्रा,** आईजी, रायपुर रेंज

सुविचार

हर उस शख्स का शुक्रिया अदा करें जो आपको इस बात का अहसास कराते हैं कि यहां कोई किसी का नहीं होता।

अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे

ऊंट तब तक खुद को सबसे ऊंचा समझने का मुगालता पाले रहता है जब तक वह पहाड़ के नीचे नहीं आ जाता। यही हाल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का है जो खुद को खुदा से भी दो हाथ ऊंचा समझने लगे हैं। सत्ता के मद में चूर होकर वे दुनिया में खलबली मचा रहे हैं। अंतर्राष्टीय कानूनों कीी अंदेखी कर उन्होंने खुद को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित कर दिया है और ईरान को भी लगातार जंग की धमकी दे रहे हैं। डेनमार्क के सबसे बड़े आईलैंड पर भी उन्होंने कब्जा करने की कवायद शुरू कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में जिस तरह अन्य देशों से पंगा मोल लेकर खुद को दुनिया का चौधरी साबित करने में लगे हुए हैं। उन्हें सही मायनों में भारत ने सबक सिखाया है। पहले तो उन्होंने भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाकर अपने सामने झुकाने की कोशिश की भारत को डेड ईकोनोमी बताया और भारत के खिलाफ कई विवादास्पद बयान दिये। लेकिन भारत नहीं झुका तो अब अमेरिका को भारत की ताकत के आगे झुकने पर बाध्य होना पड़ गया है। भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में डोनाल्ड ट्रंप ने जो खतास पैदा की है उसे मिठास में बदलने के लिए उन्होंने अपने बेहद करीबी सर्जियोगोर को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में पदस्थ किया है। सर्जियोगोर ने भारत आकर अपना पदभार संभालने के साथ ही यह बयान दिया है कि अमेरिका के लिए भारत जितना महत्वूर्ण है उतना कोई अन्य देश नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच असली दोस्ती है। दो दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हो जाते हैं लेकिन वे आपसी बातचीत से दूर भी हो जाते हैं। अमेरिकी राजदूत के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील वार्ता अभी भी जारी है और इसमें जिन मुद्दो पर असमति है उसे भी जल्द दूर कर लिया जाएगा। अमेरिकी राजदूत के इस बयान से स्पष्ट हो गया है कि डोनाल्ड ट्रंप को भारत की बढ़ती ताकत का ऐहसास है और अब वे भारत और अमेरिका के रिश्तों के बीच जमीं बर्फ को पिघलाने के इच्छुक हैं। हाल ही में अमेरिका में यह भी कहा है कि भारत वेनेजुएला से कच्चा तेल सकता है। कुल मिलाकर अमेरिका भारत को झुकाने में जब असफल हो गया तो अब उसने भारत के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। इसके बावजूद भारत को डोनाल्ड ट्रंप से सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और होते हैं।

योगेश कुमार गोयल

इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी

उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्ज्वलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।

हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर

उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार

उमा त्रिवेदी

भारत एक ऐसा देश है जिसे 'युवाओं का देश' कहा जाता है। दुनिया की सबसे युवा आबादी हमारे पास है, और यही वह शक्ति है जो भारत को विकासशील से विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न दिखाती है। राष्ट्रीय युवा दिवस हमें याद दिलाता है कि युवाओं के कंधों पर केवल उनकी स्वयं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का भविष्य टिका है। युवा दिवस मनाने का सबसे मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के महान विचारों को युवाओं के जीवन में उतारना है। विवेकानंद मानते थे कि युवा शक्ति ही वह माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उनका प्रसिद्ध नारा–÷उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए÷– आज भी हर उस युवा के लिए मंत्र है जो अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहता है।

आधुनिक दौर में युवाओं की भूमिका

आज का दौर तकनीक और नवाचार (Innovation) का है। भारतीय युवा न केवल खेलों और राजनीति में, बल्कि विज्ञान, स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। चाहे वह सिलिकॉन वैली हो या अंतरिक्ष विज्ञान, भारतीय युवाओं की मेधा का लोहा पूरी दुनिया मान रही है।

चुनौतियाँ और समाधान

हालाँकि, आज के युवाओं के सामने कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। मानसिक तनाव, करियर की अनिश्चितता और सोशल मीडिया के दौर में भटकाव आम समस्याएँ बन गई हैं। ऐसे में युवा दिवस हमें यह सिखाता है कि हमें अपनी ऊर्जा को सही दिशा में केंद्रित करना चाहिए। स्वामी जी के अनुसार, "चरित्र निर्माण" ही सबसे बड़ी शिक्षा है। यदि युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से जागरूक और नैतिक रूप से सुदृढ़ होंगे, तो कोई भी बाधा उन्हें रोक नहीं पाएगी अर्थात ?युवा दिवस महज एक औपचारिक आयोजन नहीं होना चाहिए। यह दिन है संकल्प लेने का–स्वयं को बेहतर बनाने का और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का। यदि हम अपनी ऊर्जा, उत्साह और कल्पनाशीलता का सही उपयोग करें, तो भारत को पुनः 'विश्व गुरु' बनने से कोई नहीं रोक सकता। युवा वह है जो हवाओं के रुख को मोड़ने का साहस रखता है।" आइए, इस युवा दिवस पर हम विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलने का प्रण लें और एक सशक्त भारत का निर्माण करें।

सुशील कुमार लोहानी

कई राज्यों में पीएआई साक्ष्य-आधारित योजना बनाने का एक अहम साधन बन गया है, जिससे पंचायतों को अपने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने में मदद मिल रही है। कर्नाटक, तमिलनाडु, सिक्किम, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में उच्च अंक पाने वाली ग्राम पंचायतों को पंचायत लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जबकि झारखंड, बिहार, केरल, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्य इन पंचायतों के लिए पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के प्रतिनिधियों के लिए विशेष अध्ययन और अनुभव भ्रमण आयोजित कर रहे हैं। अब कई राज्य पीएआई के प्रदर्शन को सम्मान और पुरस्कारों से भी जोड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री योजना के तहत बड़े पुरस्कार दिए जाते हैं; सिक्किम और मध्य प्रदेश में वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाते हैं, जबकि पंजाब, झारखंड, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में उच्च अंक प्राप्त पंचायतों को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाता है।

पंचायत उन्नति सूचकांक : 'स्वच्छ और हरित पंचायत'

भारत के गांवों में एक शांत लेकिन असरदार बदलाव हो रहा है। महाराष्ट्र की एक पंचायत में "महिला-अनुकूल पंचायत" विषय में कम अंक आने पर सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं, वहीं गुजरात के एक गांव में "स्वच्छ और हरित पंचायत" श्रेणी में कमजोर प्रदर्शन के बाद तेजी से स्वच्छता अभियान शुरू किए गए। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) अब यह तय करने लगा है कि जमीनी स्तर पर विकास की योजना कैसे बने और उसे कैसे लागू किया जाए। कई पंचायतों में पीएआई के जरिए सामने आई कमियां जैसे संस्थागत प्रसव की कम संख्या, खराब कचरा प्रबंधन या पानी की कमी के आधार पर सीधे लक्षित कदम उठाए गए हैं।

ये शुरुआती उदाहरण एक सरल लेकिन मजबूत सच्चाई दिखाते हैं-जब पंचायतें अपनी ताकत और कमज़ोरियों को साफ़-साफ़ देख पाती हैं, तो वे ज़्यादा तेज़ी से और सही तरीके से काम करती हैं। कई दशकों तक भारत में ग्रामीण विकास ज़्यादातर हाथ से बनी रिपोर्टों, व्यक्तिगत धारणाओं और राजनीतिक प्राथमिकताओं पर निर्भर रहा। आज पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्रामीण प्रशासन के केंद्र में एक नया मॉडल लेकर आया है, जो पारदर्शी है, आंकड़ों पर आधारित है और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) भारत का पहला देशव्यापी ढांचा है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों की प्रगति को वस्तुनिष्ठ संकेतकों के आधार पर मापा जाता है। इसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, शासन, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचा, पर्यावरणीय स्थिरता आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह मूल्यांकन 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से निकले स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के नौ विषयों के अंतर्गत किया जाता है।

तर्कसंगत रूप से, राष्ट्रीय स्तर पर एसडीजी की प्राप्ति के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यवाही आवश्यक है, जहां पंचायतें अहम भूमिका निभा सकती हैं। इस संदर्भ में, पीएआई ग्रामीण क्षेत्रों में एलएसडीजी और अंततः एसडीजी की प्रगति को मापने और ट्रैक करने के लिए एक साक्ष्य-आधारित व्यवस्था प्रदान करता है। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) की गणना एक मजबूत और बहु-चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है, जिसमें नौ विषयों के अंतर्गत 435 अलग-अलग स्थानीय संकेतकों का उपयोग होता है। पंचायती राज मंत्रालय अन्य मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों से परामर्श कर संकेतकों का ढांचा तैयार करता है, जबकि वास्तविक आंकड़े ग्राम पंचायतों और संबंधित विभागों द्वारा एक साझा पोर्टल pai.gov.in पर ग्राम पंचायत स्तर पर दर्ज किए जाते हैं। इन आंकड़ों का सत्यापन कई प्रशासनिक स्तरों पर किया जाता है, जिसमें ग्राम सभा द्वारा जांच भी शामिल है। प्रत्येक विषय का स्कोर इन संकेतकों के आधार पर 0 से 100 के पैमाने पर तय होता है और इन्हीं से कुल पीएआई स्कोर (0-100) बनता है। इसी कुल स्कोर के आधार पर पंचायतों को तुलना के लिए पाँच श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए किए गए पहले सर्वेक्षण से कई रोचक तथ्य सामने आए। सत्यापित आंकड़े जमा करने वाली 2.16 लाख पंचायतों में से कोई भी पंचायत ÷अचीवर÷ (90 से अधिक अंक) की श्रेणी में नहीं आई। केवल 0.3त्न पंचायतें "फ्रंट रनर" (75-89.99 अंक) रहीं और 35.8त्न पंचायतें "परफॉर्मर" (60-74.99 अंक) की श्रेणी में थी। सबसे अधिक, यानी 61.2त्न पंचायतें "आकांक्षी" (40-59.99 अंक) श्रेणी में रहीं, जबकि 2.7त्न पंचायतें "शुरुआती" (40 से कम अंक) श्रेणी में पाई गई। गुजरात और तेलंगाना जैसे राज्य सबसे अधिक उच्च प्रदर्शन करने वाली पंचायतों के साथ शीर्ष पर रहे।

जमीनी स्तर के शासन को मजबूत करने में इसकी बड़ी क्षमता को देखते हुए, राज्य सरकारें पीएआई अंकों को ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं के माध्यम से विभिन्न हितधारकों तक पहुंचा रही हैं। पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता बढ़ाने के लिए पंचायतों ने अपने कार्यालयों के बाहर पीएआई स्कोरकार्ड लगाना भी शुरू कर दिया है। इसके अलावा, ग्राम सभा की बैठकों के एजेंडे में भी पीएआई अंकों पर चर्चा को शामिल किया जा रहा है। पीएआई की असली ताकत इसके व्यावहारिक उपयोग में है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि गुजरात जैसे राज्य पीएआई अंकों का उपयोग कमजोर ग्राम पंचायतों को विशेष अनुदान देने में कर रहे हैं, ताकि महत्वपूर्ण कमियों को पूरा किया जा सके। सिक्किम ने अपने छठे राज्य वित्त आयोग के तहत प्रदर्शन अनुदान देने के लिए पीएआई स्कोर को एक मानदंड के रूप में अपनाने का निर्णय लिया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1912 - आज ही के दिन रेमंड पोंकारे फ्रांस के प्रधानमंत्री बने थे। 1918 - 14 दिन ही के दिन फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफ कैलाक्स को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 1950 - आज ही के दिन ईरान में मुहम्मद सईद ने सरकार का गठन किया था। 1966 - 14 जनवरी के दिन ही इंडोनेशिया ने राष्ट्रसंघ स्थित अपना मिशन बंद कर दिया था। 1969 - आज ही के दिन भारत के दक्षिणी राज्य मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु किया गया था। 1974 - 14 जनवरी के दिन ही विश्व फुटबाल लीग की स्थापना की गई थी। 1975 - आज ही के दिन सोवियत संघ ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को खत्म किया था। 1982 - 14 जनवरी के दिन ही इंदिरा गांधी ने 20सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी। 1986 - आज ही के दिन ग्वाटेमाला में विनिसियों केरजो 6 वर्षों में पहले असैनिक राष्ट्रपति बने थे। 1986 - 14 जनवरी के दिन मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में संविधान लागू हुआ था।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हमारी -तुम्हारी

हमारी - तुम्हारी यहां दोस्तों अब हर रोज ही तो मुलाकात होंगी ! तुम्हारे मन को , छुए गीत गुन-गुन - गीतों में उल्फत भरी बात होंगी! घेरें निराशाओं के गर अँधेरे, लाऊँगा आशा के,खिल खिल सवेरे, हर बंद में बंद हैं ये दुआएं- अभी तो नई चांदनी रात होंगी हमारी - तुम्हारी फूटें कि अधरों। पे अंकुर हंसी के , तुम्हारे मन में, खिलें गुल खुशी के, यहां उदासी के, आए जो पतझड़ गीतों से फूलो की बरसात होंगी हमारी - तुम्हारी। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

माना सखी मधुमास

माना सखी मधुमास रूठा, जिंदगी की जंग से। अब साँस भी उखड़ी हुई है, छूटती जो अंग से।। है सत्य का ही बोलबाला , क्यों यहाँ झूठे रहें। अब वक्त कितना हाथ में है , छोड़ क्यों रूठे रहें। पित वर्ण से हैं कांपते यह, अंग के पुर्जे सभी । जो रक्त मद्धिम चल रही है, कम जरा खर्चे अभी। क्यों नींद भी दुश्मन बनी है, सिलवटें अब आ रही । यूँ जिंदगी की जंग में बस , उम्र पिछड़ी जा रही ।।

- अर्चना लाल

अधिकांश लोग स्वयं को साहित्य जगत

अधिकांश लोग स्वयं को साहित्य जगत का सबसे बड़ा शुभचिंतक दिखाते हुए, इस लोक की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते पाए जाते हैं। जबकि उनमें से अधिकांश सिर्फ और सिर्फ विचारधारा के आधार पर अपनी सोच व्यक्त करते हैं। ऐसे लोगों को कोई बता दे कि जिस दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते पाए जाते हैं , उसकी वजह आप जैसे लोग ही होते हैं। - **मीनाक्षी सिंह**

क्यों हो जाऊँ जटिल, ये द्वंद्व , ये जाल,

क्यों हो जाऊँ जटिल, ये द्वंद्व , ये जाल, क्यों क्यों दिखूँ वैसा जैसा हूँ नहीं मैं। परमात्मा ने बनाया है जैसा रत्ती भर भी हेर फेर क्यों करूँ उसमें क्यों ना संपूर्ण नग्नता में अपने को स्वीकार करूँ। जैसा था, वैसा हूँ और रहूँ वैसा ही तो अच्छा। हाहाहा सीधा साधा सच्चा। - **राकेश मिश्रा**

आपके पास ज्ञान है तो आप ज्ञानी हैं

आपके पास ज्ञान है तो आप ज्ञानी हैं... आपके पास ज्ञान के साथ

अहंकार है तो आप रावण हैं.... आपके पास ज्ञान के साथ शालीनता है तो आप राम हैं.... यह आपको तय करना है कि आप क्या हैं.... - **अलका अग्रवाल**

वो निडर है वो जिधर है वो मुखर है

वो निडर है वो जिधर है वो मुखर है उसे खबर है कि वो सत्य है । वो अडिग है वो सजग है वो स्पष्ट है वो स्वतंत्र है क्योंकि वो सत्य है । वो दयालु है वो आस्तिक है वो पथिक है वो भीड़ का हिस्सा है पर वो अकेला है क्योंकि वो सत्यनिष्ठ है एक सत्यनिष्ठ की आत्मकथा । - **पूनम झा**

टहनियों से झांकती गुलाब का फूल

टहनियों से झांकती गुलाब ..का फूल पुराने हो गए टहनी फिर भी कपोलों में उत्कर्ष है खिलकर गुलाब उम्मीद की दे रही संदेश महक उठी है बगिया रंग - गंध लेकर उल्लास है चहूं ओर है विश्वास भरी है टहनियों में फिर खिली है गुलाब मन को लुभा रही है फिर मन में जगी है आस टहनियों से झांकती गुलाब जीवन के मर्म की दे रही सबक। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन सेहत के लिये प्रतिकूल रहेगा भाग दौड़ भरी दिनचर्या और असंयमित खान-पान के कारण स्थिति ज्यादा बिगड़ सकती है।

वृषः आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा स्वार्थ सिद्धि की भावना प्रबल रहेगी अपना काम साधने के लिये दूसरे का बिगाड़ने से भी नही चूकेंगे।

मिथुनः आज का दिन आरम्भ में शुभ फलदायक रहेगा मन मे जो भी सोचेंगे थोड़ा बहुत कम ही सही लेकिन मिलेगा जरूर दिनचर्या आज उथल पुथल ही रहेगी।

कर्कः आज के दिन आपकी दिनचर्या और स्वभाव में सुधार आएगा पिछली गलतियों से सीख लेंगे लेकिन हम की भावना आज भी बनी रहेगी।

सिंहः आज के दिन मानसिक रूप से दुविधा बनी रहेगी जिस कार्य को करना चाहिये उसे ना कर व्यर्थ के कामो में उलझेंगे। अपने काम छोड़ पराये कामो में टांग अड़ाने से अपमानित भी हो सकते है। इच्छापूर्ति पर खर्च होगा।

कन्याः आप आज का दिन सुख शांति से बिताएंगे दिन के आरंभ से ही किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा झंझट में पड़ने से बचेंगे मन भी आज काम के प्रति कम ही समर्पित रहेगा ।

तुलाः आज का दिन अस्त व्यस्त रहेगा दिन को व्यवस्थित करने का प्रयास भी करेंगे लेकिन सफल नही हो सकेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आकस्मिक लाभ वाला है लेकिन आज आपका ध्यान मौज मस्ती में अधिक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज पिछले कुछ दिनों से चल रही सुस्ती टूटेगी।

धनुः आज के दिन परिस्थितियां हानिकारक बन रही है कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह विचार करे या अनुभवी की सलाह अवश्य लें संभव हो तो आज टालना भी बेहतर ही रहेगा।

मकरः आज के दिन आपके जन सम्पर्क में वृद्धि होगी सामाजिक दायरा बढ़ाने से इसका भविष्य में कुछ ना कुछ लाभ अवश्य मिलेगा लोगो मे आपकी छवि क्रोधी अथवा स्वार्थी जैसी बनेगी लेकिन आज लोग स्वयं ही मतलब से व्यवहार बनायेगे।

कुंभः आज का दिन शुभ रहेगा भविष्य की चिंता आज कम ही रहेगी। आज आपका मन पुरानी बातों में खोया रहेगा कुछ समय के लिए पुराने दिन को याद कर भावुक भी होंगे। कार्य क्षेत्र पर आज जो भी करेंगे उसमे सफलता अवश्य मिलेगी आज वैसे तो ज्यादा भाग दौड़ के पक्ष में नही रहेंगे लेकिन जस काम को आरम्भ करेंगे।

मीनः आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा शांतिदायक रहेगा। आज आपकी धार्मिक भावनाओं का उदय होगा घर मे पूजा के प्रसंग बनेंगे।

QUIZ TIME

1) भारत के पहले पूर्णतः कागज रहित जिला न्यायालय का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है?

2) महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम क्या रखा गया है?

3) कोग्निवेरा अंतर्राष्ट्रीय पोलो का 2025 का खिताब हाल ही किसने जीता है?

4) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किस राज्य सरकार को सारंडा जंगल को वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित करने का निर्देश दिया गया है?

5) के मातंगी रामकृष्णन का हाल ही में देहांत हो गया, उन्हें किस वर्ष पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) छत्रपति संभाजीनगर (3) भारत (4) झारखंड (5) 2002

पहेली

शब्द सामर्थ्य -285

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 19 जनवरी को

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 19 जनवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 3.30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में गौण खनिज की समीक्षा व जिला पंचायत के आय-व्यय का अनुमोदन करने पर चर्चा की जाएगी।

टाउनशिप से अनाधिकृत होर्डिंग्स हटाए गए, प्रवर्तन अनुभाग द्वारा विशेष अभियान

भिलाई/ नवप्रदेश। टाउनशिप के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों के आसपास अनाधिकृत होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर्स सहित अन्य प्रचार सामग्री हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सुरक्षा और स्वच्छता की दृष्टि से ये अनाधिकृत प्रचार सामग्रियाँ न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रही थीं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी बढ़ा रही थीं। ये सामग्रियाँ सुनियोजित टाउनशिप के स्वच्छता और सौंदर्य मानकों को प्रभावित कर रही थीं। नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाया गया। अभियान को सफल बनाने में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों का सहयोग मिला। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता के मानक स्तर को निरंतर बनाए रखने टाउनशिप के सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अनाधिकृत प्रचार सामग्री न लगाने की अपील की गई है।

ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

दुर्ग/ नवप्रदेश। मोहन नगर थाना क्षेत्र में उरला फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। गत दिवस सुबह ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में शव मिलने की सूचना पर मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई प्रतीत हो रही है। हालांकि, यह दुर्घटना है या आत्महत्या इस संबंध में पुलिस ने अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कार्यस्थल नैतिकता पर पुस्तक के लिए पुष्पा एम्ब्रोस को आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड

भिलाई/ नवप्रदेश। बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 की महाप्रबंधक व लेखिका पुष्पा एम्ब्रोस को उनकी पुस्तक 'फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस' के लिए वर्ष 2025 का आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। रायपुर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा प्रदान किया गया, जो सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण व गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी गैर-लाभकारी संस्था है। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। कार्यक्रम में उद्योग, सुरक्षा और शैक्षणिक जगत से जुड़े अनेक वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित थे। आईएसईआई द्वारा यह एक्सीलेंस अवार्ड सुरक्षा, नैतिकता और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। पुष्पा एम्ब्रोस को मिला यह सम्मान संस्थान के उस व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है, जिसमें तकनीकी सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ मानवीय मूल्यों के समन्वय पर विशेष बल दिया जाता है।

विकास कार्यों हेतु 29.40 लाख स्वीकृत

दुर्ग/ नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 29.40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सहायक अभियंता (ग्रामीण-1) सीएसपीडीसीएल दुर्ग के माध्यम से ग्राम रिसामा में ठाकुर देवता चिरपोटी और कातरो नाला तक और विभिन्न स्थलों पर विद्युत वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार और पोल शिफ्टिंग कार्य हेतु 7.90 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग के माध्यम से भिलाई खुर्सीपार जोन-2 के बापू नगर (वार्ड क्रमांक 44) में सामुदायिक कार्य शेड, बैठने हेतु ढका हुआ क्षेत्र और रसोई निर्माण के लिए 8 लाख रुपए और शास्त्री नगर (वार्ड क्रमांक 50) स्थित श्री वेद माता गायत्री प्रज्ञापीठ में ट्यूबवेल और बोरवेल खनन कार्य हेतु 1.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रिसाली के प्रगति नगर में सरस्वती कुंज के पास (कबीर पूर्णिमा समिति) सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 12 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

आयुक्त ने वैशाली नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण

भिलाई / नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शांति नगर क्षेत्र का सुबह भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान त्रिकोणा उद्यान, नवीन डामरीकरण रोड, प्रस्तावित सड़क निर्माण सहित साफ सफाई का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड 14 शांति नगर क्षेत्र में स्थित त्रिकोणा उद्यान का निरीक्षण किया। उद्यान में साफ-सफाई, सिंचाई व प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया। मोहल्ले के नागरिकों से उद्यान रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। दिगम्बर जैन मंदिर के पास नागरिकों और मोहल्लेवासियों को सुगम यातायात की सुविधा देने यहां सड़क डामरीकरण किया गया है। आयुक्त ने सड़क का अवलोकन किया। शिव मंदिर कालोनी में स्थानीय नागरिकों ने सड़क बनाने की मांग की है। यहां सड़क निर्माण प्रस्तावित है। आयुक्त ने कार्यवाही पूर्ण कर कार्य कराने के निर्देश दिये।

वोटर्स सर्विस पोर्टल' से अपलोड कर सकते है मतदाता सूची सुधार के दस्तावेज

वोटर लिस्ट में त्रुटि सुधार करने 82 स्थानों पर सुनवाई

■ **घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल पर भी कर सकते हैं सत्यापन**

दुर्ग/ नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया था। इसके अंतर्गत 'नो मैपिंग' और 'लॉजिकल विसंगतियों/त्रुटियों (लॉजिकल डिस्क्रेपेन्सी/एरर)' वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। वर्तमान में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा इन नोटिसों पर सुनवाई का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। जिले में विधानसभावार कुल 82 अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं, जहां 5 जनवरी 2026 से निरंतर सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। सुनवाई के दौरान मतदाताओं से त्रुटि सुधार हेतु आवश्यक प्रमाणक दस्तावेज लेकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन विकल्प भी प्रदान किया है। ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी किया गया है, वे आयोग की वेबसाइट पर जाकर स्वयं अपने दस्तावेजों को अपलोड कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, जिससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी।

दुर्ग एमआईसी बैठक में 135 करोड़ के विकास कार्य मंजूर

दुर्ग/ नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सभी एमआईसी सदस्य उपस्थिति रहे। बैठक में शहर के समग्र विकास को गति देने लगभग 135 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इन विकास प्रस्तावों को अनुमोदन के लिये शासन को भेजा जाएगा।

बैठक में अधोसंरचना मद एवं नगरोत्थान योजना अंतर्गत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। साइंस कॉलेज के पास केनाल रोड का निर्माण, धमधा मार्ग से रायपुर नाका अंडरब्रिज तक सड़क चौड़ीकरण, राजेन्द्र पार्क चौक से अंडरब्रिज और आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण के कार्य शामिल है। इसके अलावा गुण्डरदेही रोड से पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण, नालंदा परिसर पहुंच मार्ग, उरला मार्ग से एसटीपी तक सड़क निर्माण, विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण, फिल्टर प्लांट व इंटेकवेल उन्नयन और मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि इन विकास कार्यों से शहर की यातायात व्यवस्था, जल निकासी, पार्किंग व्यवस्था समेत नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा। बैठक में 26 जनवरी को उपादान राशि चेक वितरण और अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता सुनीता वर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी, कार्यपालन अभियंता मो. सलीम सिद्दीकी, सुरेश केवलानी, रेवाराम मनु, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अभ्युदय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक मिला, दुकान संचालकों पर 10,500 रु जुर्माना: नगर निगम की टीम ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान जारी रखते हुए आज इंदिरा मार्केट में पांच दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर जुर्माना वसूल किया। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार विभाग व अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में टीम ने आज इंदिरा मार्केट क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और फल ठेला में जांच की। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर जप्त किया गया। 5 दुकानों से 10500 रुपये का चालान वसूल किया गया। दोबारा जांच के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

चाइनीज मांझा जब्त कर निगम ने वसूला जुर्माना

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार और बाजार सहायक विभाग ईश्वर वर्मा ने सोलंकी स्टोर्स व सन्नी पतंग स्टोर्स में चाइनीज मांझा मिलने पर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की है। दोनों दुकानों से प्रतिबंधित मांझा भी जब्त किया गया। निगम प्रशासन द्वारा चाइनीज मांझा बिक्री पर नजर रखने के साथ ही लगातार कार्रवाई की जा रही है।

बीएसपी के एसएमएस-2 में भीषण आग लगी

■ **करोड़ों के नुकसान की आशंका, प्रोडक्शन बंद**

■ **जमीन पर फैल गया हॉट मेटल, केबल जलकर खाक**

भिलाई / नवप्रदेश। बीएसपी में सोमवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में आग लगने से करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने से हॉट मेटल जमीन पर फैल गया। केबल जलकर खाक हो गए। भीषण आग आधी रात के बाद तक धधकती रही। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के बाद प्रोडक्शन को फिलहाल बंद कर दिया गया है। हॉट मेटल बिखरने के कारण वहां बिछे केबल जलने लगे। देखते ही देखते आग फैलने लगी। केबल में आग लगने से बिजली सप्लाई भी बाधित हो गई। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की टीम को काफी मशक्कत करना पड़ा। बिजली गुल होने के कारण भी दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी परेशानी हुई।

बीएसपी कर्मियों ने बताया कि आग की चपेट में कर्मचारियों के लिए बनाए गए लॉकर भी आ गए। कई लॉकर पूरी तरह जल गए, जिससे कर्मचारियों का निजी सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के दौरान कुछ लॉकरों को तोडऩा पड़ा। घटना के समय लगातार ब्लास्ट की आवाजें सुनाई देती रहीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। सबसे पहले एसएमएस-2 के कन्वर्टर नंबर-2 में आग लगी। इसके बाद कन्वर्टर नंबर-1 और 3 भी आग की चपेट में आ गए।

जीवन में संतुष्ट रहें, जीवन की परीक्षा अकेले देना है, मन शांत रखें: आशा दीदी

■ **परीक्षा की तैयारी - मन की शक्ति से विजय**

भिलाई/ नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली, मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में कक्षा 8 वीं से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर एक सब्जेक्ट का स्पेशलिस्ट टीचर होता है। वो कितना भी अच्छा पढ़ाए, एक्जाम में आने वाला आईएमपी क्योशचन बताए, लेकिन उसे पढने़ के साथ 3 घंटे के एग्जाम में आपको ही लिखना होगा। उस समय हमारा मन पढ़े हुए को स्मृति में लाता है। ठीक इसी प्रकार जीवन में भी परिस्थितियों रूपी परीक्षाओं में भी मन का शांत और एकाग्र रहना आवश्यक है। जीवन रूपी परीक्षाओं को भी हमें अकेले देना होता है। इसलिए आप सभी अपनी श्रेष्ठ तकदीर की स्मृति द्वारा अपने समर्थ स्वरूप का अभ्यास करे। सीखो, पढ़ो, अप्लाई करो। जीवन में सदा संतुष्ट रहें। माता-पिता से महंगे मोबाइल, लेपटॉप, कम्प्यूटर की डिमांड न करें। सन्तुष्टता सदा सर्व प्राप्ति सम्पन्न है, क्योंकि जहाँ सन्तुष्टता है वहाँ अप्राप्त कोई वस्तु नहीं। जहाँ सन्तुष्टता है वहाँ और विशेषताएं स्वतः ही आ जाती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे मुख से बोल ऐसे निकलें कि मानो फूलों की वर्षा हो रही है। मीठे बोल, मुस्कराता चेहरा, मीठी वृत्ति, मीठी दृष्टि, मीठा सम्बन्ध-सम्पर्क यह भी लक्ष्य प्राप्ति सफलता का साधन है। स्वयं के टीचर खुद बनो तो सर्व कमजोरियां स्वतः समाप्त हो जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास के साथ-साथ उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कर जीवन में सफलता की दिशा देना है।

उतई के प्रोफेसर पति-पत्नी ने छात्रों के एडमिशन फीस का गबन किया

भिलाई / नवप्रदेश। जिले के उतई में प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रोफेसर पति-पत्नी ने लाखों रुपए का गबन किया है। यहां पदस्थ दो असिस्टेंट प्रोफेसरों ने 12 छात्रों से एडमिशन की फीस लेने के बाद कॉलेज के खाते में जमा नहीं किया। यह रकम उन्होंने अपने निजी खाते में डिपॉजिट कराया। छात्रों से कुल 3 लाख 45 हजार रुपए लिए गए। कॉलेज की प्राचार्य सीमा कश्यप ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शिकायत के 10 महीने बाद अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

जिले के उतई महेकाखुर्द के प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्य सीमा कश्यप ने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में बताया गया कि कॉलेज में सत्र 2023 में नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर सागर शर्मा और उनकी पत्नी गुरदीप कौर शर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए छात्रों से कॉलेज के नाम पर फीस की राशि वसूल की। प्रथम वर्ष के 6 छात्रों से प्रति छात्र 20 हजार रुपए नगद राशि ली गई। राशि कॉलेज के खाते में जमा नहीं की गई। छात्रों को रसीद भी नहीं दी गई। फरवरी 2025 में कॉलेज द्वारा छात्रों से फीस जमा करने कहा गया। इसके बाद छात्रों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

बाद में पता चला कि सत्र 2024 के 6 अन्य छात्रों से भी फीस की राशि अनुचित तरीके से आरोपियों ने अपने निजी खातों व अपने भाई के खाते में यूपीआई के माध्यम से जमा कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने सीनियर फैकल्टी सदस्यों की 3 सदस्यीय जांच समिति गठित की। समिति ने 24 फरवरी 2025 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें सागर शर्मा और गुरदीप कौर शर्मा को दोषी पाया गया।

समिति की अनुशंसा पर आरोपियों को तीन दिन के भीतर छात्रों से ली गई पूरी फीस कॉलेज को लौटाने के निर्देश दिए गए। आरोपियों ने कुल 3 लाख 45 हजार रुपए में से केवल 1 लाख 95 हजार रुपए ही वापस किए। शेष राशि जमा नहीं की गई। कॉलेज प्रबंधन द्वारा 6 मार्च 2025 को थाना उतई में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद 12 मई 2025 को भी शिकायत सौंपी गई। ठोस कार्रवाई न होने पर प्राचार्य सीमा कश्यप कोर्ट पहुंची। न्यायालय ने माना कि आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर छात्रों से फीस वसूली की और उसे कॉलेज के खाते में जमा न कर निजी उपयोग में लिया।

सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों के लिए नि:शुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन

भिलाई / नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को भिलाई के सेक्टर 10 में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र क्षेत्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के रूप में स्थापित किया गया है। यह केंद्र सेक्टर 10 के मेंटेनेंस ऑफिस परिसर में स्थित है।

स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र का संचालन सेवा फाउंडेशन द्वारा ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत संचालित यह परियोजना क्षेत्र के पीड़ित व जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक प्रयास है, जिससे उनके उपचार की प्रक्रिया को गति मिलेगी। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज़्म और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों के दर्द को समझते हुए उनके लिए कार्य करना अत्यंत मानवीय व प्रशंसनीय है। उन्होंने सेवा फाउंडेशन और ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किए गए इस प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केन्द्र पीड़ित बच्चों की सेवा के संकल्प का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने सभी से इस मानवीय प्रयास में आवश्यकता अनुरूप सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एसके जैन ने संस्था द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सेवा फाउंडेशन निरंतर जनकल्याण के उद्देश्यों के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (व्यवसायिक उत्कृष्टता) शिवराजन नायर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लगभग तीन वर्षों के सतत परिश्रम का परिणाम है और इसके सफल क्रियान्वयन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

देर से आते हैं शिक्षक, सड़क पर खड़े रहे प्राइमरी के बच्चे

भिलाई / नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपार के प्राइमरी स्कूल स्टाफ की लेटलतीफी से छात्र और उनके पैरेंट्स परेशान हैं। मंगलवार को सुबह पैरेंट्स ने इस मामले को लेकर जमकर नाराजगी जताई। लेटलतीफी और स्कूल का गेट समय पर न खुलने के कारण छोटे बच्चे सड़क पर खड़े रहते हैं। देर तक कोई शिक्षक व स्टाफ नहीं पहुंचा। सड़क किनारे खड़े बच्चों के साथ दुर्घटना होने की आशंका को लेकर पैरेंट्स ने नाराजगी जताई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक स्कूल का गेट न खुलने पर पालकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने स्कूल के बाहर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। पालकों का कहना है कि प्राइमरी के बच्चे बेहद छोटे होते हैं। ऐसे में सड़क पर खड़ा रहना उनके लिए खतरनाक है। अगर एक्सीडेंट हो जाए या बच्चा गायब हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? स्कूल खुलने का समय सुबह 8 बजे निर्धारित है। इसके बावजूद स्कूल का गेट तय समय पर नहीं खोला गया। बच्चों के माता पिता का कहना है कि यह समस्या रोज की है। शिक्षक अक्सर आधा से एक घंटे तक देर से पहुंचते हैं। ठंड के कारण स्कूल खुलने का समय बढ़ाया गया है।

पहले रेत, अब पानी में कीट-पतंग: शुद्ध जलापूर्ति पर गंभीर सवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर की जलापूर्ति व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पहले रेत की सप्लाई को लेकर विवाद उठा और

अब नलों से आ रहे पानी में कीट-पतंग मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। इससे नागरिकों में आक्रोश और स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। आरोप है कि जिस कंपनी को पहले अनियमितताओं के चलते काम से बाहर किया गया था, उसी भगोड़ी कंपनी को दोबारा जिम्मेदारी सौंप दी गई। जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि उन्होंने पहले ही इस फैसले के दुष्परिणामों को लेकर चेताया था, लेकिन अनदेखी की गई। अब स्थिति यह है कि कभी रेत की सप्लाई पर सवाल उठते हैं तो कभी पीने के पानी की गुणवत्ता पर। आरोप यह भी है कि अपनी नाकामी छिपाने के लिए संबंधित कंपनी निगम पर ही दोष मढ़ने की तैयारी में है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी कंपनी को किसके संरक्षण में दोबारा काम दिया गया और जनता के स्वास्थ्य से यह खिलवाड़ कब तक जारी रहेगा? नागरिकों ने दोषियों पर तत्काल कार्रवाई और शुद्ध जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर कबीरधाम जिले में संचालित विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण व शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हैं, उन सभी का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण की प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और आवासों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर मकान उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले में कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएँ। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों, विद्यालयों और विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर कार्ड निर्माण की प्रक्रिया तेज गति से की जा रही है। पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के नागरिकों को इस योजना के लाभ और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव-गांव में प्रचार-प्रसार बढ़ाएँ, नागरिकों को सोलर पैनल लगाने प्रेरित करें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से दो सड़कों का आज होगा भूमिपूजन

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय

शर्मा के विशेष प्रयासों से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़कों का भूमिपूजन 14 जनवरी को किया जाएगा। यह विकास कार्य क्षेत्र के ग्रामीण परिवहन, आवागमन सुविधा और समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बासिनझोरी की सड़क का निर्माण स्वीकृत किया गया है। यह सड़क 3.43 किलोमीटर लंबी होगी, जिसके निर्माण के लिए 1 करोड़ 44 लाख 86 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही ग्राम बम्हनी में गौरवपथ योजना के तहत सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। इस कार्य के लिए 41 लाख 65 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन व आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

अवैध कॉलोनियों पर कांग्रेस का कड़ा प्रहार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र में तेजी से फल-फूल रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार 13 जनवरी को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अवैध कॉलोनियों के निर्माण में संलिप्त कॉलोनाइजरों, अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नगर निगम, राजस्व विभाग और नगर निवेश विभाग की गंभीर लापरवाही व कथित मिलीभगत के चलते भूमाफिया खुलेआम नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनियां खड़ी कर रहे हैं। इससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की जीवनभर की कमाई दांव पर लग रही है। अनुमति का झांसा देकर भूखंड बेचे जा रहे हैं, लेकिन बाद में भवन अनुज्ञा, नामांतरण और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोग वर्षों तक दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर होते हैं।

उन्होंने मांग की कि अवैध कॉलोनियों की लोकेशन और भूमि मालिकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं तथा संलिप्त अधिकारियों की जांच कर एफआईआर दर्ज की जाए। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्?ले ने विशेष अभियान चलाकर दोषी कॉलोनाइजरों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने, रेरा-अप्रूव्ड कॉलोनियों की भी जांच और नियमविरुद्ध भवन अनुज्ञा जारी करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें देश के 27 राज्य एवं 9 शैक्षणिक संस्थान सहित कुल 36 बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खेले गये मैचों में मेजबान छत्तीसगढ़ के की बालक-बालिकाओं ने 17 वर्ष आयु वर्ग में अपने-अपने बास्केटबाल मैंच जीतकर प्री-क्वार्टर फायनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गई है। वहीं अन्य मैंचों में भी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, सीबीएसई (डीपीएस राजनांदगांव) एवं सीबीएससीडब्लूएसओ भी प्रतिस्पर्धा में आगे चल रही है।

राजनांदगांव के दो सगे भाइयों ने एनएसओ में रचा इतिहास

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हासिल की 3वीं और 26वीं रैंक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कहते है सफलता उम्र की मोहताज नहीं होती अगर उनको हौसलों के उड़ाने के पंख मिले तो वह भी उड़ने लगते है सफलताएं मिलने लगती है इसी को शहर के दो भाइयों ने मिल कर सच साबित किया!

शहर के लिए गर्व का क्षण तब आया जब ह्व्ब्बुस बोरी स्कूल के दो प्रतिभाशाली छात्र भाइयों ने राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड (हस्ह्र) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। कक्षा 3 के विद्यार्थी आदिशिव मोदी ने हस्ह्र लेवल-1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए International Rank – x प्राप्त की, वहीं उनके छोटे भाई आंजनेय मोदी ने International Rank – 26 हासिल कर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।

राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड (हस्ह्र) एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता है, जिसका

आयोजन हर वर्ष Science Olympiad Foundation (SOF) द्वारा किया जाता है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित विश्व के अनेक देशों के कक्षा 1 से 12 तक के छात्र भाग लेते हैं। यह परीक्षा छात्रों के वैज्ञानिक ज्ञान, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल को परखने के उद्देश्य से दो चरणों में आयोजित की जाती है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय, जोनल एवं स्कूल स्तर पर पदक, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष NBIS बोरी स्कूल के छात्र आदिशिव मोदी ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अंतरराष्ट्रीय तीसरी रैंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं आंजनेय मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय 26वीं रैंक हासिल कर यह सिद्ध किया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। दोनों भाइयों को उनकी इस उपलब्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा दोनों का चयन हस्ह्र लेवल-2 परीक्षा के लिए भी हुआ है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता NBIS स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं प्राचार्य एकता गांधी के कुशल मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग से संभव हो सकी। विद्यार्थियों के माता-पिता डॉ. अमित मोदी एवं डॉ. विधि मोदी ने अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन गई है।

आज के युवा ही कल के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेंगे: महापौर मधुसूदन

स्वामी विवेकानंद ने देश की समृद्ध एवं गौरवशाली विरासत से दुनिया को अवगत कराया: मधु

युवा दिवस के आयोजन में मुख्य वक्ता महापौर मधुसूदन ने युवाओं को प्रेरित किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद जी ने देश के युवाओं का आव्हान करते हुए कहा था कि ''उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति होने तक मत रूको। स्वामी जी की जयंती को युवा दिवस के रूप मनाने हुए हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सफलता के लिये कठिन परिश्रम करें क्योंकि आज के युवा ही कल के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेंगे।

उक्ताशय के विचार राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने युवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर में मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किया। महापौर ने बौद्धिक सत्र के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व सर्वधर्म सम्मेलन

का आयोजन 11 सितम्बर 1893 को शिकागो में हुआ था, जिसमें भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी विवेकानंद जी ने एक ऐसा ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सार्वभौमिक मूल्यों से परिपूर्ण भाषण दिया था, जिसने हमारे देश को विश्वपटल पर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मानवतावादी नेतृत्वकर्ता देश के रूप में एक नई पहचान दिलाई। स्वामी जी ने दुनिया भर के लोगों को वैश्विक सहिष्णुता, शांति एवं सहअस्तित्व का पाठ पढ़ाया और हमारे देश की समृद्ध एवं गौरवशाली धार्मिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को अवगत कराया है।

स्थानीय रानीसागर चौपाटी स्थित ऊर्जा पार्क में युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगॉव द्वारा एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र युवा मंच की टीम आयोजन सहयोगी के रूप में मौजूद रही। यह आयोजन प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक चलता रहा जिसमें बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता महापौर मधुसूदन का अभिभाषण आकर्षण का विशेष केन्द्र रहा और आयोजन में अंत तक युवाओं को बांधे रखा। आयोजन में अध्यक्षता श्रीमती मोनिका दास, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना राज0 ने की, और विशेष अतिथि के रूप में पार्षदगण सावन वर्मा, मनोहर यादव, कमलेश बंधे, कुलेश्वर ध्रुव, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, सतीश साहू, चंद्रकृत साहू सहित कार्यक्रम अधिकारीगण एस आर कन्नौजे, श्रीमती करुणा रावटे, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, भानुप्रताप वर्मा, धनेश राम कटघरे, श्रीमती सुनीता धुर्वे, भारतेंदु वर्मा उपस्थित रहे ।

इस आयोजन में युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया तथा कैरियर मार्गदर्शन परीक्षा मे सम्मिलित हुए स्वयंसेवकों व एन0एस0एस0 इकाई के राष्ट्रीय राज्य स्तर शिविर मे सम्मिलित स्वयंसेवकों का भी सम्मान किया गया जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय, कमला कॉलेज, साइंस कॉलेज, गंडई, अम्बागढ़ चौकी, डोंगरगांव,, डोंगरगढ़, घुमका महाविद्यालय, सुकूलदैहान स्कूल, डॉ बलदेव प्रसाद स्कूल बसंतपुर के 270 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

गलत जानकारी देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में 3 अन्य गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश।, पूर्व में नाबालिक से जन्मे बच्चे को अवैध रूप से दत्तक ग्रहण कर अस्पताल स्टाफ से मिली भगत कर गलत जानकारी देकर नगर निगम से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आरोपी दंपति को एवं विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है इसी मामले में जुटाए गए साक्ष्य के आधार पर अस्पताल के संलिप्त स्टाफ जिनके द्वारा जानकारी होते हुए भी कि वह बच्चा आरोपी दंपति का नहीं है एवं अस्पताल में डिलीवरी नहीं हुई है स्टाफ के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अपराधिक संयंत्र कर गलत जानकारी नगर निगम में अस्पताल के माध्यम से प्रेषित कर सर्टिफिकेट बनवाने में सहयोग किया गया इस मामले में डॉ विजय राज नागवंशी जो कृष्ण हॉस्पिटल एवं कुमुद मेमोरियल हॉस्पिटल में ऋह्ह के रूप में कार्यरत था उसके कहने पर दीपिका यादव , सैमुअल धोके एवं गेशु देवांगन ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग किया आरोपियों द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

जगन्नाथपुर में ग्राम विकास समिति की कमान अब महिलाओं के हाथ

शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों से वसूला जाएगा 25000 का अर्थदंड

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में आसामाजिक तत्वों की निगरानी, शराबखोरी और हुल्लड़ बाजी पर नियंत्रण के लिए अब ग्राम विकास समिति की कमान यहां की महिलाएं संभाल रही है। आगामी मेला उत्सव सहित अन्य आयोजन को लेकर शीतला मंदिर परिसर में ग्राम विकास समिति की बैठक रखी गई। जिसमें ग्रामीण अध्यक्ष कोमिन साहू, सचिव सुनीति साहू सहित अन्य पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मेला उत्सव सहित अन्य आयोजनों में शराब पीकर हुल्लड़ करने वाले और व्यवधान डालने वालों पर ?25000 का अर्थ दंड ग्रामीण समाज द्वारा लिया जाएगा। दरअसल में गांव में 16 से 18 जनवरी तक विविध आयोजनों का सिलसिला शुरू हो रहा है। जिसके तहत 16 जनवरी को मानस गान सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया है। तो वही 17 जनवरी

को ग्राम मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि कालीन कार्यक्रम के तहत मां की ममता नाच पार्टी चिखली (बांधा बाजार) की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम से पूर्व गांव में सम्मान समारोह का विशेष आयोजन भी रखा गया है। तो ही 18 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता भी हो रही है। इस तरह लगातार तीन दिनों तक विविध आयोजन में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम विकास समिति सहित पंचायत प्रतिनिधि सजगता से कार्य करेगी। बता दे कि इस गांव की सरपंच भी महिला है। सरपंच देव कुंवर कोसमा ने भी कहा कि गांव के सुधार में पुरुषों के साथ महिलाओं का योगदान भी जरूरी है। स्वयं महिला होने के नाते पंचायत का नेतृत्व तो मैं करती ही हूं तो वही गांव में किसी भी तरह के आसामाजिक कार्यों पर नियंत्रण लगाने के लिए अब ग्राम विकास समिति में भी महिलाओं ने जिम्मा उठाया है। हम समस्त ग्राम वासियों से अपील करते हैं कि लगातार चलने वाले तीन दिवसीय आयोजन में पूर्ण सहयोग करें। किसी भी तरह से अप्रिय घटना ना हो, ना किसी अप्रिय घटना का कारण बने। किसी भी तरह से शराब पीकर हुल्लड़ बाजी या भगदड़ न मचाए, जिससे किसी अन्य को परेशानी हो । मानसगान, मेला और कबड्डी के दिन सिर्फ अपने गांव ही नहीं बल्कि हमारे कई रिश्तेदार दूसरे गांव से भी आए रहते हैं। ऐसे में गांव की प्रतिष्ठा का प्रश्न भी रहता है। इसलिए शांतिपूर्ण आयोजन कर हमें एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कोमिन साहू ने भी कहा कि हुल्लड़ बाजी करने वालों पर ?25000 का दंड तय किया गया है। सर्व सम्मति से बैठक लेकर यह निर्णय लिया गया है।

नवीन प्राथमिक शाला के सामने अवैध कबाड़ी दुकान, प्रशासन व जनप्रतिनिधि मौन

टेड़ेसरा (राजनांदगांव)/नवप्रदेश। विकासखंड राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम टेड़ेसरा में नवीन प्राथमिक शाला के ठीक सामने अवैध तरीके से संचालित हो रही कबाड़ी दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। बताया जा रहा है कि यह कबाड़ी दुकान पिछले कुछ महीनों से बिना किसी वैधानिक अनुमति के खुलेआम संचालित की जा रही है, जबकि ग्राम पंचायत से न तो सहमति ली गई है और न ही कोई एनओसी जारी की गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, नवीन प्राथमिक शाला से मात्र लगभग 200 मीटर की दूरी पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित शराब दुकान भी स्थित है। इसी सड़क पर दिन-रात शराबियों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों के मनोबल और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक भी चिंतित हैं।

खास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस कबाड़ी दुकान में आसपास की कंपनियों से चोरी किया गया लोहा खपाए जाने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में थाना सोमनी को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के अभाव में कबाड़ी दुकान संचालक के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के सामने इस तरह की अवैध गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मामले पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी कुछ कहने से कतराते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि प्राथमिक नवीन शाला के सामने से अवैध कबाड़ी दुकान को तत्काल हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि स्कूली बच्चों को सुरक्षित और तनावमुक्त वातावरण मिल सके।

प्रथम पेज का शेष

बस्तर में शांति और सर्वांगीण ...

और अधिक मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर अंचल के समग्र विकास पर केंद्रित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बस्तर का सर्वांगीण और संतुलित विकास सुनिश्चितः मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का स्पष्ट लक्ष्य बस्तर का सर्वांगीण और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बस्तर को विकास की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों के लिए बस्तर के विकास का एक व्यापक एक्शन प्लान तैयार कर मिशन मोड में उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा सचिवों को बस्तर क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की जमीनी प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

अमेरिका में ग्रीनलैंड पर ...

के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया।

ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्पः इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिकारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं और रिपब्लिकन ससंद पर कंट्रोल खोने से डर रहे हैं।

ब्लिंकिट ने हटाया '10 मिनट...

नहीं चलना चाहिए।

-10 मिनट जैसी समय सीमा न केवल राइडर्स के लिए खतरनाक है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है।

-सरकार अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य स्थितियों पर एक व्यापक पॉलिसी बनाने की तैयारी में है। ये कंपनियां अब अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटजी में बदलाव करेंगी। अब तक '10 मिनट' इन कंपनियों का सबसे बड़ा यूएसपी हुआ करता था। हालांकि, कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी ऑपरेशनल एफिशिएंसी (कार्यक्षमता) को कम नहीं करेंगी, लेकिन विज्ञापनों के जरिए ग्राहकों में ऐसी उम्मीद नहीं जगाएंगी जिससे राइडर्स पर दबाव बने।

आर्मी चीफ बोले- पाकिस्तान ...

आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिंटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

नितिन नवीन की ताजपोशी ...

में फेरबदल के लिहाज से भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। 20 जनवरी को उनकी ताजपोशी के बाद वह अपनी टीम तय करेंगे और कई नए चेहरों की भाजपा के संगठन में एंट्री हो सकती है।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार में भी फेरबदल दिख सकते हैं। वजह यह है कि पंकज चौधरी अब यूपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह मोदी सरकार की कैबिनेट में भी हैं। ऐसे में उनका कैबिनेट से हटना तय माना जा रहा है। इसके अलावा कुछ और नेताओं को संगठन से सरकार में लाया जा सकता है। वहीं आरएसएस से जुड़े कुछ लोगों को पार्टी में अहम पद दिए जा सकते हैं। 46 साल के नितिन नवीन भाजपा के अब तक के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ में होंगे आरसीबी ...

रायपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा सकते हैं। इसके लिए आरसीबी टीम का मैनेजमेंट पहले ही मैदान निरीक्षण कर चुका है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से इस संबंध में बातचीत भी हो चुकी है। अब सिर्फ आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। संघ के अधिकारियों का भी कहना है कि, इस बार रायपुर में निश्चित रूप से आईपीएल मैच होंगे। कितने मैच होंगे, ये जल्द साफ हो जाएगा। आपको बता दें कि, आईपीएल 2026 के लिए आरसीबी ने अपने पुराने होमग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु को हटाने का निर्णय लिया है। पिछले सीजन में वहां हुए हादसों और भगदड़ के कारण टीम अब नया विकल्प तलाश रही है। रायपुर और इंदौर को शॉर्टलिस्ट किया गया है, लेकिन आरसीबी की प्राथमिकता रायपुर मानी जा रही है। ऐसे में अब राजधानी रायपुर के दर्शक विराट कोहली और उनकी टीम का लाइव मैच देख सकेंगे।

प्रवीण शर्मा बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष

साजा/नवप्रदेश। श्रमजीवी पत्रकार संघ साजा इकाई की बैठक स्थानीय विश्रामग्रह में आयोजित की गयी। बैठक मे विभिन्न विषयों पर चर्चा के पश्चात श्रमजीवी पत्रकार संघ साजा का गठन किया गया जिसमे बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मिति से युवा पत्रकार प्रवीण शर्मा को अध्यक्ष बनाये गये वही डेनिस यादव को सचिव बनाया गया। बैठक के दौरान सभी पत्रकारों ने आपसी एकजुटता बनाए रखने, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा समाजहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवनियुक्त संघ अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि साजा पत्रकार संघ की जिम्मेदारी सौंपने के लिए सभी पत्रकार साथियों का हृदय से आभार। हमारा प्रयास रहेगा कि संघ पूरी निष्पक्षता, एकता और गरिमा के साथ पत्रकारों के हितो की रक्षा करे। किसी भी पत्रकार के सम्मान और अधिकारों से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ के संरक्षक लक्ष्मीनारायण चांडक एवं पूर्व अध्यक्ष कृष्णा राठी ने नये पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं। संगठन की मजबूती से ही पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित रह सकते हैं। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार संदीप राजपूत, संतोष शर्मा,राजू शर्मा,कमलाकांत मिश्रा, सोनू वास, विक्की जायसवाल, भास्कर गुप्ता, निजबुद्दीन कुरैशी के साथ धीरज साहू, अभिषेक शर्मा, वीरू पटेल,रामकुमार वास ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

राज्य के कर्मचारियों को मिलेगा केंद्र के समान मंहगाई भत्ता : विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा किया है कि महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ेगी। इससे राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केंद्र के समान मंहगाई भत्ता मिलेगा। इस घोषणा को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को सरकार द्वारा दिया गया बड़ा तोहफा बताया है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों को काफी राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की कर्मचारी-हितैषी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सरकार चाहे वह केंद्र की हो या राज्य की सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

अधिकारी कर्मचारी शासन-प्रशासन की रीढ़ होते हैं और उनकी ईमानदारी, कर्मठता तथा संवेदनशीलता से ही सरकार की योजनाएं, नीतियां और निर्णय वास्तविक रूप में धरातल पर उतरते हैं। हमारे राज्य का प्रशासनिक ढांचा भी उनके मेहनत, निष्ठा और अनुशासन के कारण ही प्रभावी ढंग से कार्य कर पा रहा है। आगे कहा कि इसमें पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समयबद्ध भुगतान पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

पहले भी बढ़ाया था महंगाई भत्ता

इसके पहले राज्य सरकार ने अधिकारी- कर्मचारी के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था। प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। अब 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025-26 के वार्षिक बजट में 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत कर दिया गया था।

नलिनी मेश्राम ने मनाया फूलोदेवी नेताम का जन्मदिन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम का जन्मदिन डोंगरगढ़ मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण आगमन पर केक काटकर गुलदस्ता भेंट कर मनाया गया और उनके लंबे जीवन के खुशहाली की कामना की गई उनके विगत 10 वर्षों के कार्यों को ऐतिहासिक काल निरूपित किया गया उनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस मजबूत हुई उन्होंने संसद में भी कई मुद्दों को उठाकर अपनी धाक जमाई इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम,अब्दुल नेशनल कॉर्डिनेटर अल्पसंख्यक विभाग,सेवादल के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया ,ब्लॉक कांग्रेस की महिला अध्यक्ष रेखा खोबरागड़े, संध्या देशपांडे ,रामजी तराने, हरीश, नरेश, दुलीचंद बाडोले सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लेखा प्रशिक्षण के लिए 31 तक आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। लेखा प्रशिक्षण सत्र (मार्च 2026 से जून 2026) के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन 31 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के पूर्व या पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जिन्होंने 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो, वे अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। जिसके लिए केवल निर्धारित प्रारूप में आवेदन मान्य होंगे, पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन संबंधित प्रशिक्षण सत्र के लिए ही मान्य होगा। सचिवालय, वन विभाग के केम्प क्लर्क के रूप में कार्यरत स्टेनो पात्र होंगे अन्य विभागों के स्टेनोग्राफर पात्र नहीं होंगे।

जर्दायुक्त गुटखा परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने साइबर सेल टीम के सहयोग से जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन के खिलाफजांच कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान परिवहन करते हुए जर्दायुक्त गुटखा पकड़ा गया, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा गुटखा का नमूना जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक लगभग 48 कट्टी गुटखा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपए है, को सीज (अभिगृहित) कर लिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निधन : सुशीला वर्मा

धरसीवां। ग्राम पंचायत गोढ़ी निवासी सुशीला वर्मा 70 वर्ष का शनिवार को देहांत हो गया । जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्ति धाम में संपन्न किया गया । जिनके अंतिम यात्रा में परिजन सहित ग्राम के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी । वह ग्रामीण बैंक धरसीवां में कार्यरत कमलनारायण वर्मा के माता एवं योगिता वर्मा के सासू मां थे।

सैकड़ों किसानों ने सौंपा ज्ञापन, महिलाओं की भारी मौजूदगी से दिखा जनआक्रोश

■ किसान बंधु संगठन धमधा के आंदोलन से हिला प्रशासन, किया तुरंत धान खरीदी ढेरी व्यवस्था में बदलाव

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के किसानों की वर्षों से लंबित और लगातार अनदेखी की जा रही समस्याओं को लेकर बुधवार को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय उस समय गूंज उठा, जब किसान बंधु संगठन धमधा के नेतृत्व में सैकड़ों किसान और बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस दौरान किसानों के साथ-साथ महिलाओं की भागीदारी ने जनआक्रोश को और भी व्यापक व गंभीर रूप दे दिया।

किसानों ने प्रशासन के समक्ष स्पष्ट रूप से यह सवाल खड़ा किया कि आखिर शासन और प्रशासन किसानों के विरुद्ध क्यों काम कर रहा है, जबकि किसान ही प्रदेश की रीढ़ हैं। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने शासन की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि समस्याएं वर्षों से लंबित हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही दिए जाते रहे हैं।

ज्ञापन में मुख्य रूप से ग्राम परसकोल भूमि अधिग्रहण मुआवजा प्रकरण, धान खरीदी में टोकन सिस्टम के नाम पर हो रही मनमानी, किसानों से जबरन ढेरी लगवाने की समस्या, तथा शराब दुकान अछोली प्रकरण में कथित अनियमितताओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने बताया कि ग्राम परसकोल में नहर निर्माण के लिए लगभग 40 वर्ष पूर्व भूमि अधिग्रहण किया गया था, लेकिन आज तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं मिला। यह शासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है कि पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन किसानों को उनका हक नहीं मिला। इसी तरह शराब दुकान अछोली प्रकरण में कथित फर्जीवाड़े को लेकर भी किसानों ने शासन की चुप्पी पर सवाल उठाए। किसानों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद आज तक न तो जांच दल गठित किया गया और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई।

महिलाओं में विशेष आक्रोश देखने को मिला

धान खरीदी व्यवस्था को लेकर किसानों और महिलाओं में विशेष आक्रोश देखने को मिला। किसानों का आरोप है कि टोकन सिस्टम के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है और हमालों की नियुक्ति होने के बावजूद किसानों से ही ढेरी लगवाई जा रही है। महिलाओं ने कहा कि यह न केवल किसानों का शोषण है, बल्कि उनके परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है।

> पूरे प्रदेश में इन दिनों शासन ढीला और प्रशाशन लचीला हो गया है हमारे द्वारा किसानों की आवाज हमेशा जिला स्तर में उठाई जाती है लेकिन कितना दुर्भाग्य पूर्ण है जो किसानों से दुर्ग कलेक्टर स्वयं निराकरण के लिए नहीं मिलते जिसे अन्नदाता किसानों का सरासर अपमान कहा जा सकता है।
>
> **बाब टेकसिंह चंदेल,**
> किसान नेता

दुर्ग- विशाखापत्तनम एक्सप्रेस अब 17 मिनट पहले पहुंचेगी महासमुंद

महासमुंद/नवप्रदेश। दुर्ग-विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली ट्रेन क्रमांक 18529 के समय-सारिणी में कुछ बदलाव किया है। पहले यह एक्सप्रेस महासमुंद स्टेशन पर रात 9.47 बजे पर पहुंचती थी, लेकिन नए समय के अनुसार अब यह ट्रेन रात 9.30 बजे महासमुंद पहुंचेगी। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद रात 9.32 बजे विशाखापट्टनम के लिए रवाना होगी। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार संशोधित समय-सारिणी के तहत यह एक्सप्रेस अब दुर्ग जंक्शन से शाम 6.30 बजे रवाना होगी। ट्रेन रात 8 बजे राजधानी रायपुर जंक्शन पहुंचेगी, जहां 15 मिनट के ठहराव के बाद 8.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। बाद ट्रेन का महासमुंद आगमन समय रात 9.30 बजे निर्धारित किया गया है। महासमुंद से प्रस्थान के पश्चात यह ट्रेन बागबाहरा के लिए 9.32 बजे रवाना होगी, कोमाखान 10.15 बजे पहुंचेगी और 10.17 बजे आगे बढ़ेगी, खरियार रोड 10.32 बजे पहुंचेगी तथा 10.34 बजे रवाना होगी, कांटाबांजी रात 11.30 बजे पहुंचेगी और 11.32 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि टिटिलागढ़ जंक्शन पर यह ट्रेन मध्यरात्रि 12.10 बजे पहुंचेगी। यहां 10 मिनट के ठहराव के बाद 12.20 बजे गंतव्य विशाखापट्टनम के लिए रवाना होगी।

10 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने ग्राम अछोला निवासी धनेश्वरी कुर्रे (25) के कब्जे से 10 लीटर देशी महुआ शराब (कीमत 2000 रुपए) बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कार्रवाई की गई।

नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के विशेष योजना नालसा की योजना नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिले में अधिकार मित्रों के माध्यम से विशेष जागरूकता शिविरो का आयोजन किया जा रहा है।

अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो के निर्देशानुसार जिले के आर केन्द्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों को नालसा के ''डॉन'' अभियान के तहत नशा मुक्त भारत के लिए जागरूकता एवं मार्गदर्शन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शिक्षण संस्थानों खासकर स्कूलों, कॉलेजो, हास्टल, छात्र क्लबो, युवा संगठनों और किशारों और युवाओं वयस्कों को जोड़ने वाले अन्य प्लेटफार्मो में युवाओं पर केन्द्रित जागरूकता सत्रों का आयोजन शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में आज अधिकार मित्र बॉबी गंडेचा, त्रिभुवन ध्रुव और मोहित कुमार साहू के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी एवं शासकीय मिडिल स्कूल चिंगरौद पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा तथा नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। इसके अलावा वृहद रूप से नशे के विरूद्ध जागरूकता लाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नालसा के डॉन योजना के तहत नशीली दवाईयों एवं नशा के दूष्परिणाम प्रति जनमानस को जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नशे दुष्परिणाम एवं होने वाले शारीरिक एवं मानसिक क्षतियों के बारे में जानकारी हो सके।

धान बेचने से किसानों को रोकने की कई हथकंडे अपना रहीं सरकार: रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझ कर व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए महासमुंद कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि इस खरीफ सीजन के धान खरीदी को पूरा होने में अब बस एक पखवाड़ा ही बचा है। यही वो समय है जब बड़े किसानों का धान मंडी में आता है, ऐसे समय में खरीदी को नियंत्रित करने के लिए बहुत अव्यावहारिक शर्त धान खरीदी के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों के सामने रखा गया है। खरीदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जारी निर्देश में साफतौर पर कहा गया है कि जितना टोकन काटा गया है, उतना धान मत खरीदों किसानों से रकबा समर्पण का फार्म भरवाने का दबाव धान खरीदने में लगे कर्मचारियों पर दबाव भाजपा सरकार के द्वारा बनाया जा रहा है। धान खरीदी में किसानों को धान बेचने से रोकने की कई तरह से कोशिश की जा रही है जिसका नतीजा है कि इस बार धान हर सोसाइटियों में अब तक कम खरीदा गया है। प्रदेश में अभी भी हजारों और महासमुंद जिले में सैकड़ों ऐसे किसान हैं, जिन्होंने एक बार भी धान नहीं बेचा है। अब अंतिम के 15 दिनों में धान की आवक तेज होगी, इसी को रोकने दुर्भावना पूर्वक किसान विरोधी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। एक तरफ प्रतिदिन टोकन की मात्रा में यह सरकार कटौती कर रही है, दूसरी तरफ सत्यापन के लिए अलग फार्मूला अपनाया जा रहा है ताकि किसानों को अपना पूरा धान बेचने से रोका जा सके। भौतिक सत्यापन के लिए अलग से ऐप बनाया गया है जिसकी ट्रेनिंग पटवारियों को दी जा चुकी है। बिना सत्यापन के किसी भी किसान का धान नहीं खरीदना है। पिछले साल की खरीदी के हिसाब से भौतिक सत्यापन करने का आदेश देकर दबाव बनाया जा रहा है, जिसका विरोध पटवारियों के द्वारा की गई हैं ऐसे जानकारी मिली है। रकबा समर्पण के नाम पर धान कम खरीदने का आरोप लगाते हुए डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के किसान जान चुके हैं कि ये डबल इंजन वाली भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती। रायगढ़ जिला पटवारी संघ का ज्ञापन धान खरीदी को लेकर इस सरकार की मंशा को बेहद स्पष्ट करते हैं। पटवारियों ने बड़े ही स्पष्ट रूप से यह कहा है कि राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों द्वारा सभी किसानों पर रकबा समर्पण हेतु अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, ये आरोप बेहद ही संगीन है और भाजपा सरकार के किसान विरोधी चेहरे को बेनकाब करने वाला है। जब-जब छत्तीसगढ़ में भाजपा के सरकार आती है किसान आत्म हत्या को मजबूर होती है भाजपा की डॉ रमन की सरकार में किसान आत्म हत्या करती थी आज विष्णु देव साय सरकार में किसान धान बेचने के लिए किसान आत्म हत्या का प्रयास कर रहे हैं।

विद्युत विभाग 30 बकायादारों से वसूले 3.60 लाख रुपये

■ 225 उपभोक्ताओं पर 26 लाख 45 हजार 123 रुपये बकाया

महासमुंद/नवप्रदेश। बिजली राजस्व वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने महासमुंद शहर में सख्त रुख अपनाया है। राजस्व वसूली हेतु गठित विशेष टीम ने सोमवार (12 जनवरी) को बड़े स्तर पर कार्रवाई की।

महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद शहर (जोन) अंतर्गत लंबे समय से बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सामूहिक विद्युत लाइन विच्छेदन अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर क्षेत्र में कुल 225 बकायादार उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया, जिन पर कुल 26 लाख 45 हजार 123 रुपये बकाया था। अभियान के तहत प्रमोद मिश्रा, जानकी बाई सारथी, चंपा बाई, गिरजा बाई साहू, अभिराम गाड़ा सहित अनेक उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काटी गई। लाइन विच्छेदन के बाद विभाग को सकारात्मक परिणाम भी मिले। कार्रवाई के पश्चात 30 उपभोक्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए 3 लाख 60 हजार 696 रुपये की बकाया राशि तत्काल जमा की। विद्युत विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई है, यदि उनके द्वारा अनधिकृत रूप से पुन: कनेक्शन किया जाता है, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित

जोन डोंगरगढ़ में एफएलएन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य और नवीन पाठ्यपुस्तकों के अवधारणाओं को लेकर स्वामी आत्मानंद स्कूल में जोन डोंगरगढ़ का पांच दिवसीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण 05/01/2026 से 09/01/2026 तक संपन्न हुआ। जिसमें कुल 13 संकुलों के प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण एफएल एन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) पर आधारित था। जो कि निपुण भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रतिदिन विधिवत ज्ञान दायनी माँ शारदे के तैल्य चित्र पर पूजा, अर्चना, वंदना कर किया जाता रहा। पांच दिवसीय स्तरह प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स द्वु मदन मंडावी ने पर्यावरण, खेल योग, कला शिक्षा एवं नवाजतन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। समग्र शिक्षा और बच्चों की सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा प्रस्तुत किया गया।

मास्टर ट्रेनर्स सु द्वु लक्ष्मी देवांगन के द्वारा भाषा शिक्षा के क्षेत्र में फोर ब्लॉक मॉडल, मूल्यांकन ट्रैकर, सतत एवं सावधिक आकलन को अच्छी तरह से समझाया गया। मास्टर ट्रेनर्स करण माधवानी ने गणित शिक्षण एवं अंग्रेजी विषय पर विद्यार्थियों के बुनियादी स्तर को कैसे मजबूत किया जा सकता है, विस्तार पूर्वक बड़े रोचकता के साथ प्रस्तुत किए। इस प्रशिक्षण में काफी उत्साह के साथ प्रशिक्षणार्थियों ने सभी विषयों में हाव भाव के साथ डेमो का प्रदर्शन भी किए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, गतिविधियों, आकलन के तरीकों, पुनरावृति, अभ्यास की रणनीतियों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के व्यवस्थापक मनीष वास्तव व जोन प्रभारी प्रमोद दास सिदार रहे। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण भी होता रहा। प्रथम दिवस विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निवास मिश्रा एवं बीआरसी सुरेश सहारे पहुंचे थे। बीईओ मिश्रा जी ने प्रशिक्षण को अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। तृतीय दिवस में डाइट खैरागढ़ से मकसूद अली जी ने कार्यशाला का औचक निरीक्षण किया। पंचम अंतिम दिवस में राजेश्वर यादव जिला नोडल अधिकारी राजनांदगांव ने भी अपना विचार व्यक्त किया। समापन अवसर पर समस्त प्रशिक्षणार्थियों की ओर से चंद्रिका प्रसाद यादव ने प्रशिक्षण को बेहतर, ज्ञानवर्धक बताते हुए तीनों मास्टर ट्रेनर्स को धन्यवाद ज्ञापित किए।

पर्यटन को बढ़ावा देने 17 गाइड ग्वालियर में लेंगे विशेष प्रशिक्षण



सिरपुर को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का हो रहा प्रयास

महासमुंद/नवप्रदेश। पुरातात्विक नगरी सिरपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के विशेष प्रयासों से सिरपुर के 17 स्थानीय पर्यटन गाइडों को एक माह के आवासीय विशेष पर्यटन प्रशिक्षण के लिए भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान आईआईटीटीएम ग्वालियर भेजा गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सिरपुर जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल पर पर्यटन को अधिक सुदृढ़, पेशेवर और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विरासत पर्यटन, गाइडिंग स्किल्स, आगंतुक प्रबंधन, प्रभावी स्टोरी टेलिंग, सांस्कृतिक व्याख्या तथा जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह संपूर्ण कार्यक्रम सिरपुर की पर्यटन आवश्यकताओं, ऐतिहासिक महत्त्व और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात गाइड अपने क्षेत्र में लौटकर पर्यटकों को तथ्यपरक, रोचक और स्मरणीय अनुभव प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण उपरांत सिरपुर में पर्यटन से जुड़ी नई पहलों और योजनाओं के शुभारंभ की भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योजना बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि सिरपुर एक प्राचीन पुरातात्विक एवं बौद्ध विरासत स्थल है, जो कभी मध्य भारत में बौद्ध शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार यहां 100 से अधिक विहार थे, जिनमें 10 हजार से अधिक बौद्ध भिक्षु शिक्षा प्राप्त करते थे। ऐसे ऐतिहासिक स्थल पर प्रशिक्षित स्थानीय गाइडों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

सिद्ध बाबा धाम आज केवल मंदिर नहीं आस्था, इतिहास और विकास की जीवंत कहानी

एमसीबी/नवप्रदेश। घने जंगलों, ऊँची-नीची पहाड़ियों और शांत वातावरण के बीच स्थित सिद्ध बाबा धाम आज केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और विकास की जीवंत कहानी बन चुका है। मकर संक्रांति के अवसर पर यह स्थल श्रद्धालुओं से गुलजार हो उठता है और पूरा क्षेत्र मेले, भक्ति और उल्लास के रंग में रंग जाता है।

कुछ वर्ष पहले तक जहाँ यह प्राचीन शिव मंदिर समय की मार झेल रहा था, वहीं आज केदारनाथ धाम की तर्ज पर निर्मित भव्य मंदिर श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। खासकर रात्रि में जब मंदिर रोशनी से जगमगाता है, तो सिद्ध बाबा पर्वत पर मानो दिव्यता स्वयं उतर आती है।

जनसहयोग से बदली तस्वीर

स्थानीय मंदिर समिति, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से मंदिर का कायाकल्प हुआ। जिला प्रशासन द्वारा बिजली, पानी, सीढ़ी और चबूतरे जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। आज सिद्ध बाबा धाम न केवल पूजा स्थल है, बल्कि जिले का एक उभरता हुआ धार्मिक

पर्यटन केंद्र भी बन गया है।

मकर संक्रांति : जब पहाड़ी बन जाती है मेला

मकर संक्रांति के दिन सिद्ध बाबा धाम का दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। हजारों श्रद्धालु तिल-गुड़ अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जहाँ जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। मेले में पूजा सामग्री, बच्चों के खिलौने, प्रसाद, तिल-गुड़ के लड्डू और पारंपरिक व्यंजनों की दुकानों से रौनक बनी रहती है।

सीमाओं से परे आस्था

मध्यप्रदेश की सीमा से सटा होने के कारण यहाँ छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँचते हैं। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सक्रियता व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भविष्य की ओर बढ़ता सिद्ध बाबा धाम

आज सिद्ध बाबा धाम इतिहास, आस्था और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर संगम बन चुका है। यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की अपार संभावनाएँ भी समेटे हुए है। मकर संक्रांति पर उमड़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि सिद्ध बाबा धाम आने वाले समय में जिले की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

खनन से शुरू हुई शिव भक्ति की यात्रा

जिले के पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के नोडल अधिकारी व इतिहासकार डॉ. विनोद पांडेय बताते हैं कि सिद्ध बाबा धाम की आस्था की जड़ें वर्ष 1928 से जुड़ी हैं। उस समय कारीमाटी (वर्तमान झगराखांड) क्षेत्र में कोयला खनन का कार्य प्रारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश और बिहार से आए श्रमिकों ने इस पर्वत पर खुले में स्थित शिवलिंग की पूजा शुरू की। धीरे-धीरे साधु-संतों और तपस्वियों का यहां आगमन होने लगा। वे महीनों तक इसी पहाड़ी पर साधना करते, शिव आराधना करते और फिर आगे बढ़ जाते। कठिन रास्तों और घने जंगलों के कारण आरंभ में स्थानीय लोग कम ही यहाँ पहुँच पाते थे, लेकिन समय के साथ यह स्थल ग्राम देवता और आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हो गया।

महाविद्यालय में 12 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी-जिला-धमतरी में जनभागीदारी मद से स्वीकृत लगभग 12 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री अरुण सार्वा जी (अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी) उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय में बनने वाला कैंटिन, सायकल स्टैण्ड, फीस काउन्टर सेड़, बॉटनिकल गार्डन, एवं काऊ कैचर जैसे मूलभूत सुविधाओं का छात्र हित में अपने कर कमलों से नींव रखी। इस कार्यक्रम में श्री अजय ध्रुव (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति), श्री प्रकाश बैस (जिला अध्यक्ष भाजपा धमतरी) श्री श्रवण मरकाम (पूर्व विधायक सिहावा) श्री महेश गोटा (अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी) श्री हृदय साहू (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी) श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, श्री तुलसीराम साहू, श्री राजेश गोसाई, श्री वेदप्रकाश गंजीर, श्री शिवदयाल साहू, श्री विनय नाहटा, श्री हनी कश्यप, श्रीमति लक्ष्मी ठाकर, सुश्री किरण कश्यप एवं जनभागीदारी सदस्य उपस्थित रहे। श्री अरुण सार्वा जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह महाविद्यालय दूरस्थ आदिवासी अंचल में स्थित क्षेत्र का एकमात्र महाविद्यालय है। यहाँ के छात्रों को मूलभूत सुविधाओं से युक्त, बेहतर गुणवत्ता वाला संस्थान मिले जहाँ उनका सर्वांगीण विकास हो सके। हमारा संस्था के हित में किया गया हर प्रयास भले ही छोटा लेकिन प्रभावी हो। उन्होंने महाविद्यालय से पास आउट भूतपूर्व छात्र-छात्रा जो आज उच्च पदों पर आसीन है, उनसे आहवान किया कि वे महाविद्यालय के हित में आगे आकर अपना योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री अजय ध्रुव जी ने कहा कि छात्रों को भौतिक सुविधाओं के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी पाठ पढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे सही मार्ग का चयन कर सकें एवं देश हित में योगदान दे सकें। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव ने सभी अतिथियों के योगदान एवं महाविद्यालय के विकास में सकारात्मक सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं महाविद्यालय की आवश्यकताओं की ओर सबका ध्यान खींचा। भूमि पूजन कार्यक्रम में डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रो. आर.आर. मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. लालमन बेरवंश ,डॉ. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्री वेणु साहू, डिलेश्वरी पटेल, श्री भूषण, श्री गोपाल देवांगन, श्री खेमचंद, श्री सागर मण्डावी, अब्बास मेमन, लाकेश साहू सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफएवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

सिफलिस परीक्षण कैम्प का आयोजन

गरियाबंद /नवप्रदेश। गरियाबंद स्थानीय शैक्षणिक संस्था श्रीमती दुर्गा देवी स्मृति सेवा समिति द्वारा संचालित डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग, आई.टी.एस. महाविद्यालय गरियाबंद में आज दिनांकः 12/01/2026 को यशिटा मेमोरियल फॉउडेशन, आर्शीवाद बल्ड बैंक के तत्वधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं सनराइज फाउण्डेशन संस्थान के द्वारा निःशुल्क HIV Aids तथा सिफलिस परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद जिला के जिला चिकित्सालय सी.एम.ओ. मुख्य अतिथि डॉ. यू.एस. नवरत्ने (मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पातल गरियाबंद), एवं विशेष अतिथि डॉ. रेड्डी सर, कार्यक्रम में अन्य अतिथि बी.पी. वर्मा (निदेशक), आई.टी.एस. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र तिवारी, शिक्षा विभागाध्यक्ष पवन भरतद्वाज, नर्सिंग महाविद्यालय के स्मस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ के साथ में समस्त छात्र-छात्राओं ने इस विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क एच. आई. वी. एड्स, सिफलिस रोग परीक्षण के कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि सत्कार, दीप प्रज्वालन, पूजा वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आशंदीवक्ता मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री यूएस. नवरत्ने ने इस शिविर कैम्प में सम्मिलित जनसमूहों को सम्बोधित करते हुए HIV Aids तथा सिफलिस जैसी महामारी के होने का कारण एवं इस रोग निदान के बारे में जानकारी प्रदान किया, तथा युवा वर्ग को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया । इस रक्त दानशिविर में महाविद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने भी रक्तदान किया, यशिटा मेमोरियल फॉउडेशन, आर्शीवाद बल्ड बैंक एवं सनराइज फाउण्डेशन संस्थान के द्वारा रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए हेलमेट, कलाई घडी, मौसमी फल उपहार स्वरूप प्रदान किये।

रक्तदान शिविर में रक्तवीरो का जिपं उपाध्यक्ष सिंह ने किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। मकर संक्रांति पर छात्र युवा मंच द्वारा ग्राम दिलीपपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल एवं जनहितकारी कार्यक्रम के लिए बधाई दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचती है, बल्कि समाज में मानवता और सेवा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ऐसे आयोजनों को नई ऊर्जा मिलती है। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विक्रांत सिंह ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

विवादास्पद प्रभारी सीईओ को हटाने के लिए लामबंद हुए जनपद पंचायत पदाधिकारीगण

- सामान्य प्रशासन बैठक में फर्जी आय व्यय की जानकारी दी गई : उपाध्यक्ष

छुरा/नवप्रदेश । सामान्य प्रशासन की बैठक में प्रभारी सीईओ के कार्यप्रणाली से नाराज़ होकर बैठक छोड़कर बाहर निकलकर जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी एवं सभापतियो ने मिडिया को बताया कि दस महीने में जितने भी प्रस्ताव हुआ है जनपद पंचायत छुरा की बैठक में एक भी प्रस्ताव पर प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी ने कोई कार्यवाही नहीं किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर हुआ है मिडिया के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा सतीष चन्द्रवंशी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही होना संदेह के घेरे में है, जनपद पंचायत बैठक में जो भी लिखीत जानकारी सदस्यों को दिया जाता है जिसमें सीईओ का हस्ताक्षर नहीं रहता है। सतीष चन्द्रवंशी के कार्यकाल में त्रि-स्तरीय पंचायती राज में जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों के आवेदन पर विचार नहीं करते , जनपद पंचायत छुरा भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है फर्जी बिल व्हाऊचर से लाखों रुपए का आहरण कर हजम कर रहे हैं। सरपंच सचिव जनपद पंचायत के वसूली से परेशान हैं, जनपद पंचायत में वाहन ब्यय के नाम पर फर्जी आहरण, एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जिस नियुक्ति कों रद्द कर दिया था उसे कुछ दिनों के लिए सेवा मुक्त कर पुनः काम में ले लिया। हाईकोर्ट का आदेश को दरकिनार कर दिया। सतीष चन्द्रवंशी को हटाया नहीं गया तो जनपद पंचायत को खोखला कर देगा। शासन-प्रशासन को संज्ञान में लेकर तत्काल हटा देना चाहिए। सतीष चन्द्रवंशी प्रभारी सीईओ भाजपा के जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों को परेशान कर रहा है। जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष से मिलकर प्रभारी सीईओ एवं जिला प्रशासन की निरंकुशता को प्रमुखता से रखेंगे। समय पड़ने पर सरपंचों के समर्थन पर धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा।

महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान सम्पन्न

खैरागढ़/नवप्रदेश । रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय में आईक्यूएसी के निर्देशन में हिंदी एवं राजनीतिक शास्त्र विभाग में शोध प्रविधि विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.पुर्णिमा केलकर ने विषय प्रस्तुति दी जो काफी ज्ञानवर्धक रहा। डॉ. केलकर ने विद्यार्थियों के सवालों का सुंदर ढंग से जवाब दिया और विभिन्न विषयों में शोध की संभावनाओं को भी बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता, डॉ. जितेंद्र कुमार साखरे, सुरेश कुमार आडवाणी,डॉ मेधावनी तुरे, डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया, कुलदीप राडेकर, दुर्वासा सिन्हा,अजय कुमार, सौम्या गुप्ता,मानिकचंद बंजारे, डॉ. उमेंद कुमार चंदेल एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

ज्ञान के धनी व्यक्ति पूरे विश्व में पूजे जाते हैं स्वामी जी के आदर्शों को नमन : वाल्मिकी

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा द्वारा कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए वनांचल एवं दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर गर्म कपड़ा वितरण अभियान 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चलाया गया।

जिसमें सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा स्रोत भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में प्रचार प्रसार करने वाले स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत बच्चों,महिलाओं,बुजुर्गों सहित समाज के सबसे कमजोर वर्गों को कंबल,स्वेटर,जैकेट एवं अन्य गर्म वस्त्र भोरमदेव चौरा में वितरित किए गए।यह सेवा कार्य पूरी तरह से मानवीय संवेदनाओं और ÷नर सेवा ही नारायण सेवा÷ की

भावना से प्रेरित रहा।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि युवा कांग्रेस केवल राजनीति तक सीमित संगठन नहीं है,बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा भाव से पहुंचना उसका मूल उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान प्रतिवर्ष की भांति आगे भी निरंतर जारी रहेगा,ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड के कारण पीड़ित न हो। श्री वर्मा ने कहा ÷सेवा ही सच्ची राजनीति है।जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित नहीं होगा,तब तक हमारा दायित्व समाप्त नहीं होता।÷

आगे श्री वर्मा कहा कि स्वामी विवेकानंद जी भारत के महान संत,दार्शनिक, लविचारक और युगद्रष्टा थे।उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ।बचपन से ही वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और आध्यात्मिक प्रश्नों के प्रति गहरी जिज्ञासा रखते थे।

इकरा फाउंडेशन का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

- 75 मेधावी छात्रों ,अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले विशिष्टजनों , पत्रकारों का सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रथम महिला मुस्लिम शिक्षिका स्व. फातिमा शेख जयंती पर क्षेत्र में निरंतर सेवा कार्य कर रही संस्था इकरा फाउंडेशन द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रसिद्ध समाज सेविका शमशाद बेगम मौजूद रही कार्यक्रम की अध्यक्षता जावेद खान ने की । विशिष्ट अतिथि रफीक खान इकरा फाउंडेशन के अब्दुल रज्जाक खान, सैय्यद जाकिर अली, खलील कुरैशी, रिज़वान मेमन, शमशुल होदा खान, याहिया नियाज़ी, रियाजुद्दीन कादरी, इदरीस खान, फारूख मेमन, सगीर कुरैशी, नौशाद कुरैशी, जुनैद खान, याकूब खान, अफसर खान, शेख कलीम खान तनु साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहें । पद्मश्री शमशाद बेगम ने प्रतिभा सम्मान समारोह में कहा कि इकरा फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही नेक और श्रेष्ठ काम कर रही. उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिसमें चढकर सफल ज़िंदगी जी सकते है. उन्होंने बच्चियों एवं महिलाओं को प्रेरित करते कहा कि अगर जीवन में आगे बढकर सफल होना है तो अपना एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े और संघर्ष करते रहें नई पीढ़ी को नसीहत दी कि थोड़ी थोड़ी बात में आवेश में आकर कई लोग आत्महत्या कर लेते है वो बिल्कुल गलत है. ये जीवन बहुत अनमोल है इसकी कद्र करें और कुछ बेहतर करने की कोशिश करें।

दुकानों की नीलामी निरस्त करने के बाद भी कब्जा बरकरार

- पालिका कार्यवाही के लिए देखती रही और इधर दुकानदारो ने उच्च न्यायालय मे लगा दी याचिका

खैरागढ़/नवप्रदेश । नगरपालिका के धरमपूरा मे बनाए गए काम्पलेक्स मे गलत निलामी प्रक्रिया से हूए नुकसान के बाद दूसरी नीलामी मे बोलीकर्ता खरीददारो ने दुकानों को खाली करने की बजाय अपना कब्जा बरकरार रख मामले मे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। धरमपूरा मे मणिकंचन केन्द्र के बाजू मे बनाए गए पालिका के काम्पलेक्स के 11 दुकानो की पहली नीलामी रदद कर पालिका प्रशासन ने दूसरी नीलामी करते उक्त दुकानों को 64 लाख रू के नुकसान मे बेचा था । मामले की शिकायत के बाद मामला तूल पकड़ा और मामले मे तत्कालीन नगरपालिका सीएमओ कोमल ठाकुर एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजेश तिवारी को निलंबित कर दुकानो की दूसरी नीलामी को रदद करने के आदेश दिए गए थे । हालंकि दूसरी नीलामी मे बोलीकर्ता खरीददारो ने पालिका द्वारा भेजे गए नोटिस के बाद दुकानो को खाली करने की बजाय उस पर कब्जा कर लिया और नोटिस के बाद मामला उच्च न्यायालय मे लगा दिया । अब पालिका प्रशासन दुकानो को खाली कराने मे अटक गई है । मामला उच्च न्यायालय मे होने के चल ते पालिका अपनी ही गलती पर

दुकानदारों ने जमाया कब्जा चला रहे दुकान

11 दुकानो की नीलामी के बाद कम दर पर दुकान खरीदने वाले बोलीकर्ताओ ने धड़ल्ले से अपनी दुकानें खोल ली है । इधर असहाय पालिका प्रशासन मामले मे कोई कार्यवाही नही कर पा रहा है । जबकि मामले मे दो अधिकारी कर्मचारी निलंबित हो गए । दुकानदारो ने नीलामी को सही ठहराते पालिका के नोटिस के खिलाफउच्च न्यायालय बिलासपूर मे याचिका लगा दी है जिसके सुनवाई 19 जनवरी को होनी है । जिसके चलते पालिका प्रशासन के हाथ बंध गए है । इधर दुकानदार दुकानो का बेखटके उपयोग कर रहे है । कई दुकानदार दुकानो को ऊंची दर पर किराए पर भी दे चुके है । इसका सीधा नुकसान पालिका का उठाना पड़ रहा है । दूसरी ओर नीलामी निरस्त किए जाने और दुकानदारो को नोटिस के बाद भी दुकानदारी करने को नियम विरूद्ध और कानून की अवहेलना बताया जा रहा है । पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी कर दुकानदारो को तीन दिन के भीतर दुकान खाली करने के निर्देश दिए थे लेकिन पालिका नोटिस जारी करने के पखवाड़े भर बाद भी चुप्पी साधे बैठे रही । नोटिस मिलने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने से दुकानदार उच्च न्यायालय पहुँच गए और मामला अब न्यायालीन प्रक्रिया मे उलझ गया है ।

> नीलामी निरस्त किए जाने के बाद दुकानदारो को नोटिस जारी किया गया था । दुकानदार उच्च न्यायालय मे याचिका लगा चुके है । इसकी सुनवाई होगी उच्च न्यायालय से आदेश के बाद ही किसी प्रकार की कार्यवाही हो पाएगी ।
>
> **अविनाश देवांगन ,** सीएमओ नगरपालिका खैरागढ़

सोती रही पुलिस, ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी, व्यापारियों में आक्रोश

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर में नकाबपोश बदमाशों का खौफ अब खुलकर सामने आ गया है। नवापारा शहर में बीती रात शहर के प्रतिष्ठित कमलेश ज्वेलर्स एवं उत्तम चंद संतोष कुमार वस्त्रालय में अज्ञात नकाबपोश चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे नगर के व्यापारियों और नागरिकों में भय व आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार नवापारा के गिट्टी मार्केट के पास स्थित कमलेश ज्वेलर्स दुकान में चोरी की घटना हुई है। चोर दुकान के पीछे बने वेंटिलेशन से होते हुए बेसमेंट के रास्ते अंदर घुसे और पूरी योजना के साथ चोरी कर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पर सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। व्यापारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तथा एफएसएल और डॉग

स्क्वायड को भी बुलाया गया।

क्या क्या हुआ चोरी

व्यापारी के अनुसार दुकान में 2 लाख 40 हजार से अधिक नकदी, करीब 30 किलो चांदी और 70 ग्राम सोना चोरी होने की अनुमान है, हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

व्यापारियों में रोष, सुरक्षा की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए। नगर के व्यवसायियों ने एकजुट होकर पुलिस की रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। व्यापारियों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। घटना के पुलिस का कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की बात कही है।

पहले चेतावनी, फिर भी चूक

इस चोरी की वारदात ने इसलिए भी सनसनी फैलाई है क्योंकि कुछ दिन पहले ही नवापारा नगर में 7-8 चेहरा ढंके संदिग्ध युवक आधी रात सड़कों पर घूमते हुए सीसीटीवी में कैद हुए थे। यह वीडियो सदर रोड स्थित चांदी चौक का बताया गया था, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में कुछ युवकों के हाथों में हथियार नजर आ रहे थे। जिसके बाद नगर में डर का माहौल बन गया था। इस फुटेज के साथ सराफा एसोसिएशन के सदस्य थाने पहुंचकर टीआई से नगर में गस्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। जिसमें टीआई ने लोगों को आश्वस्त भी किया था। लेकिन फिर भी इतनी बड़ी घटना घट गई।व्यापारियों का आरोप है कि रेकी और संभावित वारदात के सामने आने के बावजूद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यही वजह है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए और उन्होंने शहर के बीचोंबीच इतनी बड़ी चोरी को अंजाम दे दिया।

दुकान के पीछे मिले हथियार

घटना के बाद पुलिस ने दुकान को सील कर दिया है। दुकान के भीतर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि चोर वारदात के दौरान दुकान के पीछे कुछ हथियार भी छोड़कर फरार हो गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इन साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

ईरान ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटाया

तेहरान। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं, लेकिन ईरानी सरकार ने इस बीच एक अप्रत्याशित कदम उठाया है और अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हालांकि इंटरनेट पर अभी भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स ने ये दावा किया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार को उनके विभिन्न कार्यालयों को ईरान से फोन आए। बताया गया कि ईरान के लोगों ने एपी के दुबई ब्यूरो को कॉल कर हालात की जानकारी दी। इससे पहले ईरान के लोग ऐसा नहीं कर पा रहे थे। हालांकि इंटरनेट द्वारा ईरान का अभी भी दुनिया से संपर्क कटा हुआ है। ईरान का यह फैसला बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि अभी भी ईरान में विरोध प्रदर्शन चरम पर हैं। 28 दिसंबर को शुरू हुए इन विरोध प्रदर्शन में अभी तक 600 से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। पूरे देश में फैले इस आंदोलन में कम से कम 646 लोगों की जान जा चुकी है और इस संख्या के और बढ़ने की आशंका है।

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

डॉग बाइट' पर तय कर सकते हैं सरकार और खाना खिलाने वाले की जवाबदेही

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (13 जनवरी) को आवारा कुत्तों के मामले पर अहम सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों के आतंक पर संकेत दिया कि वह आवारा कुत्तों के हमलों से होने वाली किसी भी चोट या मौत के लिए नागरिक अधिकारियों और कुत्ते पालने वालों दोनों को उत्तरदायी ठहरा सकता है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की है कि जो लोग आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित हैं, उन्हें उन्हें अपने घरों में ले जाना चाहिए, बजाय इसके कि उन्हें 'इधर-उधर घूमने, काटने और जनता को डराने' दिया जाए।

तय होगी जिम्मेदारी और जवाबदेही

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, 'कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमते हैं, लोगों को काटते हैं और डराते हैं?'न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा, 'जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? क्या उस संगठन को जो उन्हें खाना खिला रहा है? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट 7 नवंबर, 2025 के अपने उस आदेश में संशोधन की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

कुत्ता प्रेमियों और उन्हें खाना देने होवे होगे जिम्मेदार

यह मौखिक टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ते प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी 'जिम्मेदार' और 'जवाबदेह' ठहराया जाएगा।

महायुति में बढ़ी तकरार! एनसीपी के खिलाफ ईसी पहुंची भाजपा

मुंबई। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव के बीच राजनीतिक पारा चरम पर है। ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में भी तकरार देखने को मिल रही है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा जहां अजित पवार की पार्टी एनसीपी को घेर रही है तो अजित पवार भी काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। महायुति गठबंधन में आपसी झगड़े साफतौर से देखे जा सकते हैं। इस बीच अब भाजपा अपने सहयोगी दल एनसीपी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची है। महाराष्ट्र भाजपा के महासचिव राजेश पांडे के मुताबिक पार्टी ने पुणे में नगर निकाय चुनावों से पहले अपने महायुति सहयोगी एनसीपी और दूसरी पार्टियों द्वारा कथित तौर पर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स की शिकायत चुनाव आयोग से शिकायत की है। दरअसल, रविवार को एक बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अवैध होर्डिंग्स और फ्लेक्स-बैनर लगाने से बचने की सलाह दी थी। सीएम ने अपने बयान में कहा कि इससे शहर की सुंदरता खराब होती है। ऐसे में पुणे भाजपा ने सोमवार को शहर को बैनर-पोस्ट मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

Public Notice For Name Correction/Change

It is Informed to the general public that I, Ashita Shrivastava W/o Late Shri Vivek Shrivastava resident -B-30, V.I.P. State Colony, Infront Water Tank, Vidhansabha Road Raipur, Dist-Raipur (C.G.) solemnly say that in my passport my mother's name was written wrongly as SAXENA. Actually my mother's name is SHASHI SAXENA. All my future government, semigoverment and other documents/records my mother's name added and recognized as SHASHI SAXENA.

ASHITA SHRIVASTAVA
W/o Late Shri Vivek Shrivastava
Add. B-30, V.I.P. State, Infront Water Tank, Vidhansabha Road Raipur Dist-Raipur (C.G.)

'हमने पाकिस्तान की परमाणु हमले की गीदड़भभकी की हवा निकाली': सेना प्रमुख

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर भारत के थल सेना प्रमुख ने अहम बयान दिया। उन्होंने सैन्य कार्रवाई- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भारत की तत्परता और रणनीतिक स्पष्टता को दिखाया है। देश की उत्तरी सीमा पर मौजूदा स्थिति के बारे में सेना प्रमुख ने कहा, फिलहाल हालात स्थिर बने हुए हैं लेकिन सुरक्षाबलों का निरंतर सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेना और आम नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। सेना प्रमुख ने चीन के साथ लगती सीमा पर बरते जाने वाले एहतियात को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने चीनी सीमा पर मौजूदा स्थिति को लेकर कहा, हमारी सैन्य तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी दहशतगर्दों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली कार्रवाई के बारे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता से अंजाम दिया गया। बता दें कि भारतीय सेना ने बीते वर्ष 6-7 मई की दरम्यानी रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। करीब 22 मिनट की इस कार्रवाई के दौरान नौ आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की गई थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद निर्णायक जवाबी कार्रवाई का स्पष्ट निर्णय सर्वोच्च स्तर पर लिया गया। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक रणनीति को अंजाम दिया।

हिमालय में मिला कैंसर रोधी दुर्लभ चागा मशरूम

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह मशरूम न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है। डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरू मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। दिखने में यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है। चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।

-:: आम सूचना ::-
नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आकाश चंद्रवंशी पिता श्री भरत राम, उम्र 33 वर्ष, निवासी- मकान नं.- 508/2 वार्ड नं.-47 रायपुर नाका दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का है, मेरे पक्षकार के शैक्षणिक रिकार्ड में नाम-आकाश कुमार चंद्रवंशी दर्ज है, परन्तु मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र इत्यादि में नाम- आकाश चंद्रवंशी है, जो कि सही एवं सत्य है। कि आकाश चंद्रवंशी एवं आकाश कुमार चंद्रवंशी दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार को आकाश चंद्रवंशी पिता श्री भरत राम, के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावेगा।

अतः सो सूचना जानें।

दुर्ग
दिनांक- 13/01/2026

निखिल महलवार
अधिवक्ता

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित सिनि.एम.आई.जी. योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **सिनि.एम.आई.जी.-91 सेक्टर 04 में श्री अमर सिंह पटेल पिता श्री शंकर लाल पटेल** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 29. 04.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय करने हेतु दिनांक **23.12.2025** को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्रीमती शशिकला साहू पति श्री सुरेन्द्र कुमार साहू** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
// ईश्तहार //

ई कोर्ट नं....
ग्राम झलमला
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रीति कोसमा पति श्री रोहित कुमार कोसमा जाति हल्बा निवासी ग्राम हितकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद छ0ग0 द्वारा ग्राम झलमला प0ह0नं0 20 स्थित भूमि खसरा नं. 665/6 रकबा 0.013 हे0 गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1. ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 28/02/26 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12/01/26 को जारी दिनाक किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र.202601101000032/अ-6/वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक- अमित सिंह पिता स्व. राम सिंह निवासी - राम नगर सुपेला द्वारा ग्राम - कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7501 रकबा 0.050 हे. है। जो भूमिस्वामी राम सिंह पिता स्व. घनासिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी राम सिंह पिता स्व. घनासिंह की मृत्यु दिनांक 25.03.2021 एवं आवेदक की माता राजेन्द्र कौर पति स्व. राम सिंह को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/01/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा विभाग में रेसीडेंट हाउस ऑफिसर / रजिस्ट्रार / सीनियर रजिस्ट्रार पदों हेतु 'वाक - इन इन्टरव्यूह'

भिलाई इस्पात संयंत्र को अपने आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त 860 बिस्तरों वाले चिकित्सालय के लिए निम्नलिखित शर्तों पर स्टाइपेंड / वृत्तिकाग्राही रेसीडेंट हाउस ऑफिसर एवं रजिस्ट्रार चाहिए।

विभाग:
जनरल मेडिसिन, चेस्ट एवं टी.बी., अर्थोपैडिक्स, पैथालॉजी, ई.एन.टी., जनरल सर्जरी, साइकायट्री, रेडियो डायग्नोसिस, डरमेटोलॉजी, ऑपथलमोलॉजी एवं आब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी।

श्रेणी	योग्यता (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्य)	स्टाइपेंड / वृत्तिका(रू. प्रतिमाह)
रेसीडेंट हाउस ऑफिसर	एम.बी.बी.एस / बी.डी.एस	50000/-
रजिस्ट्रार	एम.बी.बी.एस एवं डिप्लोमा	60000/-
सीनियर रजिस्ट्रार	एम.बी.बी.एस, एम.एस., एम.डी. अथवा डी.एन.बी	70000/-

शर्तें-
31.01.2026 को आयु : एम.बी.बी.एस : 30 वर्ष
एम.बी.बी.एस एवं डिप्लोमा : 35 वर्ष
एम.बी.बी.एस / एम.एस. / एमडी एवं डी.एन.बी.

आयु में छूट : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को 3 वर्ष।

कार्य-अवधि : प्रारंभ में यह 1 साल के लिए होगी जो कि अतिरिक्त 1 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

इच्छुक पात्र अभ्यर्थी "वाक इन इंटरव्यू" (walk-in-interview) के लिए उपरोक्त तिथि एवं समय पर समस्त कागजात (मूल प्रति एवं एक सेट फोटो कॉपी) उम्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए), मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और "स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, भिलाई स्टील प्लांट" के नाम 250रु. का डिमांड ड्राफ्ट (वापसी योग्य नहीं) के साथ उपस्थित उपस्थित हों। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को उपरोक्त शुल्क नहीं देना होगा। साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

पंजीकरण का समय : प्रातः 9.30 AM - 11.30 AM बजे
साक्षात्कार तिथि : 31.01.2026
स्थान : कार्यालय प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई।

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-18 / 25-26 / दिनांक : 13 / 01 / 2026

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454 Website: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

'जन नायकन' के समर्थन में उतरे राहुल, 'मोदी जी आप तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते'

मुंबई/ए.। थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।''जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था।

इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने बनाया रिकॉर्ड

मुंबई। देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने एक नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वर्ष 2025 में 4 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ष 2026 में यह रफ्तार और तेज होगी, क्योंकि देश में चार सेमीकंडक्टर प्लांट इस साल व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने जा रहे हैं।

सरकारी अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन करीब 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि निर्यात 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा। मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो रहा है, बल्कि विदेशी मुद्रा आय भी बढ़ी है।

!! न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग - 01, जिला-दुर्ग !!
ईश्तहार

रा.प्र.क. / 202512104700027/अ-6/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक श्री कामेश्वर प्रसाद सार्वे उम्र- 41 वर्ष पिता- स्व. श्री गणेश राम जाति - ढीमर, निवासी - वार्ड 12, ग्राम सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम- सिरसाखुर्द प0ह0नं0- 06 रा0नि0म0 जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर- 447/2 रकबा 0.01 हे0 लगान भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता श्री गणेश राम पिता बिसेलाल के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्री गणेश राम पिता बिसेलाल का स्वर्गवास दिनांक 04/05/2024 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसान 1. कामेश्वर प्रसाद सार्वे (पुत्र) 2. भूपेन्द्र कुमार (पुत्र) 3. चेतना धीवर (पुत्री) 4. श्रीमती गुलापा बाई (पत्नी) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 14/01/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/01/26 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक-07/01/2026
सुनवाई दिनांक-14/01/2026

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग-01

!! न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग - 01, जिला-दुर्ग !!
ईश्तहार

रा.प्र.क. / 202512104700028/अ-6/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक श्री कामेश्वर प्रसाद सार्वे उम्र- 41 वर्ष पिता- स्व. श्री गणेश राम जाति - ढीमर, निवासी - वार्ड 12, ग्राम सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम- सिरसाखुर्द प0ह0नं0- 06 रा0नि0म0 जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर- 572 रकबा 0.430 हे0 लगान 1.80 रूपये भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता श्री गणेश राम पिता बिसेलाल के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्री गणेश राम पिता स्व. बिसेलाल का स्वर्गवास दिनांक 04/05/2024 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसान 1. कामेश्वर प्रसाद सार्वे (पुत्र) 2. भूपेन्द्र कुमार (पुत्र) 3. चेतना धीवर (पुत्री) 4. श्रीमती गुलापा बाई (पत्नी) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 14/01/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/01/26 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक-07/01/2026
सुनवाई दिनांक-14/01/2026

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग-01

// नाम परिवर्तन की आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरिशंकर पाण्डेय पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय, उम्र- 27 वर्ष, निवासी-म.नं.-72, वार्ड नं.-07, कोटनी, नगपुरा, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ-

1. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम हरिशंकर पाण्डेय पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय (HARISHANKAR PANDEY S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) दर्ज है एवं मेरे परिचय पत्र में हरिशंकर पांडे पिता भीष्म पांडे (HARISHANKAR PANDEY S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) दर्ज है तथा मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम हरिशंकर पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय (HARISHANKAR S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम हरिशंकर पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय (HARISHANKAR S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) एवं हरिशंकर पांडे पिता भीष्म पांडे (HARISHANKAR PANDEY S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) दर्ज है।
2. यह कि, मैंने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम हरिशंकर पाण्डेय पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय (HARISHANKAR PANDEY S/O BHISHAM PRASAD PANDEY) कर लिया है। कि भविष्य में मुझे नये नाम "हरिशंकर पाण्डेय पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय (HARISHANKAR PANDEY S/O BHISHAM PRASAD PANDEY)" के नाम से जाना पहचाना, पुकारा, पढ़ा लिखा जावें।
3. यह कि मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सुचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया गया है।

तदानुसार सूचना जाने।
दिनांक- 13/01/26

आवेदक
हरिशंकर पाण्डेय पिता भीषम प्रसाद पाण्डेय, निवासी-म.नं.-72, वार्ड नं.-07, कोटनी, नगपुरा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

क्र./665/निविदा/लो.नि.वि./2026 भिलाई-चरौदा, दिनाँक- 13/01/2026

// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर क्र.	लागत राशि (रू लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	वार्ड क्र. 05 पथर्रा भवन से तालाब एवं किराना स्टोर से स्कूल तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (2nd call)	183704	रू 21.27	04-02-2026
2	शास.प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र, भिलाई-03 से मॉडल रोड तक बी.टी. रोड सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य (2nd call)	183705	रू 49.31	04-02-2026
3	वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर में तालाब निर्माण कार्य	183706	रू 29.04	04-02-2026
4	SLRM सेंटर के पास डॉग शेल्टर का निर्माण कार्य	183707	रू 14.50	04-02-2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट **https://www.eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत् दस्तावेज़ कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक **06.02.2026** समय - सायं **5:30 बजे** तक निर्धारित है।

"प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए "

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक- 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(द्वितीय आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
276/183535	Ordinary Maintainance Work on Various Road & Various Culvert Under Sub Division No. 3 Nava Raipur	रू. 50.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.01.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी-252605977/2

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd floor, Sanchar Vikash Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur-482001, MP

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

RC/459/2019 21-11-2025

CENTRAL BANK OF INDIA
VERSUS
MAYADHAR BARIK

To

1. (CD1) **MAYADHAR BARIK**, Village- Gidhi, PPO- Singhanpur, Tehsil- Basna, Mahasamund (C.G.)-493554.
2. (CD2) **TRITYA PRADHAN**, Village- Bardih, PO- Singhanpur, Tehsil- Basna, Mahasamund (C.G.)-493554.
3. (CD3) **DHANURJAY BARIHA**, Village- Kapukunda, Tehsil- Saraipali, Mahasamund (C.G.)-493554.

Whereas you the **MAYADHAR BARIK** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **26/07/2019** in **OA/527/2018** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 1157753.00 (Rupees Eleven Lakhs Fifty Seven Thousands Seven Hundred Fifty Three Only)** along with pendentelite and future interest @ **11.00%** Simple Interest Yearly w.e.f. **09/05/2018** till realization and costs of **Rs 14000 (Rupees Fourteen Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **19/01/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of Property:

Agriculture Land having Khasra No.- **1093/1, 1093/12, 1095/1, 1098, 139/1, 153/1** and **610/1**, Basra No.- **139/1**, PH No. 26, RNM Basnam area **1.88** hectare, Khata No.- **156/184**, PC No.- 27, PH No 27, at Village- Gidhli, RIC and Tehsil- Basna District- Mahasamund (C.G.); belonging to **Shri Mayadhar Barik S/o. Late Ramo Barik and Smt. Tritiya Pradhan D/o. Late Ramo Barik**.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **21/11/2025**.

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
1st call

NIT NO: 870/PWD/ZONE-9/2026 **RAIPUR DATED: 13.01.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 05.02.2026 at 17.30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor / firm	Time allowed for Completion	SOR Applicable
01	183766	विधायक निधि के तहत महात्मा गांधी वार्ड क्र. 08 सतनामी पारा, सडडू के पास सामुदायिक भवन के प्रथम तल में भवन तथा शौचालय निर्माण कार्य	1000000/-	7500/-	Class-D & above	06 माह	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित
02	183767	जोन क्रमांक 9 अंतर्गत कचना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, पत्रकार कालोनी में पाईप लाईन बिछाने का कार्य	2701000/-	21000/-	Class-D & above	03 माह	लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दि. 01.06.2020 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from 13.01.2026 **17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No.18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। कार्य क्रमांक-1 के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 750/- तथा कार्य क्रमांक-2 के लिए 1500/- देय डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
ZONE-9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

न्यूज गैलरीं

भाजपा सरकार के संरक्षण में अश्लीलता का प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद में और सूरजपुर के सरकारी रेस्ट हाउस में अश्लील डांस के आयोजन के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा को नष्ट करने की साजिश रची जा रही है। भाजपा सरकार के संरक्षण में राजधानी रायपुर, गरियाबंद, सूरजपुर में अश्लील डांस का आयोजन हो रहा है ये बेहद शर्मनाक है। गरियाबंद में जिस प्रकार नग्नता का प्रदर्शन हुआ और उस कार्यक्रम में एसडीएम एवं पुलिसवालों की डांस करते वीडियो सामने आया है ये सरकार की संरक्षण का प्रमाण है। सूरजपुर के सरकारी रेस्ट हाउस में अश्लील डांस का आयोजन हो जाता है और जिम्मेदार लोग मौन रहते है। राजधानी रायपुर में कुछ महीना पहले न्यूड पार्टी की आयोजन की अनुमति दी गई थी विरोध होने पर कार्यक्रम की अनुमति निरस्त की गई। बिरगांव में छठ पूजा कार्यक्रम में भी आयोजन हुआ। राजधानी में ड्रग्स पार्टी, रेव पार्टी सहित कई गैरकानूनी आयोजन हो रहा है। ये सरकार के संरक्षण के बिना संभव नही है।

हर 3 घंटे में दुष्कर्म, हत्या, लूट, डकैती, चाकूबाजी से भय का माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की तेलीबांधा क्षेत्र में गैंगवार और चाकूबाजी में युवक की हत्या को भारतीय जनता पार्टी की सरकार का जंगलराज करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में राजधानी रायपुर क्राइम कैपिटल बन गया है। पिछले एक साल में रायपुर में 92 हत्या, 280 दुष्कर्म और 543 चाकूबाजी के अपराध दर्ज हुए हैं, विगत 5 दिनों में ही 4 हत्याएं हुई है। श्याम नगर में गैंगवार की घटना गांजा बेचने, रंगदारी और वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है। अपराधियों में पुलिस और कानून का खौफखत्म हो चुका है, लोग गाजर मूली की तरह काटें जा रहे हैं, यह जंगल राज भाजपा सरकार की नाकामी का प्रमाण है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि शांति का टापू कहलाने वाला छत्तीसगढ़ भाजपा की सरकार में अपराधगढ़ बन गया है, गुंडे बदमाशों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि प्लानिंग करके गैंगवार किया जा रहे हैं, वारदात के पहले तेलीबांधा के पूरे इलाके में लाइट बंद कर दी गई, सरकार का इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल हो चुका है, लोग दहशत में जीने मजबूर हैं। सरकार की प्राथमिकता अपराध नियंत्रण के बजाय भ्रष्टाचार और कमीशन की कालीकमाई में हिस्सेदारी में है, अवैध नशे का कारोबार इस सरकार के संरक्षण में फैल रहा है यही वजह है कि अपराध दिनोदिन बढ़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की पनाह स्थली बन गया है, लॉरेंस बिश्नोई, अमन साव गिरोह के गुर्गे खुले आम घूमने लगे हैं, दिनदहाड़े गोलीबारी हो रही है, गैंगवॉर हो रहे हैं, डीडी नगर, रायपुरा और रिंग रोड में फायरिंग का मामला सर्वविदित है। कल ही पंजाब के दो दो हत्यारे रायपुर से पकड़े गए, भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है, प्रदेश के गृहमंत्री को नैतिकता के नाते तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए।

'विकसित भारत यंग प्रोफेशनल्स राउंड टेबल' का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। इशरे रायपुर चैप्टर एवं ग्लोबल यूथ फेडरेशन, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं छत्तीसगढ़ यंग थिंकर्स के समन्वय में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफप्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में विकसित भारत यंग प्रोफेशनल्स राउंड टेबल का सफल आयोजन किया गया। इस राउंड टेबल चर्चा का विषय टेक फॉर विकसित भारत - टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एवं इन्क्लूज़न रहा। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष रूप से चर्चा हुई कि किस प्रकार छत्तीसगढ़ का युवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अग्रसर है।

रोलबोल कम्युनिटी का 6वां स्थापना दिवस गरिमामय रूप से संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। रोलबोल कम्युनिटी का 6वां स्थापना दिवस 12 जनवरी को रायपुर में गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता मनोज वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन रोलबोल रायपुर एस्पायर 2026 की टीम द्वारा किया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर रोलबोल एस्पायर की नवगठित कार्यकारिणी ने संगठन के मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामूहिक विकास के संकल्प के साथ विधिवत शपथ ग्रहण की।

मुख्य कार्यकारिणी में अध्यक्ष फणिश जैन, सचिव राकेश नवलखा, कोषाध्यक्ष मेहुल गोयल को दायित्व सौंपा गया। साथ ही वर्टिकल चेयर्स के रूप में यश ठक्कर,अनुश्री अग्रवाल,निलेश सांखला,जयराज गुरनानी एवं पीआरओ अमित वाधवानी ने भी शपथ ली।

मुख्य अतिथि मनोज वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रोलबोल केवल एक संस्था नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला एक प्रभावशाली मंच है। उन्होंने रोलबोल द्वारा युवाओं, प्रोफेशनल्स और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और संगठन को निरंतर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोलबोल के संस्थापक दर्शन सांखला ने कहा कि छह वर्ष पूर्व रोलबोल की शुरुआत एक विचार के रूप में हुई थी, जो आज एक सशक्त लाइफ मैनेजमेंट कम्युनिटी के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पिछले छह वर्षों में रोलबोल द्वारा 200 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनके माध्यम से हजारों लोगों को सीखने, जुड़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में रोलबोल अपने चारों प्रमुख वर्टिकल–लाइफस्टाइल, लर्निंग, सोशल और कनेक्ट–के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, जीवन प्रबंधन और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए और अधिक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

कार्यक्रम का समापन संगठन की उपलब्धियों की झलक, भविष्य की योजनाओं और ÷रेस्ट ऑफ लाइफ बेस्ट ऑफ लाइफ÷ के संदेश के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर में 15.50 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

■ सड़कें बनेंगी विकास का आधार

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री और भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज सूरजपुर जिले में 15.50 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इन कार्यों के शुभारंभ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े अपने गृह ग्राम बीरपुर से कसलगिरी सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन में ग्राम कसलगिरी, पंचायत भवन के पास सम्मिलित हुईं। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम केंवटाली से सुन्दरपुर सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर ग्राम केंवटाली चौक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं ग्राम गंगौटी से शिवपुर सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में ग्राम शिवपुर, यादव पारा में भी मंत्री श्रीमती राजवाड़े सम्मिलित हुईं।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़कें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को लाभ होगा तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और वंचित वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशीप मेले का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था , रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशीप मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 16 विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कंपनियों ने सहभागिता करते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेले के दौरान कुल 250 प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें से 190 युवाओं का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र उपाध्याय ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी युवाओं से कुशल, सक्षम एवं सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशीप मेले में शामिल सभी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान कर उन्होंने समृद्ध भारत के निर्माण में सराहनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक संजय ठाकुर, वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी शिवचरण हिरवानी, प्लेसमेंट एडवाइजर पवन बारले, प्लेसमेंट अधिकारी सुधा ठाकुर सहित समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

रायपुर प्रेस क्लब चुनावः मोहन तिवारी बने अध्यक्ष गौरव शर्मा ने महासचिव पद पर मारी बाजी

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की सूची

पद	निर्वाचित उम्मीदवार
अध्यक्ष	मोहन तिवारी
महासचिव	गौरव शर्मा
उपाध्यक्ष	दिलीप साहू
कोषाध्यक्ष	दिनेश कुमार यदु
संयुक्त सचिव (1)	निवेदिता साहू
संयुक्त सचिव (2)	भूपेश जांगड़े

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पत्रकारों की सबसे प्रतिष्ठित संस्था प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कड़े मुकाबले और भारी उत्साह के बीच मोहन तिवारी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। वहीं, महासचिव पद पर गौरव शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए विजय पताका फहराई है। सुबह से जारी मतदान के बाद देर शाम हुई मतगणना में मोहन तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों को पटखनी देते हुए अध्यक्ष पद की कुर्सी अपने नाम की। पत्रकारिता जगत में अपनी सक्रियता के लिए पहचाने जाने वाले मोहन तिवारी की इस जीत को राजधानी के पत्रकारों ने एक नई दिशा की शुरुआत माना है। महासचिव पद पर गौरव शर्मा का दबदबाः महासचिव के पद पर हुए बहुकोणीय मुकाबले में गौरव शर्मा विजयी रहे। इस पद के लिए सबसे अधिक 8 उम्मीदवार मैदान में थे, जिससे मुकाबला काफी रोचक हो गया था।

कलिंगा में भारतीय भाषा परिवार पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) एवं कलिंगा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा परिवारः नए क्षितिज, नई दृष्टि और भाषाई एकता का भविष्य विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 9-10 जनवरी, 2026 को किया गया।

इस कार्यक्रम में 21 वक्ताओं एवं 179 प्रतिभागियों ने सहभागिता की तथा सभी भारतीय भाषाओं के सम्मान एवं हिंदी को राष्ट्र की संपर्क भाषा के रूप में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान भारतीय भाषा परिवार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक आलोक देव थे, जिन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि सभ्यता की रीढ़ है। उन्होंने शिक्षा, अनुसंधान, सामाजिक एकीकरण, शिक्षा में मातृभाषा के उपयोग तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में भारतीय भाषा समिति की भूमिका की सराहना की।

इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखक श्री वरुण श्रीवास्तव भी मौजूद थे, जिन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाषा राष्ट्रीय एकता की एक अहम कड़ी है, और देश की सभी बोलियाँ और भाषाएँ अपने प्राकृतिक रूप में फलती-फूलती रहनी चाहिए।

दिव्यांग युवा बन रहे आत्मनिर्भरः उज्जवल सिंह को पेट्रोल पंप में मिला रोजगार

■ आत्मनिर्भर दिव्यांगजनः श्रवण बाधित युवक को मिला रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग रायपुर द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संबल केंद्र में आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से चयनित श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में राजधानी रायपुर के श्रवण बाधित दिव्यांग श्री उज्जवल सिंह को एक पेट्रोल पंप में स्वागतकर्ता के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। नियुक्ति प्राप्त होने पर उज्जवल सिंह ने साइन लैंग्वेज के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस अवसर से अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को रोजगार देने को लेकर समाज में संकोच देखा जाता था, किंतु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संवेदनशील नेतृत्व एवं सकारात्मक प्रयासों के कारण आज दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। सिंह ने इस अवसर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की इस पहल से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर गरिमापूर्ण जीवन यापन कर पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें समाज में सम्मान, स्वावलंबन एवं आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

सर्तक ऐप से सख्त निगरानीः धरसीवां में 200 क्विंटल धान व वाहन जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित सर्तक ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिले के धान उपार्जन केंद्रों, राइस मिलों एवं समितियों में सघन जांच अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज धरसीवां विकासखंड के ग्राम दोंदेकला स्थित प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति में संयुक्त जांच दल द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पीडी राइस मील के संचालक श्रीमती नूतन अग्रवाल, पति श्री प्रदीप अग्रवाल से संबंधित 500 कट्टा (200 क्विंटल) धान एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन क्रमांक छ्त्त 04 छ्ध्व 0813 को जप्त एवं राइस मील को सील किया गया।

सर्तक ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तीन दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जिले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो पा रही है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी एवं उठाव की निगरानी के लिए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष सर्तक ऐप के माध्यम से नई तकनीकी व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी एवं परिवहन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। जीपीएस तकनीक से वाहनों की ट्रैकिंग की जा रही है तथा संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में लगाए गए कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है।

मील को किया गया सील, धान खरीदी में अनियमितता पर जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी मंडी अधिनियम के अंतर्गत अनियमितताओं पर धान जप्ती एवं जुर्माने की कार्रवाई की जा चुकी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि सर्तक ऐप से प्राप्त शिकायतों पर आगामी तीन दिनों के भीतर राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच की जाएगी। जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित राइस मिलों को काली सूची में डालने एवं आवश्यकतानुसार सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं किसान हितैषी बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

न्यूज गैलरी

17 वर्षीय किशोरी ने दी जान, जांच जारी

कुम्हारी/नवप्रदेश। महामाया पारा में सोमवार शाम 17 वर्षीय खुशी पासवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पिता के साथ दुर्गा मंदिर के पास किराए के मकान में रहती थी, उनका परिवार मूल रूप से बिहार रोहतास का रहने वाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है और पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

राजनीतिक दलों को दी एसआईआर के दावा-आपत्ति से संबंधित जानकारी

दुर्ग/नवप्रदेश। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिरेन्द्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दावा आपत्तियों की सूची साझा किये जाने और विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी साझा करने साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम सर्च करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट के माध्यम से अपना नाम सर्च कर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक व नाम, भाग संख्या और मतदता सरल क्रमांक सर्च कर सकते हैं। मतदान केन्द्रों में दावा आपत्तियों के संबंध में प्रारूप 9, 10, 11, 11 फ और 11 ख संबंधितों को उपलब्ध कराया गया। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा उनकी पात्रता की जांच, प्रस्तुत दस्तावेजों और बीएलओ रिपोर्ट के आधार पर जांच करते हुए प्रस्तावित मतदाता को नोटिस जारी की जाएगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिन दस्तावेजों के आधार पर संतुष्ट हों, उन्हें ईसीनेट में अपलोड किया जायेगा। राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को फार्म-6 और घोषणा पत्र बीएलए को प्रदाय करने उपलब्ध कराया गया। ऐसे मतदाता जिन्हे सुनवाई हेतु नोटिस जारी किया गया है, वे मतदाता स्वयं वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से दस्तावेज ई-सिग्नेचर कर अपलोड करने के विकल्प के संबंध में अवगत कराया गया।

सफाई व्यवस्था का जिम्मा सिरपुर पंचायत को देने से बढ़ेगा अतिरिक्त बोझ : अमर

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरपुर महोत्सव के दौरान ग्राम पंचायत सिरपुर को साफ-सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन द्वारा पंचायत को कार्य सौंपने को लेकर पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि पंचायतों में वर्तमान में फंड की कमी है। 15वें वित्त की राशि भी पंचायतों के खाते में नहीं पहुंची है। ऐसे में पंचायत अपने ही गांव के मूलभूत कार्य, सफाई, पेयजल, स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिए फंड का बाट जोह रहे हैं और ऊपर से प्रशासन द्वारा सिरपुर महोत्सव जैसे बड़ा आयोजन में साफ-सफाई की जिम्मेदारी सिरपुर पंचायत को दिये जाने से पंचायत

पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। अमर ने कहा कि इससे पूर्व सावन माह में बोलबम कांवरियों तथा स्थानीय युवाओं के बीच बलवा जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कार्यक्रमों के दौरान प्रशासन की व्यवस्था आधी-अधूरी रहती है। पुलिस सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग की टीम की कमी तथा सफाई की कमी देखी जा चुकी है। सिरपुर महोत्सव जैसे बड़ा आयोजन के लिए प्रशासन को फंड जारी कर प्रत्येक कार्यों के लिए विभागों को जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए।

निर्माण कार्यों में तेजी लाकर तय समय पर पूरा कराएं -कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने की समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा**

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जिले में प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्यो में तेजी से प्रगति लाकर तय समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि निर्माण कार्यो में प्रगति लाने का अभी 3से 4 महीने का

उपयुक्त समय है। इस अवधि में सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति लाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत अब तक टेंडर हेतु प्रक्रियाधीन कार्यो में भी तेजी लाने के निर्देश दिये।उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमित कोर्ट लेकर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं से प्राप्त दावा -आपत्ति की सुनवाई नियमानुसार एवं तय समय पर पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया। उन्होंने एसआईआर कार्य में पूरी सावधानी व सतर्कता बरतने कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि अंतिम 15 दिन ही शेष बचे है धान खरीदी में और इस अवधि में ही बिचौलिये अधिक सक्रिय होते है। बिचौलिये के द्वारा अवैध धान की बिक्री को रोकने कड़ी निगरानी रखें। तहसीलदार एवं मण्डी की टीम लगातार जांच कर सखूती से कार्यवाही करें, कहीं. भी अवैध धान की खरीदी न हो। इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, समय - सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये।बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 का प्रदेश स्तरीय होगा भव्य आयोजन: कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने राजिम विश्राम गृह में अधिकारियों की समय सीमा बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएसण् उइके ने आज राजिम के विश्राम गृह में जिला अधिकारियों की समय.सीमा की बैठक लेते हुए राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला प्रदेश स्तरीय होगा। तथा इस मेला का आयोजन भव्य रहेगा। जिसमें श्रद्धालुए साधु.संतए कलाकार एवं दर्शनार्थी राजिम पहुँचेंगे। ऐसे में सभी विभागों को समय.सीमा के भीतर अपने.अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना होगाए ताकि मेला निर्विघ्नए सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। कलेक्टर ने राजिम कुंभ कल्प

मेला स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए कहा कि पेयजलए स्वच्छताए स्वास्थ्य सेवाएँए सुरक्षा व्यवस्थाए आवागमनए पार्किंग प्रबंधनए विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में प्रवेश मार्गों की मरम्मतए साफसफाईए अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था तथा चिकित्सा शिविरों की स्थापना समय रहते पूरी कर ली जाए।

उन्होंने पुलिस विभाग को भीड़ प्रबंधनए यातायात कंट्रोल और सुरक्षा की दृष्टि से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापनाए कंट्रोल रूम संचालन तथा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंसए मोबाइल मेडिकल यूनिट और प्राथमिक उपचार केंद्र उपलब्ध कराने और नगरीय निकाय के अधिकारियों को मेला परिसर एवं नगरीय निकाय राजिम की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला गरियाबंद जिले की पहचान है। इसकी गरिमा और परंपरा को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर मेला को सफल बनाने में अपना शत.प्रतिशत योगदान दें।

श्री उइके ने बताया कि मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही दुकानए विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की आवागमन सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। मेला के लिए सभी टेंडर का कार्य जल्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उइके ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनपद सदस्य की मांग पर सड़क मरम्मत कार्य शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत सदस्य सुधा योगेश्वर चन्द्राकर ने कुछ माह पूर्व संचार संकर्म की बैठक में जनपद क्षेत्र के सोरिद सड़क में गड्डों की स्थिति और गंभीर दुर्घनाओं की संभावना को देखते हुए सड़क संधारण के लिए प्रतिवेदन देते हुए जनहित में शीघ्र सड़क मरम्मत करने का आग्रह शासन को प्रेषित किया था, जिस पर शासन ने गंभीरता से सज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर दिया हैं। जिसका अवलोकन पूर्व जनपद सदस्य योगेश्वर चन्द्राकर द्वारा किया गया सुन शान एवं जर्जर सड़क पर नशेड़ी और मनचले युवाओं द्वारा स्कूली छात्रों से छेड़छाड़ की शिकायतें भी अक्सर मिलने को देखते हुए सुधा चन्द्राकर द्वारा थाना प्रभारी को स्कूल लगने एवं छुट्टी के समय पेट्रोलिंग दस्ता भेजकर निगरानी करने के साथ साथ लोक निर्माण विभाग से सड़क मरम्मत करने का प्रस्ताव दिया गया, जिसके फलस्वरूप मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। जिसके लिए जनपद सदस्य ने विभाग एवं शासन का आभार जताया हैं। साथ ही बच्चियों एवं महिलाओं की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए सतत पेट्रोलिंग सुनिश्चत करने का आग्रह किया हैं।

टैंकर को ट्रेलर ने मारी टक्कर : केमिकल ऑइल बहने से नेशनल हाईवे पर 3 किमी लंबा जाम

भिलाई / नवप्रदेश। नेशनल हाईवे पर खुर्सी पार चौक के पास मंगलवार को सड़क हादसे में केमिकल ऑइल सड़क पर फैल गया। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में केमिकल ऑइल से भरे टैंकर ने अचानक ब्रेक लगाया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टैंकर का पूरा केमिकल तेल सड़क में फैल गया। हाईवे पर फिसलन बढने से करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक लंबा ट्रैफिक जाम की स्थिति रही।

टैंकर रायपुर की ओर से दुर्ग की तरफ जा रहा था। अचानक सामने बाइक सवार आने के कारण चालक ने ब्रेक लगाया। इसी समय पीछे से ट्रेलर

ने टक्कर मार दी। टक्कर से टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया। केमिकल तेल सड़क पर बहने से एक-दो बाइक सवार भी फिसलकर गिर गए।

हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई है। युवक के पैर में गंभीर चोट लगने और फ्रैक्चर होने की आशंका जताई जा रही है। घायल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस और आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड की दो गाडियों को बुलाकर सड़क पर फैले केमिकल तेल को साफ कराया गया। ताकि किसी अन्य हादसे से बचा जा सके। मौके पर छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और लगातार यातायात बहाल करने के प्रयास किए जाते रहे। हादसे के कारण खुर्सीपार चरोदा तक नेशनल हाईवे पर करीब तीन किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। पुलिस द्वारा धीरे-धीरे वाहनों को निकालकर यातायात सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है। रात तक ट्रैफिक सामान्य होने की उम्मीद है।

कुम्हारी में बैडमिंटन टूर्नामेंट, आज पंजीकरण की अंतिम तिथि

कुम्हारी/नवप्रदेश। कुम्हारी बैडमिंटन क्लब द्वारा आगामी 17 और 18 जनवरी को महामाया रोड स्थित बैडमिंटन क्लब परिसर में नॉन-प्रोफेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज पंजीकरण की अंतिम तिथि है।

आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट पुरुष डबल्स के लिए दो वर्गों में होगा। प्रत्येक वर्ग के विजेता को 11,000 रुपये और उप-विजेता को 7,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल गैर-पेशेवर खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे और उन्हें आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए फुटबाल ट्रॉफी में

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा नगर में पिछले पाँच दिनों से ष्टरू ट्रॉफी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था आयोजक समिति जे एस एफ जोहार छत्तीसगढ़ फुटबाल जे एस एफ के द्वारा किया गया था जिसका समापन कार्यक्रम आज रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में छतीसगढ़ के मंत्री टंकराम वर्मा क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा जिला जनपद पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल तिल्दा जनपद पंचायत के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे राइस मिल एसोसिएशन की अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व अडानी ग्रुप से छत्तीसगढ़ हेड श्री ब्रिजेस पण्डें आदी लोगों की आतिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की औपचारिक अतिथियों की स्वागत के पश्चात नगर के वरिष्ठ जनों ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय जी का

स्वागत किया गया जिसके पश्चात उद्बोधन की प्रथम कड़ी में विधायक अनूप शर्मा के द्वारा खेल प्रतियोगियों का सम्मान वह परिचय कराया गया , कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से ही नहीं बल्कि आस पास की चार राज्यों की खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने की जानकारी से अवगत कराएं और साथी आज की अंतिम दिन में नारायणपुर की फुटबाल प्रतिभागियों ने प्रथम पुरस्कार ष्टरू ट्रॉफी को प्राप्त किया मुख्य मंत्री के द्वारा सीएम ट्रॉफी से सम्मानित कर बधाई दिया गया ! साथा ही प्रतियोगिता में दूसरे आने वाले प्रतियोगियों को भी बधाई देते हुय , जिन प्रतिभागियों का नम्बर नहीं लगा तो आने वाले समय के लिए कड़ी मेहनत कर हिम्मत ना हारने को कहे , इसके पश्चात विधायक अनूज शर्मा के द्वारा वैसे तो पूर्व में बोहोत अनेकानेक विकास कार्य किए गए हैं लेकिन आज जब स्वयं छत्तीसगढ़ की मुखिया हमारे घर पधारे हैं तो अपने क्षेत्र के विकास के लिए भला क्यों पीछे ही रहेंगी इस सोच को ली गायों नगर में बोहोत ही ज़्यादा ट्राफिक और हाईवे गाड़ियों का आवागमन होने के कारण नगर के सुरकच्छ को ध्यान में रख कर , बाई पास रोड जो की नए थाना की बाजू से बाईपास रोड जोकि रायपुर बलोदा बाज़ार से जाकर जोड़ने की माँग रखी।

भाजयुमो के युवा सम्मेलन में दोहराया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

दुर्ग/ नवप्रदेश। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में भाजयुमो का युवा सम्मेलन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की उपस्थिति और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में महापौर अलका बाघमार, जिला भाजपा महामंत्री विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष राजीव पांडेय, गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, आकाश सिंह ठाकुर, तेखन सिन्हा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका संस्कृति वर्मा, कुशल साहू, प्रशांत अग्रवाल, मुकेश बेलचंदन, अनिकेत यादव उपस्थित रहे।

भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की पूरजोर मांग

सन् 1935 तक भाटापारा बिलासपुर जिले में था

भाटापारा/नवप्रदेश। पिछले 2 वर्षों में भाटापारा शहर को विकास के नाम पर कोई खास व उल्लेखनीय सफलता नही मिली है। ऐसे में अब जबकि सन् 2026 का नया वर्ष प्रारंभ हो गया है भाटापारा को नये वर्ष मे जिन सौगातो की दरकार है। उसमे एक लंबे समय से की जा रही स्वतंत्र भाटापारा जिला निर्माण की मांग को पूर्ण किया जाना जरूरी हो गया है। क्योकि सन् 1935 के पहले तक भाटापारा बिलासपुर जिले का हिस्सा था। उस वक्त के सक्रीय कंग्रेस लीडर स्वर्गीय रविशंकर शुक्ल ने भाटापारा को भविष्य मे पृथक जिला निर्माण के दौरान अलग जिला बनाने की वकालत करते हुए रायपुर जिले मे समाहित करा लिया था। इसके बाद से लगातार भाटापारा स्वतंत्र जिला निर्माण के लिए बाट जोह रहा है। मध्यप्रदेश मे प्रकाश चंद सेठी जब मुख्य मंत्री थे। उस वक्त उन्होने भाटापारा जिला निर्माण के लिए अपना सकारात्मक रूख प्रकट किया था किन्तु उनके मंत्री मंडल के राजस्व मंत्री स्वर्गीय किशोरीलाल शुकला ने अपने राजहट के कारण राजनांदगांव को दुर्ग जिला से कटवाकर महज 27 किलोमीटर की दूरी में नया जिला राजनांदगांव बनवा लिया। फलस्वरूप भाटापारा का आया हुआ निवाला छिन गया। इसके पश्चात मध्यप्रदेश मे ही जब संदरलाल पटवा सरकार ने नये जिले का निर्माण शुरू किया उस वक्त एक ही लोक सभा क्षेत्र में महासमुद व धमतरी जिले का निर्माण कर भाटापारा का हक फिर से इसलिए छिन गया क्योकि सुंदर लाल पटवा के खेमे से भाजपा के भाटापारा के उस वक्त के विधायक रहे नरेन्द्र शर्मा ने उनके खेमे से बगावत कर दिया था। इसलिए भाटापारा को सुदरलाल पटवा ने जिला निर्माण में दरकिनार कर दिया।

खेल से तन-मन स्वस्थ रहता है: तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कर्राडीह में आयोजित जय महामाया ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक, भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति व बीरसिंह ध्रुव के तत्वावधान में तुषार का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। तुषार ने कहा कि सिरपुर क्षेत्र कबड्डी के लिए जाना जाता है। यहां न

केवल कबड्डी के बड़े आयोजन हुए हैं, बल्कि कई बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं, यह परंपरा आगे भी जारी रहना चाहिए। खिलाड़ियों से कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। कर्राडीह का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो, इसके लिए वे प्रयास करें। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लालाराम निषाद, शिक्षक बाबूलाल ध्रुव, बल्लू नेताम, किस लाल ध्रुव, बीर सिंह ध्रुव, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, राकेश, पवन आदि मौजूद रहे।

विवेकानंद जयंती पर युवाओं ने किया याद, पुष्पांजलि की अर्पित

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पूर्व के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनको याद कर छाया चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए स्मरण किया। उनके विचारों और आदर्शों को भी याद करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा हैं। आज भी युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रभावित हैं। उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने वाला है। वें एक समाज सुधारक, आध्यात्मिक, दार्शनिक और प्रेरक वक्ता थें। स्वामी विवेकानंद धर्म, दर्शन, वेद साहित्य, पुराणों व उपनिषदों के ज्ञाता थे। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि युवा राष्ट्र की रीढ़ हैं, जो सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। वें रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे, उन्होंने सनातन धर्म के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारतीय संस्कृति व अध्यात्म को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित किया था। स्वामी विवेकानंद औपनिवेशिक भारत में हिंदुत्व पुनरुद्धार और युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के लिए जाने जाते हैं। हिंदुत्व को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी, उसकी वजह से हिंदू धर्म को लेकर विश्वभर में आकर्षण बढ़ा। विवेकानंद की ओजस्वी वाणी, ओजपूर्ण विचारों ने सुप्त लोगों को जागृत किया। उनकी युवावस्था देश के हर युवा के लिए एक बेहतरीन मिसाल है। यही वजह है कि उनके जन्मदिन को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

पुलिस की सख्ती कार्रवाई के बावजूद धान तस्करी का खेल जारी

दो माह में एक करोड़ से अधिक का अवैध धान जब्त

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई के बावजूद धान तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है। तस्कर बेखौफ होकर अवैध धान परिवहन में जुटे हुए हैंए जिससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इन्हें किसका संरक्षण प्राप्त है। समर्थन मूल्य का फायदा उठाने ओडिशा से धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने का संगठित खेल लगातार उजागर हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले दो माह के भीतर गरियाबंद पुलिस ने धान तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का अवैध धान जब्त किया है। इस अवधि में अब तक 3625ण्75 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। 13 जनवरी मंगलवार

को एक बार फिर पुलिस ने धान के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 अलगद्अलग प्रकरणों में 614 कट्टा ;245ण्6 क्विंटलद्ध अवैध धान जब्त किया। पकड़े गए धान की अनुमानित कीमत 07 लाख 61 हजार 360 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई थाना देवभोगए अमलीपदरए इंदागांव और छुरा पुलिस द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसारए जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा हैए जिसके तहत अब तक 77 चार पहिया वाहन और 06 लावारिस प्रकरण सहित कुल 83 प्रकरणों में 8528 कट्टा धान जप्त कर संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप जरूर मचा हुआ हैए लेकिन लगातार तस्करी के सामने आ रहे मामलों ने प्रशासन के सामने यह बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है कि धान तस्करी के इस खेल को पूरी तरह कैसे रोका जाए।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने रमेश शर्मा

खरोरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश संगठन के द्वारा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ,भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के अनुशंसा से रमेश शर्मा को प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। इस संबंध में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज ने कहा कि रमेश शर्मा लंबे समय से संगठन के विभिन्न दायित्व एवं सहकारिता से जुड़े होने के साथ ही विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते आ रहे हैं। रमेश शर्मा को संगठन में स्थान मिलने से खरोरा

क्षेत्र सहित आसपास के किसानों में हर्ष और उल्लास का माहौल है। कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इस क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की बात बताया। लोगों का कहना है कि एक जमीन और संघर्षशील किसान नेता को संगठन में उचित स्थान मिलने से खुशी की लहर है, उनके लंबे अनुभव और सक्रिय कार्य शैली का परिणाम के फल स्वरुप प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपी गई है।

न्यूज गैलरी

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला में ड्राइवर के शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से ड्राइवर घायल हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि, धुरीपारा दशरथ बाड़ी मंगला निवासी शनि रजक नगर निगम में ड्राइवर है। 11 जनवरी की रात 9 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। तभी लोखंडी निवासी जीत्तु कश्यप उर्फ मोनू आया और शराब पीने के लिये 500 रुपए मांगने लगा। मना करने पर वह गाली देने लगा और चाकू से हमला कर दिया।

जुठही अंडरब्रिज पर सड़क यातायात 14 दिन रहेगा बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर मंडल के जयरामनगर स्टेशन - लटिया केबिन के बीच स्थित जुठही अंडर ब्रिज पर सड़क यातायात 14 दिन बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर स्टेशन-लटिया केबिन के मध्य किमी। 696/17-19 पर स्थित एलएचएस नं-356 (जुठही अंडरब्रिज) को 13 जनवरी 2026 सुबह 08 बजे से 26 जनवरी सुबह 08 बजे तक आवश्यक सड़क एवं हाइटगेज मरम्मत हेतु पूर्ण रूप से सड़क यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में आमजन वैकल्पिक मार्ग के रूप में पाराघाट अंडरब्रिज (एसएचएस-359) एवं समपार संख्या 360 (जयरामनगर फाटक) का उपयोग कर सकते है।

रेवेन्यू बोर्ड को विभागीय कार्रवाई का अधिकार नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के अंतर्गत तहसील पुसौर में पदस्थ रहे पटवारी सच्चिदानंद साहू के विरुद्ध छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, बिलासपुर द्वारा जारी विभागीय जांच प्रारंभ करने के निर्देश पर उच्च न्यायालय ने रोक लगाते हुए राज्य शासन, सचिव बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, आयुक्त राजस्व बिलासपुर संभाग, कलेक्टर रायगढ़, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ एवं तहसीलदार पुसौर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सच्चिदानंद साहू को 2 नवंबर 2015 को पटवारी के पद पर नियुक्त किया गया था। अपने शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान इन्होंने 12 अक्टूबर 2020 को पंचनामा तैयार किया, 26 अक्टूबर 2020 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसके आधार पर तहसीलदार पुसौर द्वारा नामांतरण आदेश दिनांक 28 अक्टूबर 2020 पारित किया गया। बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने आदेशों को निरस्त कर पटवारी एवं तहसीलदार के विरुद्ध कठोर टिप्पणियां करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए।

डीएमएफ में गड़बड़ी, आयुक्त की बनाई कमेटी करेगी जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोरबा जिले में डीएमएफ की राशि में भारी गड़बड़ी को लेकर दायर जनहित याचिका में आज हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान शासन की ओर से बताया गया कि शिकायत की जांच करने आयुक्त, बिलासपुर ने एक समिति का गठन किया है। इसके अध्यक्ष उपायुक्त (विकास), बिलासपुर संभाग हैं। हाईकोर्ट में 30 जनवरी को अगली सुनवाई तय की गई है। कोरबा जिले में खनिज न्यास की राशि में हुई गडबडी पर याचिकाकर्ताओं के वकील सुदीप श्रीवास्तव ने चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी को बताया कि, याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट नियम, 2007 के अनुसार 5 जनवरी 2026 को सुरक्षा जमा राशि पहले ही जमा कर दी है। अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने बताया कि, याचिकाकर्ताओं की शिकायत, भारत सरकार के खान मंत्रालय के अवर सचिव ने 20 नवंबर 2024 को पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव को भेजा था, इसे आयुक्त द्वारा जिला मजिस्ट्रेट, कोरबा को भेजा गया है। यह भी बताया कि आयुक्त, बिलासपुर संभाग ने एक समिति का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त (विकास), आयुक्त कार्यालय, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर कर रहे हैं। याचिकाकर्ता को भी अपनी शिकायत के निवारण के लिए 14 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे बुलाया गया है। अगली सुनवाई 30 जनवरी को तय की गई है।

बॉयफ्रेंड ने की गर्लफ्रेंड की हत्या, बार में खाना ऑर्डर करने के बाद विवाद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जिलेट बार में बॉयफ्रेंड ने शराब की बोतल से मारकर अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक ने युवती को गले लगाकर रोया और फिर भाग गया। यह पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, युवती का नाम वेदिका सागर है और वह गीता नगर इलाके की रहने वाली है। वहीं युवती को मारने वाले का नाम टी. सुनील राव उर्फ शीनू है। मारने का लाइव वीडियो भी सामने आया है। हालांकि विवाद किस वजह से हुआ, पुलिस जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि, दोनों बार पहुंचे और खाने में नॉनवेज और शराब ऑर्डर किया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और युवती भड़की और शराब की बोतल उठाई फिर वापस रख दिया। इसके बाद शीनू अचानक भड़का और विवाद करने लगा। युवक ने गुस्से में आकर युवती के सीने पर हमला किया। इसके बाद सिर में तीन बार बोतल मारी, जिससे सिर फट गया और उसकी मौत हो गई।

भारत स्काउट-गाइड मामले में लगाई थी याचिका, अब 12 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

सांसद बृजमोहन की याचिका पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि भारत स्काउट-गाइड के राज्य परिषद अध्यक्ष पद से हटाने के मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में की गई, जहां अदालत ने राज्य शासन को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है।

भारत स्काउट-गाइड मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब: कोर्ट ने शासन से पूरे मामले पर अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है। हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 12 फरवरी तय की है। फिलहाल अदालत ने मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया है। दरअसल, सांसद

बृजमोहन अग्रवाल की ओर से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि उनको इस पद से हटाने का प्रस्ताव और प्रक्रिया असंवैधानिक है। उन्हें बिना कोई सूचना दिए और न ही कोई सुनवाई किए ये कार्रवाई की गई है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आरोप लगाया कि पूरी कार्रवाई एकतरफा तरीके से की जा रही है। याचिका पर सुनवाई जल्द होने की बात कही जा रही है। याचिका में यह भी कहा गया है कि उन्होंने सांसद और परिषद के वैधानिक अध्यक्ष की हैसियत से 5 जनवरी को जंबूरी की बैठक भी ली थी, जिसमें जंबूरी स्थगन का निर्णय लिया गया था।

वित्तीस अनियमितताओं की शिकायतें आईं: उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में स्काउट्स गाइड्स की राष्ट्रीय जंबूरी पर घमासान मचा हुआ है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को अध्यक्ष बताते हुए वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर जंबूरी को रद्द कर दिया, लेकिन स्काउट्स के छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त ने इस भ्रामक बताया। और बालोद में जंबूरी अब अपने समापन चरण पर है।

क्या है पूरा मामला?

पूरा मामला शुरू हुआ 13 दिसंबर 2025 को जब प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के खेमे की ओर से एक आदेश जारी हुआ, जिसमें उन्हें स्काउट्स एंड गाइड का पदेन अध्यक्ष मनोनीत बताया गया था। वहीं, प्रदेश में 9 से 13 जनवरी 2026 तक दुधली, जिला बालोद में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन होना प्रस्तावित था। हाल ही में बृजमोहन

अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया था कि प्रशासनिक विवादों और गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के कारण इसे स्थगित किया जाता था। इसके बाद भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की ओर से प्रेस नोट जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक दुधली, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में किया जा रहा है। इस आयोजन को स्थगित करने की अफवाहें थी।

स्थान बदला गया

इधर, छत्तीसगढ़ राज्य आयुक्त ने इसे भ्रामक बताते हुए कहा कि, बालोद में यह आयोजन 9 से 13 जनवरी तक यथावत है। यहां यह बताना लाजिमी है कि, परिषद की बैठक में यह बात भी सामने आई थी कि पूर्व में राज्य कार्यकारिणी एवं राज्य परिषद द्वारा राजधानी क्षेत्र नया रायपुर में स्काउट्स गाइड्स की राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन रखा था। लेकिन बाद में इसका स्थान बदलकर बालोद जिले में कर दिया गया।

सीएम बोले-दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम और समर्पण से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें युवा

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 युवा, एक संगठन 'युवा रत्न' से सम्मानित

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के आठ युवाओं और धमतरी जिले के युवा स्टार सेवा समिति खुरतुली को राष्ट्रीय युवा दिवस पर सम्मानित किया। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित युवा रत्न सम्मान समारोह में सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान प्रदान किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद ने मात्र 31 वर्ष की आयु में दुनिया में भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और सभ्यता का मान और सम्मान बढ़ाया। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य की उत्कृष्ट युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है। हमारी युवा प्रतिभाओं को पोषित, पल्लवित और आगे बढ़ाने का काम हम कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए उन्हें दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम, समर्पण और संकल्प से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने को कहा।

छत्तीसगढ़ के युवा कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम कर रहे हैं: सचिव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार ने कहा कि, युवा रत्न सम्मान के लिए राज्य के बहुत से सक्षम युवाओं के आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से अलग-अलग क्षेत्रों से एक-एक नाम का चयन बहुत मुश्किल था। राज्य के युवा कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। उनके कार्यों को सम्मानित और रेखांकित करने के लिए विभाग ने इस वर्ष से ये सम्मान शुरू किए हैं।

राज्य के इन युवाओं को मिला युवा रत्न सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित समारोह में बेमेतरा के एस्ट्रोफिजिक्स में सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक एवं पीएचडी छात्र और एनएएसओ (छौट) ओलंपियाड में स्वर्ण पदक से सम्मानित पीयूष जायसवाल को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान प्रदान किया। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कांकेर की शिल्पा साहू, साहित्य के क्षेत्र से सरगुजा के अमित यादव, नवाचार के लिए महासमुंद की मृणाल विदानी और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दुर्ग की परिधि शर्मा को सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है: मंत्री साव

उप मुख्यमंत्री और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद ने भारत की सांस्कृतिक शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया था। आज करोड़ों युवा उनसे प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन आए हैं, उससे पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सरकार ने इन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बड़ी पहल करते हुए आज राज्य में पहली बार व्यक्तिगत क्षमता में सुधार और समाज सेवा में किए गए, उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने राज्य की प्रतिभाओं को ष्युवा रत्न सम्मानष् से नवाजा है। राज्य के 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के प्रतिभाओं के उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मुलाकात की। जहां उन्होंने संगठनात्मक गति विधियों पर चर्चा कर नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने बस्तर की कलाकृति भेंट की। इसके पहले उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मुलाकात की। दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह एवं सरोज पांडेय से भी मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रय यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा इस मौके पर मौजूद रहे।

सीएम साय ने भी नितिन नबीन से की थी मुलाकात

सीएम साय ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। श्री साय ने इस अवसर पर श्री नबीन को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान दोनो नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन की जिम्मदारी सौंपने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

अधेड़ ने 9 साल की बच्ची से पांच दिनों तक किया दुष्कर्म

■ **बजरंग दल ने की फांसी की मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 55 साल के अधेड़ व्यक्ति ने 9 साल की बच्ची से लगातार 5 दिनों तक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बच्ची ने अपने बयान में बताया कि, आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी किसी को बताने पर मारने की धमकी देता था। इस घटना के सामने आने के बाद बजरंग दल के लोगों ने फांसी की मांग की है। यह पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी की शहर के एक मोहल्ले में एक दुकान है जहां वह चूड़ी बेचता है। वह दुकान में चॉकलेट, नड्डा मुर्रा भी बेचता था। आरोपी ने बच्ची को यही सब खाने का लालच दिया था। 7 जनवरी से 11 जनवरी के बीच उसने कई बार बच्ची से गंदा काम किया। इस घटना का खुलासा तब हुआ, जब नहाते समय बच्ची ने दर्द होने की शिकायत अपनी चाची से की और पूरी आप बीती बताई। जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करवाई। वहीं, बजरंग दल ने आरोपी को फांसी देने की मांग की है।

क्रेडिट कार्य लोन मामला: अब ईओडब्ल्यू करेगी घोटाले की जांच

किसान क्रेडिट कार्ड में 646 करोड़ की गड़बड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सहकारी बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन के नाम पर 646 करोड़ के बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। अब तक की जांच में अंबिकापुर 43 करोड़ और बरमकेला 9 करोड़ के घोटाले की पुष्टि हुई है। समितियों ने किसानों के नाम पर फर्जी लोन स्वीकृत कराए और बैंक अफसरों की मिलीभगत से लोन की राशि को बचत खातों में ट्रांसफर किया गया। हालही में अंबिकापुर के किसानों ने इसी मामले को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव भी किया था।

ऐसे पकड़ में आया मामला

वर्ष 2024 25 के अपेक्स बैंक ने 7 हजार 9 सौ 8 करोड़ ने 15 लाख 22 हजार किसानों को केसीसी ऋण दिया गया था। वहीं इस साल 2025 26 में अपेक्स बैंक ने 7 हजार 2 सौ 62 करोड़ को 15 लाख 56 किसानों को दिया गया था। यानी कि 34 लाख

किसानों की संख्या बढ़ी जबकि 646 करोड़ कम लोन किसानों ने लिया और यही से गड़बड़ी की जानकारियां आना शुरू हो गई। वही लगातार किसान भी शिकायत कर रहे थे।

कैसे हुआ घोटाला?

सहकारी बैंकों में केसीसी लोन, किसानों को खेती और उससे जुड़ी जरूरतों जैसे बीज, खाद, सिंचाई, फसल कटाई के बाद के खर्चे, पशुपालन, मछलीपालन और उपकरण खरीद के लिए सस्ती ब्याज दर पर आसानी से और समय पर कर्ज उपलब्ध कराने वाली सरकारी योजना है, जो क्रेडिट कार्ड के रूप में मिलती है, जिससे किसान अपनी जरूरत के अनुसार पैसे निकाल सकते हैं और समय पर चुकाने पर ब्याज में छूट मिलती है।

जो किसान लोन नहीं लेते थे या अनपढ़ थे, समिति के लोगों ने उन्हें ही निशाना बनाया। ऐसे किसानों की पहचान की गई जिनके मोबाइल नंबर बदल चुके थे ताकि उनसे संपर्क न हो सके। इसके बाद समिति ने किसानों की जानकारी और उनकी ऋण पुस्तिका का उपयोग करते हुए उनके नाम से फर्जी तरीके से लोन का आवेदन खुद ही तैयार कर बैंक में जमा किया। लोन स्वीकृत होने पर उसकी राशि पहले समिति के खाते में आई, फिर उसे औपचारिक रूप से किसान के केसीसी खाते में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद बैंक अधिकारियों से मिलीभगत कर राशि केसीसी खाते से किसान के बचत खाते में भेजी गई।

---

22 व 26 जनवरी को सबसे अधिक है वैवाहिक कार्यक्रम

मुहूर्त: दूल्हा और दुल्हन तैयार, बस है शहनाई बजने का इंतजार

■ **राजधानी समेत पूरे प्रदेश में व्यापारियों ने अच्छे कारोबार की जताई उम्मीद**

रायपुर/नवप्रदेश। इंतजार की घड़ी खत्म हुई। मकर संक्रांति के बाद विवाह समारोहों की शुरुआत होने जा रही है। लंबे अंतराल के बाद बाजारों में रौनक लौटने की पूरी उम्मीद है। जनवरी के तीसरे सप्ताह से लेकर फरवरी के अंत तक लगातार विवाह मुहूर्त रहने से व्यापारियों में खासा उत्साह है। अनुमान है कि राजधानी समेत पूरे प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 300 से 350 शादियां होंगी, जबकि 22 और 26 जनवरी को शहर में विवाह समारोहों की संख्या कहीं अधिक रहेगी। इसके अलावा वसंत पंचमी के दिन भी बड़ी संख्या में शादियां संपन्न होंगी। शादी-ब्याह के इस सीजन से सोना-चांदी, कपड़ा, आटोमोबाइल, मेवा, किराना, टेंट, कैटरिंग, होटल, गेस्ट हाउस, बैंड-बाजा और सजावट से जुड़े कारोबार को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

महिलाओं को पसंद है साड़ी व लहंगा

कपड़ा बाजार में भी तैयारी तेज है। पंडरी कपड़ा मार्केट में कपडा बाजारों में नई डिजाइन की साड़ियां, लहंगे, शेरवानी और सूट की भरमार है। खासतौर पर बनारसी, कांजीवरम, सिल्क और डिजाइनर साड़ियों की खेप मंगाई गई है। दुल्हनों के लिए रेड, पिंक और पेस्टल शेड्स के लहंगे सबसे अधिक मंगाए गए हैं। वहीं वर पक्ष के लिए शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न और डिजाइनर कुर्ता-पायजामा का स्टाक भी उपलब्ध है। दुकानदार प्रफ्फुल मित्तल, मो। अकरम शगुन का कहना है कि हमेशा ग्राहक क्वालिटी और डिजाइन पर ज्यादा ध्यान देते हैं।

तैयारी में है सोने-चांदी का बाजार: विवाह सीजन का सबसे अधिक असर सराफा बाजार पर देखने को मिल रहा है। सदर बाजार, पंडरी के सराफा बाजारों में ग्राहकों की भीड़ अब बढ़ने की उम्मीद है। इसे लेकर दुकानों में सोने-चांदी के नए-नए डिजाइन के आभूषण उपलब्ध कराए गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि हल्के वजन के गहनों के साथ ही पारंपरिक भारी आभूषणों की भी मांग रहेगी। डिजाइनर हार, चोकर सेट, कंगन, झुमके और पायल की नई-नई डिवाइन मंगवाई गई है। दुल्हनों के लिए खास कलेक्शन तैयार किए गए हैं।

पहले से फुल हैं गेस्ट हाउस: शहर के प्रमुख होटल, लाज और गेस्ट हाउस में शादी सीजन की बुकिंग पहले से ही लगभग पूरी हो चुकी है। होटल संचालकों के अनुसार जनवरी के अंत से फरवरी तक अधिकांश तिथियों में कमरे उपलब्ध नहीं हैं। होटल संचालकों का कहना है कि बाहर से आने वाले रिश्तेदारों और बरातियों के कारण कमरे की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बार मांग अधिक होने के चलते किराये में भी पांच से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि देखने को मिल रही है, इसके बावजूद लोग पहले से बुकिंग कराने में जुटे हैं।

दोपहिया व चार पहिया की धूम: विवाह सीजन का असर आटोमोबाइल सेक्टर पर भी साफ दिखाई देने लगा है। शहर के विभिन्न शोरूम में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। खासकर बाइक की मांग अधिक देखी जा रही है, क्योंकि इन्हें उपहार स्वरूप भी दिया जा रहा है। कार डीलरों के अनुसार शादी सीजन में छोटी और मिड-सेगमेंट कारों की विक्री बढ़ती है। कई कंपनियां विशेष आफर भी दे रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com